kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-14 ❒ अंक-313 ❒ गुरुवार, 18 दिसम्बर 2025 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12

अगर राजनीति में कोई सबसे ज़्यादा भ्रष्ट है, तो वह झूठा गांधी परिवार है। सोनिया, राहुल और रॉबर्ट वाड्रा 420 के मामले में ज़मानत पर आज भी आज़ाद घूम रहे हैं।



गौरव भाटिया

पंकज चौधरी ने दिल्ली में की अमित शाह से मुलाक़ात 11

पाबौ में फ्लोरीकल्चर को मिली नयी उड़ान 12

## संक्षेप

### अनिल भूषण चतुर्वेदी बने निदेशक साक्षरता एवं वैकल्पिक शिक्षा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शैक्षिक (सामान्य शिक्षा संवर्ग) सेवा समूह क के निदेशक व अपर निदेशक के पद पर प्रोन्नति पाने वाले पांच शिक्षाधिकारियों को तैनाती दे दी गई है। अनिल भूषण चतुर्वेदी को निदेशक साक्षरता एवं वैकल्पिक शिक्षा बनाया गया है। अभी तक उनके पास राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान का कार्यभार था। वहीं अपर निदेशक के पद पर प्रोन्नति पाने वाले कामता राम पाल को अपर शिक्षा निदेशक (बेसिक) शिक्षा निदेशालय प्रयागराज बनाया गया है। विष्णु श्याम द्विवेदी को प्राचार्य उच्च शिक्षा अध्ययन संस्थान प्रयागराज, अजय कुमार सिंह को सीटीई प्रयागराज का प्राचार्य और राम शरण सिंह को अपर निदेशक सीमैट प्रयागराज बनाया गया है। बेसिक शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव वेद प्रकाश राय की ओर से आदेश जारी कर दिए गए हैं।

### सुबह नौ बजे के बाद चलेंगी एक से 12वीं तक की कक्षाएं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मौसम में आए बदलाव से कडाके की सर्दी पड़ने लगी है। गलन भरी हवाएं चलने और कोहरे से जीवनचर्या प्रभावित हो रही है। जिलाधिकारी ने बुधवार को आदेश जारी किया है कि अब कक्षा एक से 12वीं तक की कक्षाएं सुबह नौ बजे के बाद संचालित की जायं। यह आदेश सभी प्रकार के बोर्डों से मान्यता स्कूलों के लिए अनिवार्य रूप से लागू है। लखनऊ के जिलाधिकारी विशाख जी ने मौसम को देखते हुए स्कूलों के समय में परिवर्तन करने के आदेश दिए हैं। जारी आदेश के अनुसार लखनऊ में 12 वीं कक्षा तक के सभी बोर्डों से संबद्ध स्कूलों का संचालन सुबह नौ बजे के बाद ही शुरु किया जाएगा। जिलाधिकारी के आदेश से सर्दी के इस मौसम में सुबह-सुबह स्कूल जाने बच्चों को काफी राहत मिलेगी। इस आदेश पर अमल कराने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया है। इसके अलावा भी प्रदेश के कई जिलों में स्कूलों के समय में परिवर्तन किया गया है।

### जेईई- नीट की मुफ्त कोचिंग को कल लिखित परीक्षा

**लखनऊ।** समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालयों के छात्राओं को जेईई-नीट की तैयारी के लिए मुफ्त कोचिंग की व्यवस्था की गई है। ऐसे छात्र जो मुफ्त कोचिंग की सुविधा का लाभ उठाना चाहते हैं उनके लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन 19 दिसंबर को किया जाएगा। यह परीक्षा दोपहर 12 बजे से दोपहर दो बजे तक आयोजित होगी। जेईई-नीट की मुफ्त कोचिंग के लिए 29 सर्वोदय विद्यालयों की छात्राएं शामिल होंगी। प्रवेश परीक्षा का आयोजन एक्स नवोदय फाउंडेशन, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस मिर्ज़ापुर की ओर से किया जाएगा। ऐसी बालिकाएं जो कक्षा 10 में अध्ययनरत हैं और आगामी सत्र में वह कक्षा 11 गणित वर्ग या फिर जीव विज्ञान वर्ग में प्रवेश लेंगी।

# यूपी में आत्मविश्वास का कारण कानून का राज : मुख्यमंत्री

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



- ❒ पीएसी के 78 वें स्थापना दिवस में शामिल हुए योगी
- ❒ पीएसी जवानों को मिलने वाली सुविधाएं लगातार बढ़ती रहेंगी
- ❒ साहस, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा व कठिन प्रशिक्षण ही जवानों की पहचानः योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि 78 वर्षों से पीएसी बल का इतिहास अनुशासन, शौर्य, त्याग व समर्पण का रहा है।

उन्होंने जवानों से अपील की कि साहस, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा, व्यावसायिक दक्षता व कठिन प्रशिक्षण ही आपकी पहचान बननी चाहिए। सरकार आश्वस्त करती है कि आपके सम्मान व सरकार के स्तर पर मिलने वाली सुविधा-संसाधन में निरंतर वृद्धि होती रहेगी। उत्तर प्रदेश के अंदर आत्मविश्वास का प्रमुख कारण कानून का राज है। कानून का राज सुरक्षा के बेहतर माहौल में ही सुशासन की गारंटी दे सकता है। सुशासन में ही निवेश सुरक्षित हो सकता है और सुरक्षित निवेश ही युवाओं की आकांक्षाओं की पूर्ति का माध्यम बन सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपीपीएसी के स्थापना दिवस समारोह-2025 का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने पीएसी द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन व अवलोकन किया। सीएम ने 78वर्ष के गौरवशाली इतिहास के लिए पीएसी बल को बधाई दी। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी में पीएसी बल आंतरिक सुरक्षा, कानून व्यवस्था, आपदा प्रबंधन, प्रदेश में महत्वपूर्ण त्योहारों, अतिविशिष्ट महानुभावों के आगमन, लोकतंत्र के महापर्व 'चुनाव' को शांतिपूर्ण ढंग से सुनिश्चित करने के साथ ही संवेदनशील परिस्थितियों में अग्रिम मोर्च पर कार्य करता है। पीएसी के अधिकारी व कार्मिक विभिन्न आयामों के माध्यम से न सिर्फ यूपी, बल्कि देश के अंदर यूपी पीएसी बल, एसएसएफ, यातायात पुलिस, प्रतिसार निरीक्षक ड्यूटी, प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षक, एटीएस व एसटीएफ कमांडो के रूप में सेवाएं प्रदान कर कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं। उन्होने पीएसी बल के अदम्य साहस की चर्चा करते हुये बताया कि 30वीं वाहिनी पीएसी के जवानों ने 13 दिसंबर 2001 को संसद पर हुए आतंकी हमले का जवाब दिया और पांचों आतंकवादियों को मुठभेड़ में मार गिराया था। जुलाई 2005 में श्रीराम जन्मभूमि परिसर अयोध्या में आतंकी हमले के दौरान सीआरपीएफ, पीएसी और यूपी पुलिस की संयुक्त टीम ने सभी आतंकियों को मार गिराया गया था। योगी ने कहा कि हमारी सरकार ने पीएसी की 46 कंपनियों को पुनर्जीवित करते हुए यूपी के अंदर बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखा और आंतरिक सुरक्षा के माध्यम से यूपी की बेहतर छवि को देश के सामने प्रस्तुत करने में सफलता हासिल की। संख्या, क्षमता, प्रशिक्षण, तकनीक के स्तर पर पीएसी की सशक्त बनाने का कार्य निरंतर जारी है। अत्याधुनिक हथियारों व दंगा नियंत्रण उपकरणों से सुसज्जित करते हुए पीएसी को एसएलआर, इंसास राइफल, मल्टीसेल लांचर, एंटी राइड गन, टियर गैस गन समेत अत्याधुनिक सुरक्षा उपकरण भी प्रदान किए गए। उन्होने कहा कि पीएसी कार्मिकों की व्यावसायिक दक्षता में सुधार के लिए पूर्व में प्रशिक्षित पाठ्यक्रम को अपडेट करते हुए एबीसी आदि ग्रेड सुनिश्चित कर उन्हें बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। हमारी सरकार ने पीएसी में 41,893 आरक्षियों व 698 प्लाटून कमांडर की भर्ती की। सीधी भर्ती के अंतर्गत प्लाटून कमांडर के पद पर 1648 तथा ● शेष पेज 11 पर

### कोहरे और ठंड को लेकर मुख्यमंत्री का सख्त निर्देश, फील्ड में अलर्ट रहें अफसर

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घने कोहरे और कड़ाके की ठंड को देखते हुए अधिकारियों को प्रदेशभर में अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने मंडलायुक्त, आईजी, जिलाधिकारी, पुलिस, ट्रैफिक और नगर निकायों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि जनजीवन, यातायात और निराश्रितों की सुरक्षा में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने साफ कहा कि सड़कों, गलियों, हाईवे से लेकर ● शेष पेज 11 पर

## 20 तक रहेगा घने कोहरे का प्रकोप, रेड अलर्ट जारी



कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने उत्तर प्रदेश में 17 से 20 दिसंबर के बीच घने से अत्यंत घने कोहरे तथा शीत दिवस की स्थिति को लेकर चेतावनी जारी की है।

विभाग ने कुछ जिलों के लिए रेड अलर्ट और अन्य के लिए ऑरेंज व येलो अलर्ट घोषित किया है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी भारत और आसपास के क्षेत्रों में बने प्रति-चक्रवात (एंटी-साइक्लोन) तथा ऊपरी वायुमंडल में सक्रिय पश्चिमी जेट स्ट्रीम के प्रभाव से उत्तर प्रदेश में कोहरे की तीव्रता बढ़ी है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक डॉ एके सिंह के मुताबिक निचले स्तर पर इन्वर्जन लेयर के कारण ठंडी हवा का फैलाव बना हुआ है, जिससे न्यूनतम तापमान में खास बदलाव नहीं हुआ, जबकि दिन के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। कई स्थानों पर दिन का अधिकतम तापमान सामान्य से 5-6 डिग्री सेल्सियस कम रहा, वहीं कुछ क्षेत्रों में 8-10 डिग्री तक की गिरावट देखी गई। इसी वजह से प्रदेश के कई जिलों में शीत दिवस की स्थिति बनी हुई है। आईएमडी के अनुसार अगले 2-3 दिनों तक यही परिस्थितियां बने रहने की संभावना है। पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के अनेक जिलों में दृश्यता बेहद कम दर्ज की गई। बीते 24 घंटों में कई स्थानों पर दृश्यता 50 मीटर से भी कम रही, जिससे सड़क, रेल और हवाई यातायात प्रभावित हुआ। मौसम विभाग ने कहा है कि देवरिया, गोरखपुर, संतकबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बाराबंकी, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर सहित कई जिलों में अत्यंत घना कोहरा और शीत दिवस की आशंका अधिक है। वहीं प्रयागराज, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्ज़ापुर, चंदौली, वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, फतेहपुर, कौशांबी, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकर नगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, ● शेष पेज 11 पर

## तत्कालीन अपर मुख्य अधिकारी और दो अवर अभियंता निलंबित

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

- ❒ जिला पंचायत में टेंडर घोटाला
- ❒ बहराइच के अपर मुख्य अधिकारी हटाए गए
- ❒ अफसरों को चेतावनी, संवेदनशीलता से काम करने के निर्देश

लखनऊ। आजमगढ़ में तैनात रहे अपर मुख्य अधिकारी विद्या शंकर पांडेय (वर्तमान में मैनपुरी में तैनात) और जिला पंचायत के दो अवर अभियंताओं को शासन ने निलंबित कर दिया है। निलंबित अवर अभियंताओं में गणेश पाल, जो वर्तमान में आजमगढ़ में तैनात हैं, और रविंद्र यादव, जो वर्तमान में हापुड़ जिला पंचायत में कार्यरत हैं, शामिल हैं। रविंद्र यादव पूर्व में आजमगढ़ में भी तैनात रह चुके हैं।

जांच में सामने आया कि आजमगढ़ में तैनाती के दौरान इन तीनों अधिकारियों ने टेंडर जारी करने की प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं की थीं। इसी मामले में सभी के खिलाफ कार्रवाई की गई है। वर्ष 2023-24 में जिला पंचायत आजमगढ़ द्वारा विभिन्न विकास कार्यों के लिए टेंडर जारी किए गए थे। इस संबंध में स्थानीय भाजपा नेता सूरज प्रकाश श्रीवास्तव ने जिलाधिकारी से शिकायत की थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि जिन परियोजनाओं के लिए टेंडर निकाले गए, उनका कार्य छह महीने पहले ही पूरा हो चुका था। शिकायत में यह भी कहा गया कि व्यक्तिगत लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से फर्जीवाड़ा कर टेंडर जारी किए गए। शिकायत का संज्ञान लेते हुए शासन स्तर पर मामले की जांच कराई गई। जांच में लगाए गए आरोप सही पाए गए, जिसके आधार पर तीनों अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया। निलंबित अधिकारियों को जिला पंचायत मुख्यालय, लखनऊ से संबद्ध कर दिया गया है। अब इनके खिलाफ दंडात्मक ● शेष पेज 11 पर

## यूपी में 82 प्रतिशत मतदाताओं को नहीं देना होगा दस्तावेज

लखनऊ। यूपी में मतदाता सूची का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य किया जा रहा है। अभी तक 82 प्रतिशत मतदाताओं की वर्ष 2003 की मतदाता सूची से मैपिंग की जा चुकी है। ऐसे में अब इनसे दस्तावेज नहीं मांगे जाएंगे। ऐसे मतदाता जिनकी मैपिंग नहीं हुई है उन्हें नोटिस जारी कर मतदाता बने रहने के लिए दस्तावेज देने होंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) नवदीप रिणवा के निर्देश पर अधिक से अधिक मतदाताओं की मैपिंग का कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत मतदाताओं की वर्ष 2003 में एसआईआर के बाद बनी सूची से मिलान किया जा रहा है। मैपिंग उनके खुद के नाम, माता-पिता, बाबा-दादी व नाना-नानी के नाम से की जा रही है। सभी बीएलओ को निर्देश दिए गए हैं कि वह अधिक से अधिक मतदाताओं की मैपिंग का कार्य करें। चुनाव आयोग की ओर से 90 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग किए जाने की कोशिश की जाएगी। फिलहाल 26 दिसंबर तक एसआईआर की समय-सीमा बढ़ाई गई है। ● शेष पेज 11 पर

## 'बंद कीजिए नौ टोल प्लाजा'

एजेंसी



- ❒ दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण संकट पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के गहराते संकट पर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सुनवाई की। दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के गंभीर स्तर को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने एनएचएआई और एमसीडी को दिल्ली की सीमाओं पर बने नौ टोल प्लाजा को अस्थायी रूप से बंद करने या स्थानांतरित करने पर विचार करने को कहा।

पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि केवल प्रोटोकॉल तैयार करने के बजाय मौजूदा उपायों को प्रभावी ढंग से लागू करने की जरूरत है, क्योंकि प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया जाता है। सीजेआई ने टिप्पणी करते हुए कहा, 'आइए इस खतरे के व्यावहारिक और कारगर समाधानों के बारे में सोचें। इस दौरान दिल्ली में स्कूलों को बंद किए जाने का मुद्दा उठा। वकील मेनका गुरुस्वामी ने दलील देते हुए कहा कि हर बार जब स्कूल बंद किए जाते हैं तो गरीब बच्चों को सबसे ज्यादा नुकसान होता है, क्योंकि वे मिड-डे मील जैसी सुविधाओं से वंचित हो जाते हैं. इस पर भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि हमें इस मामले को विशेषज्ञों पर छोड़ देना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि स्कूलों की छुट्टियां जारी रहेंगी। उन्होंने कहा कि हम दुआ करते हैं कि छुट्टियां खत्म होने से पहले प्रदूषण कम हो जाए। सुनवाई के दौरान एक वकील ने दलील देने की कोशिश की। जिस पर सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि हमारी समस्या है कि ऐसे मामलों में हमें विशेषज्ञों की सलाह कम मिलती है और उनकी जगह वकील ही विशेषज्ञ बन जाते ● शेष पेज 11 पर

### डिजिटल अरेस्ट पीड़ितों को मुआवजा मिले

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने डिजिटल अरेस्ट जैसे ऑनलाइन ठगी के मामलों में पीड़ितों को मुआवजा दिलाने के लिए केंद्र सरकार से ठोस कदम उठाने को कहा है। हरियाणा के बुजुर्ग दंपति की शिकायत पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने चिंता जताई कि साइबर अपराधी इस तरीके से देश से बेहद बड़ी रकम बाहर भेज रहे हैं। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि यह देखकर हैरानी होती है कि इन ठगों ने देश से कितना पैसा बाहर भेज दिया है। अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने बताया कि केंद्र सरकार एक इंटर-मिनिस्ट्रीयल (कई मंत्रालयों की संयुक्त) बैठक बुलाने जा रही है, जिसमें डिजिटल अरेस्ट से निपटने की रणनीति पर चर्चा होगी। इस मामले में कोर्ट की मदद के लिए नियुक्त सलाहकार वकील एन एस नप्पिनै ने सुझाव दिया कि पीड़ितों के लिए मुआवजा योजना बने। बिल्कुल वैसे ही जैसे ब्रिटेन में ऑथोराइज्ड पुश पेमेंट स्कैम के मामलों में बैंकिंग ● शेष पेज 11 पर

## सभी विक्रय केंद्रों पर यूरिया की उपलब्धता की सुनिश्चित करें

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

- ❒ मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न
- ❒ खाद आवंटन एवं वितरण में किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं की जाएगी बर्दाश्त

लखनऊ। प्रदेश के मुख्य सचिव एस. पी. गोयल ने बुधवार को गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कड़े निर्देश दिए कि सभी विक्रय केंद्रों पर न्यूनतम 25 मीट्रिक टन यूरिया की उपलब्धता अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने उर्वरक (यूरिया) की उपलब्धता, वितरण व्यवस्था तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) व मुख्यमंत्री मॉडल स्कूल की स्थिति, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की शताब्दी जयंती वर्ष के समापन समारोह की तैयारियों की समीक्षा की। समीक्षा में पाया गया कि राज्य के बफर स्टॉक में यूरिया की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध है। इसके बावजूद कुछ जनपदों से सहकारी समितियों के विक्रय केंद्रों पर खाद की अनुपलब्धता की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। उन्होंने कहा कि खाद आवंटन एवं वितरण में निचले स्तर पर किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और इसमें लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाए। मुख्य सचिव ने स्पष्ट निर्देश दिए कि यह अत्यंत संवेदनशील मुद्दा है तथा इसमें किसी स्तर पर ढिलाई नहीं बरती जाए। एक भी विक्रय केंद्र पर यूरिया का स्टॉक शून्य नहीं होना चाहिए। निर्धारित मूल्य पर ही खाद की बिक्री सुनिश्चित की जाए। ओवर रेटिंग की शिकायत मिलने पर निजी विक्रेताओं ● शेष पेज 11 पर

### मोदी ने सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किए जाने पर इथियोपिया का आभार व्यक्त किया

## भारत और इथियोपिया विकासशील देशों की आवाज करें बुलंद

एजेंसी



अदीस अबाबा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत और इथियोपिया को प्राचीन ज्ञान और आधुनिक आकांक्षाओं का संगम बताते हुए कहा है कि दोनों देशों को विकासशील देशों की आवाज को वैश्विक स्तर पर और बुलंद करने के लिए एकजुट होकर प्रयास करना होगा।

श्री मोदी ने इथियोपिया की दो दिन की यात्रा के अंतिम दिन बुधवार को यहां इथियोपियाई संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। इथियोपिया की पहली द्विपक्षीय यात्रा पर गये श्री मोदी ने संसद को संबोधित करने के अवसर को गौरवपूर्ण बताते हुए कहा , '' लोकतंत्र के इस मंदिर के माध्यम से वह इथियोपिया के आम नागरिकों , किसानों, उद्यमियों, गौरवशाली महिलाओं और उन युवाओं से संवाद कर रहे हैं जो देश का भविष्य गढ़ रहे हैं।''

प्रधानमंत्री ने उन्हें इथियोपिया का सर्वोच्च सम्मान 'ग्रेट ऑनर निशान ऑफ इथियोपिया' प्रदान किए जाने के लिए इथियोपिया की जनता और सरकार का आभार व्यक्त किया। दोनों देशों के बीच संबंधों के महत्व का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने इस बात पर गहरा संतोष व्यक्त किया कि इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के प्राचीन संबंधों को सामरिक साझेदारी का दर्जा दिया गया है।

भारत और इथियोपिया के बीच सभ्यतागत संबंधों का स्मरण करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देश प्राचीन ज्ञान और आधुनिक आकांक्षाओं का संगम हैं। इस संदर्भ में उन्होंने कहा कि भारत का राष्ट्रीय गीत ''वंदे मातरम्'' और इथियोपिया का राष्ट्रगान, दोनों ही अपनी भूमि को मां के रूप में संबोधित करते हैं। दोनों देशों के साझा संघर्ष की ओर संकेत करते हुए प्रधानमंत्री ने 1941 में इथियोपिया की मुक्ति के लिए इथियोपियाई नागरिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर लड़ने वाले भारतीय सैनिकों के योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि इथियोपियाई जनता के बलिदानों का प्रतीक अदवा विजय स्मारक को श्रद्धांजलि अर्पित करना उनके लिए सम्मान की बात है।

प्रधानमंत्री ने भारत-इथियोपिया साझेदारी को और सशक्त तथा व्यापक बनाने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने इथियोपिया की वृद्धि और समृद्धि में भारतीय शिक्षकों और भारतीय व्यवसायों के योगदान का स्मरण किया। उन्होंने डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, खाद्य प्रसंस्करण और नवाचार सहित भारत के विकास अनुभव साझा किए और इथियोपिया की प्राथमिकताओं के अनुरूप विकास सहयोग जारी रखने की भारत की तत्परता व्यक्त की। ''वसुधैव कुटुम्बकम'' (विश्व एक परिवार है) के सिद्धांत में निहित मानवता की सेवा के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि कोविड महामारी के दौरान इथियोपिया को टीकों की आपूर्ति करना भारत के लिए गौरव की बात थी। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि 'वैश्विक दक्षिण' के देशों के रूप में भारत और इथियोपिया को विकासशील देशों की आवाज को और मजबूत करने के लिए एकजुट होकर खड़ा होना चाहिए। उन्होंने वैश्विक आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष को सुदृढ़ करने में इथियोपिया की एकजुटता के लिए आभार व्यक्त किया। अफ्रीकी संघ के मुख्यालय के रूप में अदीस अबाबा की महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह अफ्रीकी एकता के सपनों को साकार करेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को अपनी जी 20 अध्यक्षता के दौरान अफ्रीकी संघ को स्थायी सदस्य के रूप में स्वागत ● शेष पेज 11 पर

# 360 स्वयंसेवकों को अग्निशमन एवं सुरक्षा उपायों का प्रशिक्षण

**सिविल डिफेंस प्रयागराज के सात दिवसीय प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस आयोजित हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, प्रयागराज में सिविल डिफेंस प्रयागराज द्वारा आयोजित सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वितीय दिवस पर 360 नागरिक सुरक्षा सदस्यों व स्वयंसेवकों को क्षमता निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया।

यह प्रशिक्षण महानिदेशालय नागरिक सुरक्षा, केंद्रीय गृह मंत्रालय भारत सरकार तथा नागरिक सुरक्षा निदेशालय के निर्देशानुसार संचालित किया जा रहा है।द्वितीय दिवस के प्रशिक्षण में मुख्य रूप से अग्निशमन उपायों, आग बुझाने के रासायनिक उपकरणों एवं उनके प्रयोग, आवासीय व व्यावसायिक भवनों में अग्नि सुरक्षा उपायों, तथा नेशनल बिल्डिंग कोड के प्रावधानों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विजय दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के गायन से हुआ, इसके पश्चात स्वयंसेवकों ने ल्लइतनी शक्ति हमें देना दाता सेङ्क प्रार्थना कर आत्मिक मनोबल को सुदृढ़ किया।मुख्य अग्निशमन अधिकारी चंद्रपाल शर्मा एवं फायर स्टेशन ऑफिसर राजेश कुमार द्वारा दीप प्रज्वलन कर प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। सेवानिवृत्त उप नियंत्रक एवं अतिथि वक्ता आर.के. शुक्ला ने लैडर, रस्सी एवं गांठों के संबंध में सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया, जिसमें सहायक उप नियंत्रक राकेश कुमार तिवारी का सहयोग रहा। अतिथि वक्ताओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा नीरज मिश्रा, अनिल कुमार (चीफ वार्डन), संजीव कुमार बाजपेई (डिप्टी चीफ वार्डन), रौनक गुप्ता (डिविजनल वार्डन), राजेंद्र तिवारी (डिप्टी डिविजनल वार्डन) सहित विभिन्न प्रखंडों के 360 स्वयंसेवकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पेंशनर दिवस आयोजित

**पेंशन मामलों के संवेदनशील व समयबद्ध निस्तारण के निर्देश**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर में पेंशनर दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का समन्वयन मुख्य कोषाधिकारी प्रत्यूष कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर संयुक्त/अपर निदेशक कोषागार एवं पेंशन प्रयागराज श्रीमती आस्था तिवारी, वरिष्ठ कोषाधिकारी सिविल लाइंस इन्दिरा भवन श्री राजेन्द्र सिंह, कोषाधिकारी श्री नितेश मिश्र, दिव्या श्रीवास्तव, नीतू सिंह यादव (वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा),अपरमुख्य चिकित्साधिकारी/ आविअ सहित जनपद के विभिन्न कार्यालयाध्यक्ष अथवा उनके प्रतिनिधि, पेंशनर्स संगठन के पदाधिकारी, पेंशनर्स एवं कोषागार कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य कोषाधिकारी ने कार्यालयाध्यक्षों के स्तर पर लंबित पेंशन पुनरीक्षण, चिकित्सा प्रतिपूर्ति एवं पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा उठाई गई समस्याओं के चरणबद्ध निस्तारण की जानकारी दी। पेंशनर्स एसोसिएशन के सदस्यों ने चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावों के शीघ्र निस्तारण, कैशलेस चिकित्सा सुविधा के प्रभावी क्रियान्वयन तथा मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय परिसर में कैशलेस सुविधा उपलब्ध कराने वाले चिकित्सालयों की सूची का बैनर लगाए जाने का सुझाव दिया।जिलाधिकारी ने समस्त कार्यालयाध्यक्षों को निर्देशित किया कि पेंशन प्रकरणों के निस्तारण में संवेदनशीलता बरती जाए तथा पेंशनरों की अन्य मांगों का विधि सम्मत और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही पेंशनर दिवस में प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं का प्रत्येक माह अनुश्रवण किए जाने के निर्देश दिए।उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पेंशनर दिवस में अनुपस्थित रहे कार्यालयाध्यक्षों/विभागाध्यक्षों अथवा उनके प्रतिनिधियों से स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाए और संतोषजनक उत्तर न मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

## गंदगी व प्रतिबंधित प्लास्टिक के खिलाफ नगर निगम का संयुक्त अभियान

लखनऊ। नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर नगर निगम लखनऊ द्वारा शहर को स्वच्छ, सुंदर और प्लास्टिक मुक्त बनाने के उद्देश्य से बुधवार को विभिन्न जोनों में गंदगी एवं प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध सघन अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई नगर आयुक्त के निर्देशानुसार संबंधित जोनल अधिकारियों के नेतृत्व में संपन्न हुई। जोन-8 में जोनल सेनेटरी अधिकारी जितेंद्र गांधी के निर्देशन में गंदगी व प्लास्टिक के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान रूचिखंड, सेक्टर-एल, किला और रजनीखंड मार्ग प्रमुख क्षेत्रों में 296 प्रवर्तन दल, समस्त मुख्य/सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों की उपस्थिति में कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान कुल 64 दुकानों, ठेलों व प्रतिष्ठानों की जांच की गई। नियमों के उल्लंघन पर गंदगी फैलाने एवं पॉलीथीन के प्रयोग के मामलों में कुल 5 चालान किए गए, जिनसे गंदगी में 3000 तथा प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग, बिक्री व भंडारण पर 2500 का जुर्माना वसूला गया। इसके साथ ही लगभग 250 ग्राम प्रतिबंधित पॉलीथीन जब्त की।

## माघ मेला 2025-26: सेक्टर-3 में अस्थायी दुकानों का आवंटन 26 दिसंबर से, पहले आओ पहले पाओ के आधार पर होगी शुरूआत

प्रयागराज। माघ मेला 2025-26 के दौरान मेला क्षेत्र के सेक्टर-3 (परेड क्षेत्र) में त्रिवेणी रोड जगदीश रैम्प क्रॉसिंग पर अस्थायी दुकानों का आवंटन किया जाएगा। यह आवंटन ल्लपहले आओ, पहले पाओङ्क के आधार पर किया जाना है। प्रयागराज मेला प्राधिकरण द्वारा जारी सूचना के अनुसार दुकानों का आवंटन 26 दिसंबर 2025 को पूर्वाह्न 11 बजे से मेला प्राधिकरण कार्यालय में किया जाएगा। अस्थायी दुकानों के आवंटन से संबंधित प्रक्रिया, नियम एवं शर्तों की जानकारी 18 दिसंबर 2025 को अपराह्न 4 बजे से प्रयागराज मेला प्राधिकरण कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध रहेगी। मेला प्राधिकरण ने इच्छुक दुकानदारों से निर्धारित तिथि एवं समय पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने की अपील की है। अपर मेलाधिकारी दयानन्द प्रसाद ने बताया कि माघ मेला के सुचारु संचालन एवं श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दुकानों का आवंटन पारदर्शी तरीके से किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक लोगों को रोजगार का अवसर मिल सके।

## प्रयागराज में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, दो बदमाश जिला बदर

प्रयागराज। अपराध और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से प्रयागराज पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। जनपद के दो शातिर बदमाशों सत्य प्रकाश और राज को जिला बदर किया गया है। दोनों को छह माह के लिए जनपद की सीमा से बाहर रहने का आदेश दिया गया है।यह कार्रवाई कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए की गई है। आदेश के अनुसार तय अवधि के दौरान दोनों बदमाश प्रयागराज जनपद में प्रवेश नहीं कर सकेंगे।एसीपी डॉ. अजय पाल शर्मा द्वारा जिला बदरी का आदेश जारी किया गया है। पुलिस प्रशासन के अनुसार अब तक जनपद में 20 बदमाशों को जिला बदर किया जा चुका है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि आदेश का उल्लंघन करने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।


## माघ मेला 2026 की तैयारी में विवाद, पांटून पुल नंबर-2 का निर्माण कार्य ठप

प्रयागराज। आगामी माघ मेला 2026 की तैयारियों के बीच मेला क्षेत्र में एक विवाद सामने आया है। सेक्टर-दो स्थित त्रिवेणी रोड पर पांटून पुल नंबर-2 के निर्माण कार्य के दौरान हुए विवाद के चलते काम पूरी तरह रुक गया। आरोप है कि माघ मेला प्राधिकरण के एक कर्मचारी ने जेसीबी ऑपरेटर के साथ मारपीट की, जिससे नाराज होकर ऑपरेटर ने कार्य बंद कर दिया। बताया जा रहा है कि निर्माण कार्य के दौरान किसी बात को लेकर कहासुनी हुई, जो देखते-देखते गाली-गलौज और हाथापाई में बदल गई। जेसीबी ऑपरेटर का आरोप है कि प्राधिकरण के कर्मचारी ने उसके साथ अभद्र व्यवहार करते हुए मारपीट की। इस घटना से आक्रोशित ऑपरेटर ने विरोध स्वरूप पांटून पुल नंबर-2 के सामने सड़क पर गड्ढा कर दिया और अपनी जेसीबी मशीन व ट्रैक्टर मौके पर ही खड़े कर दिए। घटना के चलते पांटून पुल से जुड़ा निर्माण कार्य पूरी तरह ठप हो गया है, जिससे माघ मेला की तैयारियों पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। सूचना मिलने पर मेला प्राधिकरण के अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभालने का प्रयास किया। जेसीबी ऑपरेटर ने संबंधित अधिकारियों से शिकायत कर दोषी कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल माघ मेला प्राधिकरण की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। प्रशासनिक स्तर पर मामले की जांच की तैयारी की जा रही है। उल्लेखनीय है कि माघ मेला 2026 को लेकर प्रशासन पहले से ही सतर्क है, ऐसे में इस तरह की घटनाएं व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर रही हैं।

## मऊआइमा क्षेत्र में हिस्ट्रीशीटर की गोली लगने से मौत

प्रयागराज। थाना मऊआइमा क्षेत्र अंतर्गत कंचनपुर मोड़ स्थित सोरांव हाईवे के पास एक हिस्ट्रीशीटर को गोली लगने के बाद उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। इस घटना के संबंध में बुधवार को पुलिस उपायुक्त गंगानगर ने जानकारी देते हुए बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।पुलिस उपायुक्त ने कहा कि प्रारंभिक जांच में आपसी रंजिश की बात सामने आ रही है। घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें गठित कर दी गई हैं।उन्होंने बताया कि मृतक का आपराधिक इतिहास रहा है और उसके खिलाफ कई मुकदमे दर्ज हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## लखनऊ में अतिक्रमण के विरुद्ध नगर निगम का सघन अभियान



लखनऊ । नगर निगम लखनऊ ने शहर में लगातार बढ़ते अतिक्रमण, यातायात अवरोध और गंदगी की समस्या को गंभीरता से लेते हुए बुधवार को एक व्यापक और बहुस्तरीय अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया। यह अभियान नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार के निर्देश पर शहर के विभिन्न जोनों में एक साथ संचालित किया गया। अभियान का उद्देश्य प्रमुख सड़कों, सार्वजनिक स्थलों, नालियों और फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त कर आम नागरिकों को सुगम, सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना है।जोन-3 में जोनल अधिकारी श्री आकाश कुमार के निर्देश में प्रवर्तन दल 296 के साथ हनुमान सेतु से डालीगंज पुल तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान सड़क किनारे लगे लगभग 17 फल व सब्जी के ठेले और 11 कबाब/खानपान की दुकानों को हटाया गया। साथ ही एक लोहे का काउंटर, दो लकड़ी की बेंच, एक छाता और एक टूटा ठेला जब्त किया गया। कार्रवाई के दौरान यातायात को बाधित कर रहे अस्थायी ढांचों को तत्काल हटवाया गया।इसी क्रम में जोन-05 क्षेत्र के अंतर्गत आलमबाग चौराहे से कृष्णानगर मेट्रो स्टेशन होते हुए चुंगी से एयरपोर्ट तक दायीं पटरी पर किए गए अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाया गया। जोनल अधिकारी श्री विनीत कुमार सिंह के नेतृत्व में 15 ठेले, 3 गुमटी और 4 काउंटर हटाए गए। साथ ही 12 बोर्ड, 2 लोहे की मेज, एक लोहे का स्टूल और एक प्लास्टिक स्टूल जब्त किया गया। इसके अतिरिक्त गंदगी और पॉलीथीन के उपयोग के विरुद्ध 2000 रुपये का शमन शुल्क भी वसूला गया तथा अतिक्रमणकारियों को भविष्य में पुनः अतिक्रमण न करने की सख्त चेतावनी दी गई।जोन-7 में जोनल अधिकारी श्री रामेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में नालियों, नालों और सड़कों की दोनों पटरियों पर किए गए अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

# प्रयागराज में अफसर अहमद की हत्या, दो साल पुराने नसीम हत्याकांड से जोड़कर जांच शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। प्रयागराज में बदमाश अफसर अहमद की हत्या को लेकर पुलिस दो साल पुराने नसीम हत्याकांड से तार जोड़कर जांच कर रही है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार अफसर अहमद के खिलाफ जनपद में 18 मुकदमे दर्ज हैं और वह वर्ष 2024 में हुए नसीम हत्याकांड का मुख्य आरोपी रहा है।

जानकारी के मुताबिक 9 जनवरी 2024 को मारखा मऊ निवासी नसीम अहमद और अफसर अहमद के बीच गैंगवार हुई थी। इस दौरान दोनों पक्षों में मारपीट और फायरिंग हुई, जिसमें नसीम अहमद की मौत हो गई थी। पुलिस के अनुसार जमीन व वर्चस्व को लेकर दोनों के बीच लंबे समय से रंजिश चल रही थी। नसीम की हत्या के बाद उसके गिरोह के लोगों ने अफसर अहमद से बदला लेने की कसम खाई थी।नसीम हत्याकांड में अफसर अहमद को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था। हाल ही में वह जमानत पर बाहर आया था। पुलिस का मानना है कि उसी पुरानी रंजिश के चलते अफसर अहमद की हत्या की गई है। इस मामले में पुलिस ने 19 जनवरी 2024 को मुकदमा संख्या 13/24 दर्ज किया था और तब से अफसर जेल में बंद था।पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार अफसर अहमद का आपराधिक इतिहास भी पुराना रहा है। वर्ष 2007 में प्रयागराज के लवकुश की हत्या के मामले में भी अफसर अहमद और उसके साथियों के नाम सामने आए थे, जिसमें वह जेल जा चुका है।घटना के संबंध में एसीपी फूलपुर विवेक यादव ने बताया कि अफसर अहमद को गोली मारे जाने की सूचना मिली है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच आगे बढ़ा रही है।

# किसान सम्मान दिवस,किसान मेला का आयोजन 23 दिसम्बर को

**पूर्व प्रधानमंत्री स्व चौधरी चरण सिंह के जन्मदिवस को किसान सम्मान दिवस के रूप में मनाया जाएगा**

**उत्कृष्ट उत्पादन प्राप्त करने वाले कृषकों को किया जाएगा सम्मानितडिजिटल क्रॉप सर्वे में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सर्वेक्षकों को किया जाएगा पुरस्कृत**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन एवं टेक्नोलॉजी योजना अंतर्गत स्व चौधरी चरण सिंह, भूतपूर्व प्रधानमंत्री भारत सरकार के जन्म दिवस 23 दिसम्बर को''किसान सम्मान दिवस/जैविक/तिलहन किसान मेला'' का आयोजन कृषि भवन परिसर, बस्तेपुर रोड़, गोरा बाजार, रायबरेली में 23 दिसम्बर 2025 को पूर्वान्ह 11 बजे से जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में किया जा रहा है, जिसमें जनपद में कृषि विभाग तथा सहयोगी विभागों के उत्कृष्ट उत्पादन प्राप्त करने वाले कृषकों को सम्मानित किया जाएगा तथा कृषकों को रबी कृषि संबंधी समसामयिक एवं नवीनतम तकनीकी जानकारी विषय विशेषज्ञों द्वारा दी जाएगी। इस कार्यक्रम में संबंधित विभागों के विभागीय कार्यक्रमों एवं उत्पादों के प्रदर्शन हेतु स्टॉल भी लगाए जाएंगे जिलाधिकारी ने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपने-अपने विकास खण्ड में उक्त कार्यक्रम को समुचित निष्ठा एवं गरिमा के साथ आयोजन कराना सुनिश्चित कराए। उक्त कार्यक्रम में जनपद में खरीफ 2025 में डिजिटल क्रॉप सर्वे में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सर्वेक्षको को भी पुरस्कृत किया जाएगा।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पेंशनर दिवस आयोजित,पेंशन मामलों के संवेदनशील व समयबद्ध निस्तारण के निर्देश

**बैठक में मुख्य कोषाधिकारी ने कार्यालयाध्यक्षों के स्तर पर लंबित पेंशन पुनरीक्षण, चिकित्सा प्रतिपूर्ति एवं पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा उठाई गई समस्याओं के चरणबद्ध निस्तारण की जानकारी दी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर में पेंशनर दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का समन्वयन मुख्य कोषाधिकारी श्री प्रत्यूष कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर संयुक्त/अपर निदेशक कोषागार एवं पेंशन प्रयागराज आस्था तिवारी, वरिष्ठ कोषाधिकारी सिविल लाइंस इन्दिरा भवन श्री राजेन्द्र सिंह, कोषाधिकारी नितेश मिश्र, श्रीमती दिव्या श्रीवास्तव, नीतू सिंह यादव (वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा), अपर मुख्य चिकित्साधिकारी/ आ0वि0अ0 सहित जनपद के विभिन्न कार्यालयाध्यक्ष अथवा उनके प्रतिनिधि, पेंशनर्स संगठन के पदाधिकारी, पेंशनर्स एवं कोषागार कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य कोषाधिकारी ने कार्यालयाध्यक्षों के स्तर पर लंबित पेंशन पुनरीक्षण, चिकित्सा प्रतिपूर्ति एवं पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा उठाई गई समस्याओं के चरणबद्ध निस्तारण की जानकारी दी। पेंशनर्स एसोसिएशन के सदस्यों ने चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावों के शीघ्र निस्तारण, कैशलेस चिकित्सा सुविधा के प्रभावी क्रियान्वयन तथा मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय परिसर में कैशलेस सुविधा उपलब्ध कराने वाले चिकित्सालयों की सूची का बैनर लगाए जाने का सुझाव दिया जिलाधिकारी ने समस्त कार्यालयाध्यक्षों को निर्देशित किया कि पेंशन प्रकरणों के निस्तारण में संवेदनशीलता बरती जाए तथा पेंशनरों की अन्य मांगों का विधि सम्मत और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही पेंशनर दिवस में प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं का प्रत्येक माह अनुश्रवण किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पेंशनर दिवस में अनुपस्थित रहे कार्यालयाध्यक्षों/ विभागाध्यक्षों अथवा उनके प्रतिनिधियों से स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाए और संतोषजनक उत्तर न मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

# पूर्व प्रधानमंत्री स्व चौधरी चरण सिंह के जन्मदिवस पर किसान दिसव का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों की समस्याओं को सुना गया।

बैठक में कृषि वैज्ञानिक केंद्र से आए डॉ. एनपी गुप्ता ने किसानों को तकनीकी खेती करने के लिए विस्तार से जानकारी दी और एआरको-ऑपरेटिव ने जनपद में यूरिया की उपलब्धता के संबंध में किसानों को अवगत कराया। कहा कि जनपद में पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध है, किसानों को कोई समस्या नहीं होगी। बैठक में किसानों ने कहा कि मकसूदापुर चीनी मिल द्वारा गन्ने का भुगतान समय से नहीं हो रहा है। जिस पर डीएम ने निर्देश दिए कि 31 दिसंबर तक शत-प्रतिशत किसानों का गन्ने का भुगतान नहीं हुआ, तो चीनी मिल का संचालन रोक दिया जाएगा। उन्होंने जिला गन्ना अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी चीनी मिलों में किसानों के लिए अलाव एवं रैन-बसेरा की व्यवस्था पर्याप्त रहे। जिला गन्ना अधिकारी ने किसानों से अपेक्षा की कि चीनी मिल के गेट पर लगाए जा रहे निःशुल्क रिफ्लेक्टर अपने वाहनों पर अवश्य लगाएं। जबकि डीएम ने कहा कि गन्ना भरी ट्राली के पीछे लाल कपड़ा अवश्य बांधा जाए तथा उसके साथ रिलेक्टर भी लगाया जाए। डीएम ने किसानों की समस्याओं को सुना तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो भी किसान दिवस में किसानों की समस्याएं प्राप्त हुई है, उनका निस्तारण समयबद्ध तरीके से कराया जाए। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी ऋषिपाल सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेंद्र प्रताप सिंह, जिला कृषि अधिकारी विकास किशोर सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# सुगम व सुरक्षित यातायात को लेकर पुलिस आयुक्त का प्रमुख चौराहों पर स्थलीय निरीक्षण

**निरीक्षण के दौरान यातायात की वास्तविक स्थिति, ट्रैफिक फ्लो, पार्किंग व्यवस्था, डायवर्जन तथा आमजन को होने वाली असुविधाओं का गहन अवलोकन किया गया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा शहर में सुगम, सुरक्षित एवं निर्बाध यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रमुख चौराहों एवं मार्गों का भ्रमण कर विस्तृत स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान यातायात की वास्तविक स्थिति, ट्रैफिक फ्लो, पार्किंग व्यवस्था, डायवर्जन तथा आमजन को होने वाली असुविधाओं का गहन अवलोकन किया गया।

कज्जाकपुरा क्रॉसिंग पर अनधिकृत कट, गलत दिशा में चलने वाले वाहनों एवं यातायात अवरोध उत्पन्न करने वाले बिंदुओं पर विशेष सतर्कता बरतने तथा नियमों का सख्ती से अनुपालन कराने के निर्देश दिए गए। चौकाघाट क्षेत्र में ऑटो एवं ई-रिक्शा की पार्किंग व्यवस्था का निरीक्षण कर अनधिकृत पार्किंग पर तत्काल कार्रवाई एवं नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।पाण्डेयपुर चौराहे पर यातायात के बढ़ते दबाव को देखते हुए बैरिकेडिंग, लेन मैनेजमेंट एवं पुलिस बल की प्रभावी तैनाती सुनिश्चित करने तथा पीक आवर्स के दौरान जाम की स्थिति बनने पर त्वरित वैकल्पिक व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए गए। पुलिस आयुक्त ने स्पष्ट किया कि यातायात व्यवस्था में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी।उन्होंने यातायात एवं स्थानीय पुलिस को आपसी समन्वय के साथ निरंतर मॉनिटरिंग कर त्वरित सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए तथा आमजन से यातायात नियमों का पालन कर पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस उपायुक्त यातायात श्री अंशुमान मिश्रा, सहायक पुलिस आयुक्त यातायात श्री सोमवीर सिंह सिरोही सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।


उत्तर रेलवे

ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक/पी0एस0, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य/उ0रे0 |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | PARKING-LKO-BOY-MX-167-25-1 (Mixed Parking) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 15.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31.12.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 31.12.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | PARKING-LKO-KHNM-MX-144-24-1 (Mixed Parking) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 15.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31.12.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 31.12.2025 समय 10:40 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | PARKING-LKO-CIL-MX-148-25-1 (Mixed Parking) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 15.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31.12.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 31.12.2025 समय 10:50 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | PARKING-LKO-BOY-MX-168-25-1 (Mixed Parking) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 15.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31.12.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 31.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | PARKING-LKO-MEM-MX-142-24-1 (Mixed Parking) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 15.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31.12.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 31.12.2025 समय 11:10 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | PARKING-LKO-PYGS-MX-169-25-2 (Mixed Parking) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 15.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31.12.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 31.12.2025 समय 11:20 बजे |
| Auction Type | Closed Ended |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

3881/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# ट्रांसमिशन सिस्टम के आधुनिकीकरण पर यूपीपीटीसीएल की कार्यशाला, ऊर्ज़ा मंत्री ए.के. शर्मा ने रखे भविष्य के रोडमैप

**कार्यशाला का उद्देश्य प्रदेश के विशाल एवं जटिल ट्रांसमिशन नेटवर्क को और अधिक बेहतर, कुशल तथा परिणामोन्मुख बनाना रहा**



कैनविज टाइम्स संवाददात

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में ट्रांसमिशन सिस्टम के आधुनिकीकरण से संबंधित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में नगर विकास एवं ऊर्ज़ा मंत्री श्री ए. के. शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया।

कार्यशाला का उद्देश्य प्रदेश के विशाल एवं जटिल ट्रांसमिशन नेटवर्क को और अधिक बेहतर, कुशल तथा परिणामोन्मुख बनाना रहा।अपने संबोधन में ऊर्ज़ा मंत्री श्री ए. के. शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लिमिटेड आज देश की सबसे प्रमुख और भरोसेमंद ट्रांसमिशन यूटिलिटीज में से एक है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश लगातार कई वर्षों से देश का सर्वाधिक पीक लोड वाला राज्य रहा है और हाल ही में 31,486 मेगावाट की अधिकतम विद्युत मांग को सफलतापूर्वक संभालना प्रदेश के मजबूत ट्रांसमिशन नेटवर्क, बेहतर योजना और तकनीकी दक्षता का प्रमाण है।मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि कभी बीमारू राज्य कहलाने वाला उत्तर प्रदेश आज मा. प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन एवं मा. मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रत्येक क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है। विद्युत क्षेत्र में उत्पादन, ट्रांसमिशन और वितरण–तीनों स्तरों पर ऐतिहासिक बदलाव हुए हैं। पिछले कुछ वर्षों में लगभग डेढ़ लाख ऐसे गांवों और बसावटों तक विद्युत पहुंचाई गई है, जहां पहले बिजली की सुविधा उपलब्ध नहीं थी।

उन्होंने आगे कहा कि ग्रीन एनर्जी और सोलर पावर के क्षेत्र में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। सोलर एनर्जी की क्षमता लगभग 130 गीगावाट तक पहुंच चुकी है, जिसमें उत्तर प्रदेश की महत्वपूर्ण भागीदारी है।

ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर के विकास में उत्तर प्रदेश देश में दूसरे स्थान पर है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा भारत को वर्ष 2070 तक नेट ज़ीरो के लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए जो रोडमैप तैयार किया गया है, उसमें ट्रांसमिशन सिस्टम की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।ऊर्ज़ा मंत्री ने उपलब्धियों के साथ-साथ चुनौतियों पर भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि उल्लेखनीय प्रगति के बावजूद अभी भी सुधार की पर्याप्त गुंजाइश है। विद्युत दुर्घटनाओं को पूरी तरह रोकने के लिए तकनीकी समाधान, आधुनिक उपकरणों का उपयोग तथा सुरक्षित कार्यप्रणाली पर इस कार्यशाला में गंभीर मंथन किया जाना चाहिए। साथ ही साइबर डेटा से जुड़ी चुनौतियों, साइबर सुरक्षा और ट्रांसमिशन सिस्टम को भविष्य के लिए और अधिक सुरक्षित व मजबूत बनाने पर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।कार्यक्रम में ऊर्ज़ा राज्य मंत्री श्री सोमेंद्र तोमर, अपर मुख्य सचिव ऊर्ज़ा श्री नरेंद्र भूषण तथा चेयरमैन श्री आशीष गोयल ने भी अपने संबोधन में विद्युत ट्रांसमिशन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, आधुनिक तथा विश्वसनीय बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं अधिकारियों और तकनीकी विशेषज्ञों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।इस अवसर पर एमडी मयूर माहेश्वरी और पंकज कुमार, विद्युत विभाग के सभी वरिष्ठ अधिकारियों के साथ प्रदेश भर से आए अधीक्षण अभियंता,अधिशाषी अभियंता आदि शामिल रहे। इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण प्रदेश के सभी विद्युत सब स्टेशन पर देखा गया।

# प्रोजेक्ट अलंकार से 212 स्कूल चमकाने को दिए 46 करोड़

कैनविज टाइम्स संवाददात

लखनऊ। राजकीय माध्यमिक स्कूलों के जर्जर भवनों की मरम्मत व जीर्णोद्धार कर उन्हें चमकाने के लिए प्रोजेक्ट अलंकार चलाया जा रहा है। 37 जिलों के 212 राजकीय माध्यमिक स्कूलों को चमकाया जा रहा है। पहली किश्त खत्म होने के बाद अब इन विद्यालयों की ओर से दूसरी किश्त की मांग की गई है। विद्यालयों को 46 करोड़ रुपये की धनराशि जारी कर दी गई है। यूपी में वर्ष 2023-24 में 1656 राजकीय माध्यमिक स्कूलों को धनराशि जारी की गई थी। अब इसमें से दूसरी किश्त की मांग 37 जिलों के 212 राजकीय माध्यमिक स्कूलों को धनराशि मिलने के बाद अब विद्यालयों में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। इस वर्ष प्रोजेक्ट अलंकार के तहत कुल 479 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। ऐसे में अब इस बजट में से इन विद्यालयों को यह धनराशि जारी की जाएगी। विशेष सचिव, माध्यमिक शिक्षा कृष्ण कुमार गुप्ता की ओर से इस संबंध में आदेश जारी कर दिए गए हैं।

## श्री चंडी महायज्ञ के अंतिम दिन दांपत्य सूत्र में बंधे पांच जोड़े

इटौंजा। इटौंजा के सोनिकपुर गांव में चल रहे श्री चंडी महायज्ञ व विराट संत सम्मेलन में अंतिम दिवस बुधवार को पांच जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। उपस्थित साधु संतों ने वर-वधु को आशीर्वाद प्रदान किया। आयोजक संजय सिंह व अंजली सिंह ने बताया कि नौ दिसम्बर से यहां चंडी महायज्ञ व संत सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा था। विराम दिवस पर पांच कन्याओं का विवाह विधि विधान से कराया गया। इस अवसर पर सभी जोड़ों को 1008 स्वामी कृष्णानंद जी महाराज ने आशीर्वाद दिया। इसके बाद विशाल भंडारे में सैकड़ो भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर अर्जुन सिंह, बलबीर सिंह, कपिल सिंह, रुद्र प्रताप सिंह, अमित सिंह, विक्की समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# सभी को ध्यान रखना होगा, एसआईआर की समय–सीमा 26 दिसंबर तक बढ़ी है

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**मानवीय पहलुओं को ध्यान में रखते हुए सरकार ने समय–सीमा बढ़ाने का आदेश जारी किया**

**समय–सीमा बढ़ने से न,केवल, मतदाताओं को राहत मिली है, बल्कि बीएलओज को भी कार्य करने में सुविधा हुई है**

लखनऊ । एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) की समय-सीमा अब बढ़ाकर 26 दिसंबर कर दी गई है। पूर्व में अत्यधिक कार्य-दबाव के कारण कई बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) अपनी जान तक गंवा चुके हैं।

यह गंभीर मुद्दा सदन में भी उठाया गया था। इन्हीं परिस्थितियों और मानवीय पहलुओं को ध्यान में रखते हुए सरकार ने समय-सीमा बढ़ाने का आदेश जारी किया। समय-सीमा बढ़ने से न,केवल, मतदाताओं को राहत मिली है, बल्कि बीएलओज को भी कार्य करने में सुविधा हुई है। यहां यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि, एस आई आर, प्रक्रिया में लगे कई बीएलओ और सुपरवाइजर पूरी तरह प्रशिक्षित या अनुभवी नहीं हैं, जिसके चलते मतदाताओं को सही जानकारी नहीं मिल पा रही है। कई स्थानों पर,मतदाताओं को अन्य व्यक्तियों या दूसरे वार्ड के बीएलओ जानकारी लेते हुए भी देखा गया है। इसका एक बड़ा कारण यह माना जा रहा है कि अधिकारियों द्वारा आधी-अधूरी ट्रेनिंग देकर बीएलओज को सीधे फील्ड और वार्डों में उतार दिया गया, जिससे भ्रम की स्थिति बनी।हालांकि, कुछ बीएलओ ऐसे भी हैं जो एसआईआर प्रक्रिया में पूरी तरह अनुभवी, निष्ठावान और ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए देखे जा सकते हैं।अब बात आती है ज्ञान, जानकारी और अनुभव की।जिसके पास ये नहीं होते–चाहे वह बड़ा हो या छोटा नेता, अधिकारी, कर्मचारी या कोई भी व्यक्ति–उसे छोटा सा काम भी बहुत बड़ा और बोझिल लगने लगता है। किसी भी कार्य को करने से पहले उसका समुचित ज्ञान होना अत्यंत आवश्यक है।

काश, हमारे देश में शिक्षा पूरी तरह निःशुल्क होती–जितना पढ़ना हो, जो पढ़ना हो, बिना किसी बाधा के। शिक्षा,महिलाओं, कानून-व्यवस्था और स्वास्थ्य को लेकर बड़े-बड़े नारे जरूर दिए जाते हैं, जिन्हें सुनकर लोग भावुक हो जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत हम सब से छुपी नहीं है। एसआईआर की इस पूरी प्रक्रिया से जुड़े कुछ अनुभवी बीएलओज की तस्वीरें साझा की जा रही हैं, जो ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा का उदाहरण हैं।

# किसान के घर से लाखों रुपए के जेवरात व नगदी चोरी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरोजनी नगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र के कासिम खेड़ा गांव निवासी किसान सतीश यादव पुत्र स्वर्गीय द्वारिका प्रसाद के घर मंगलवार की रात चोरों ने धावा बोलकर लाखों रुपए के सोने चांदी के जेवरात सहित 65000 रुपए की नकदी पार कर दी। सुबह जानकारी होने पर किसान द्वारा बिजनौर पुलिस को सूचित किया गया, इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक जांच पड़ताल कर मामला दर्ज किया।सतीश के अनुसार मंगलवार को वह परिवार समेत खाना खाने के बाद सो गए, सुबह वह 5:00 बजे जब सो कर उठे तो उन्होंने देखा कि कमरे के अंदर रखी अलमारी टूटी हुई है। इसके बाद सतीश ने पत्नी को जगा कर घर में जांच पड़ताल की तो पता लगा कि घर के पिछले हिस्से की दीवार काट कर चोर घर के अंदर दाखिल हुए और अलमारी के लॉकर में रखे सोने चांदी के कई लाख रुपए के जेवरात समेत अलमारी में ही रखे 65000 रुपए उठा ले गए। बिजनौर पुलिस मामला दर्ज करते हुए चोरों का सुराग लगा रही है।

## कार चालक पर राहगीर से मारपीट का आरोप

लखनऊ । बंथरा थाना क्षेत्र के सादुल्ला नगर गांव निवासी वीरेंद्र कुमार रावत पुत्र हरिराम ने बताया कि वह अपने कार्य से मोहान जा रहे थे तभी रास्ते में मोहान तिराहे से पहले एक कार सवार अज्ञात व्यक्ति ने उसे रोका और पूछा कि कहां जा रहे हो इस पर वीरेंद्र ने बताया कि वह काम से मोहान जा रहे हैं तभी कार सवार ने कहा की उसके लिए शराब ले आए, वीरेंद्र ने शराब लाने से जब मना किया तो कार सवार ने कहा कि तुम्हारा क्या नाम है जब वीरेंद्र ने अपना नाम बताया तो कार सवार युवक ने उसकी जाति सूचक गाली देने के साथ पिटाई कर दी, साथ ही कहा कि तेरे जैसे पासी मेरे यहां गुलामी करते हैं। कार सवार ने अपना नाम लोकेंद्र सिंह (लकी) बताया और यह भी कहा कि वह एक पत्रकार है। यह बोलकर कार सवार वहां से चला गया। वीरेंद्र द्वारा स्थानीय हसनगंज थाने में शिकायत की गई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## वरिष्ठ पत्रकार राघवेन्द्र तिवारी का निधन, शोक की लहर



मोहनलालगंज, लखनऊ । बीते एक साल से कैंसर की बीमारी से पीड़ित वरिष्ठ पत्रकार राघवेन्द्र तिवारी (45) निवासी कस्बा मोहनलालगंज का बुधवार की सुबह उनका निधन हो गया,एक साल पहले मुंह के कैंसर की चपेट में आने के बाद से राघवेन्द्र तिवारी का लखनऊ के कल्याण कैंसर हास्पिटल में इलाज चल रहा था।पत्रकारिता में अपने बेबाक अंदाज के लिये जाने वाले वरिष्ठ पत्रकार राघवेन्द्र तिवारी ने बुधवार सुबह अंतिम सांस ली। निधन की खबर मिलते ही पत्रकारो समेत क्षेत्रीय लोगो में शोक की लहर दौड़ गयी,किसी को ये विश्वास नही हो रहा था,बुरे से बुरे वक्त में सबको हिम्मत बधांने वाला पत्रकारिता जगत का सूरज हमेशा के लिये अस्त हो गया। राघवेन्द्र तिवारी के निधन की खबर मिलते ही मोहनलालगंज एसडीएम पवन पटेल,एसीपी विकास कुमार पांडे,अतिरिक्त निरीक्षक रामबाबू सिंह,अखिल भारतीय ब्राहम्ण सभा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक पांडे समेत विभिन्न दलो के नेता व पत्रकारो व क्षेत्रीय लोगो ने उनके निज निवास पहुंचकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।दिंवगत पत्रकार के परिवार में पत्नी मांडवी तिवारी व एक मासूम बेटा सार्थक है।देर शाम परिजनो ने वरिष्ठ पत्रकार के शव का अन्तिम संस्कार उन्नाव के शुक्लागंज घाट पर किया। इस दुखद घड़ी में परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए पूर्व विधायक अमरीश पुष्कर, भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष सुधांशु सिंह, पत्रकार एकता वेलफ़ेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश सिंह भंडारी, अखिलेश द्विवेदी, मुकेश द्विवेदी, धीरेंद्र सिंह,राजेश मिश्रा, हिमांशु सिंह, अशोक तिवारी, अनुपम मिश्र,अजय अवस्थी, अभिनव सिंह, मुकेश कुमार, उत्कर्ष सिंह, किसान नेता के के सिंह समेत पत्रकारों एवं क्षेत्रीय लोगों ने वरिष्ठ पत्रकार के निधन को पत्रकारिता जगत की अपूर्णनीय क्षति बताया।

## थाना कृष्णा नगर क्षेत्र के ओशो नगर में प्राचीन हनुमान मंदिर को क्षतिग्रस्त किए जाने के मामले में नया मोड़

लखनऊ । मंदिर वाले प्रकरण से जुड़ी खबरों के प्रकाशन को लेकर एक मीडिया कर्मी को कथित रूप से झूठे मुकदमे में फँसाने और जान-माल की धमकी दिए जाने का आरोप सामने आया है। मीडिया कर्मी का आरोप है की दबंगो द्वारा उनके घर पर पहुँचे और मंदिर व अवैध निर्माण से संबंधित खबरें प्रकाशित करने को लेकर नाराजगी जताई। आरोप के अनुसार, दबंगों और भू,माफीयाओं ने कहा कि क्षेत्र में किए गए सभी निर्माण वैध हैं और प्राचीन हनुमान मंदिर को मूर्ति सहित हटाया जाना पूरी तरह सही कदम था, जिसे पहले ही किया जाना चाहिए था। मीडिया कर्मी का कहना है कि उन्हें इस मामले से ल्लबीच से हट जानेङ्क की चेतावनी दी गई और गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी गई। आरोप है कि इस दौरान दबंग/भू माफीया किस्म के लोगों द्वारा भी अभद्र व्यवहार किया गया और दबाव बनाने का प्रयास किया गया। पीड़ित मीडिया कर्मी का कहना है कि यह पूरी घटना लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को डराने-धमकाने का प्रयास है। उनका आरोप है कि कुछ दबंग और भू-माफिया किस्म के लोग अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर सच्ची खबरों को दबाना चाहते हैं। मामले को लेकर क्षेत्र में आक्रोश और तनाव का माहौल है। अब बड़ा सवाल यह है कि–क्या प्राचीन हनुमान मंदिर का पुनर्निर्माण कर मूर्ति की पुनः स्थापना होगी?क्या मीडिया कर्मी की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगीया फिर दबंग और भू-माफिया किस्म के लोगों का ही दबदबा बना रहेगा।

# मोबाइल चोरी के मामले में महानगर पुलिस की त्वरित कार्रवाई, एक आरोपी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । थाना महानगर पुलिस ने मोबाइल चोरी के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से दो अदद चोरी के मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार अभियुक्त शिबू पुत्र सेठ शुभराती निवासी इंदिरा ब्रिज के नीचे झोपड़पट्टी गोपालपुरवाद्वारा घर में घुसकर मोबाइल चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। मामले में दर्ज मुकदमे के क्रम में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर सौमित्र वन अकबर नगर बंधे के पास से अभियुक्त को गिरफ्तार किया।बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।इस सफल कार्रवाई को एसीपी महानगर अंकित कुमार के निर्देशन में थाना प्रभारी महानगर अखिलेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में अंजाम दिया गया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अनुराग कुमार सिंह, उपनिरीक्षक राजबरन यादव, उपनिरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद तथा कंास्टेबल शिवम कुमार, रिंकू, शिवकुमार एवं आलोक कुमार शामिल रहे।महानगर पुलिस की इस त्वरित और प्रभावी कार्रवाई से क्षेत्रवासियों में सुरक्षा की भावना और अधिक सुदृढ़ हुई है।

# दखिना शेखपुर टोल प्लाजा पर 42 मेधावी छात्र–छात्राओं को छात्रवृत्ति, बेटियां रहीं आगे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां, लखनऊ। क्यूब हाइवेज की एसपीवी कंपनी लखनऊ-रायबरेली टोलवे लिमिटेड द्वारा बुधवार को दखिना शेखपुर टोल प्लाजा पर विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी क्यूब रूट्स फाउंडेशन के तत्वावधान में छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करना रहा।

इस अवसर पर लखनऊ एवं रायबरेली के 21 कॉलेजों के कुल 42 मेधावी छात्र-छात्राओं को ?10-10 हजार की प्रोत्साहन राशि के चेक एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में परियोजना प्रमुख दिलीप पाण्डेय ने सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर नकुल प्रकाश वर्मा, टीम लीडर अरुण खन्ना, एसडीएम महराजगंज गौतम सिंह एवं टोल प्लाजा कर्मचारियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। अपने संबोधन में परियोजना प्रमुख दिलीप कुमार पाण्डेय ने कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और पढ़ाई में भी उन्होंने लड़कों को पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने मेधावी छात्राओं से लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर आगे बढ़ने और कड़ी मेहनत करने का आह्वान करते हुए कहा कि यही जीवन में सफलता की पहली सीढ़ी है। कार्यक्रम में मौजूद अभिभावकों एवं छात्र-छात्राओं ने इस पहल की सराहना करते हुए क्यूब हाइवेज व क्यूब रूट्स फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया।

# सड़क निर्माण के नाम पर जनता के पैसों की खुली बर्बादी, ठेकेदारों द्वारा मानकों को ताख पर रखकर कराया जा रहा कार्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । नगर निगम में सड़क निर्माण के नाम पर जनता के पैसे की खुली बर्बादी सामने आ रही है। शहर में ठेकेदारों द्वारा मानकों को ताक पर रखकर किए जा रहे निर्माण कार्य अब सवालों के घेरे में हैं। ताज़ा मामला नगर निगम ज़ोन-6 के गढ़ी पीर खां वार्ड अंतर्गत यासीनगंज इलाके का है, जहां रौनक क्लीनिक की ओर जाने वाली सड़क पर आरसीसी रोड का निर्माण कार्य जारी है।

स्थानीय लोगों के मुताबिक सड़क निर्माण में गंभीर अनियमितताएं बरती जा रही हैं। मानकों के अनुसार जहां सरिया की उचित दूरी और गुणवत्ता अनिवार्य होती है, वहीं यहां 4 गुणा 5 फीट की अत्यधिक दूरी पर सरिया डाली गई है। इतना ही नहीं, जेएसबी की मात्रा भी निर्धारित मानक से कम पाई गई है, जबकि सीसी की ढलाई भी बेहद कम मोटाई में की जा रही है।निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस तरह की लापरवाही से बनी सड़क ज्यादा समय तक टिक नहीं पाएगी और कुछ ही महीनों में उखड़ने की आशंका बनी रहेगी। इससे न सिर्फ सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है, बल्कि आम जनता की सुरक्षा भी खतरे में पड़ रही है। सबसे गंभीर बात यह है कि नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों की निगरानी पर भी प्रश्नचिह्न लग रहा है। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषी ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की धांधली पर रोक लग सके।

# युवक के ऊपर फायरिंग कर दबंग हुए फरार , मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मलिहाबाद, लखनऊ । थाना मलिहाबाद क्षेत्र के ग्राम ढेढ़ेमऊ में भारतीय जनता पार्टी के एक कार्यकर्ता पर कथित तौर पर जानलेवा हमला किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है।

पीड़ित अनुपम सिंह ने थाना प्रभारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि विपक्षीगण द्वारा पहले भाजपा के बैनर फाड़े गए और जब उन्होंने इसका विरोध किया तो उन पर फायरिंग कर बुरी तरह मारपीट की गई।पीड़ित अनुपम सिंह पुत्र शैलेन्द्र सिंह, निवासी ग्राम पुरवा, थाना मलिहाबाद, ने बताया कि वह भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय सदस्य व कार्यकर्ता हैं। उनके अनुसार ग्राम ढेढ़ेमऊ में पार्टी के बैनर लगे हुए थे। बुधवार को शाम लगभग 5 बजे कुछ लोग जिनमें गोलू गाजी पुत्र दुलारे गाजी, दानिश पुत्र सतार, कामिल पुत्र अहमद अली निवासीगण ग्राम ढेढ़ेमऊ सहित एक व्यक्ति जिसे ब्लैक गोलू कहा जाता है तथा 5-6 अज्ञात लोग दबंगई के बल पर पार्टी के बैनर फाड़ने लगे। अनुपम सिंह का आरोप है कि जब उन्होंने बैनर फाड़ने का विरोध किया तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की नीयत से दो राउंड फायर किए, जो उनके बगल से निकल गए। इसके बाद उन्हें लात-घूंसे और असलहे के बट से बेरहमी से पीटा गया, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई और शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोटें लगीं। पीड़ित के अनुसार हमले के दौरान उन्हें और मौके पर मौजूद अन्य लोगों को धमकियां भी दी गईं।प्रार्थना पत्र में यह भी कहा गया है कि आरोपियों ने गवाहों को जान से मारने की धमकी दी और शिकायत करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी। पीड़ित का दावा है कि आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति के हैं और कथित तौर पर स्थानीय प्रभावशाली लोगों के संरक्षण में इस तरह की घटनाओं को अंजाम देते हैं। इस कारण उन्हें निरंतर जान-माल का खतरा बना हुआ है।घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि राजनीतिक बैनर फाड़ने जैसी घटनाओं पर सख्ती न होने से असामाजिक तत्वों का मनोबल बढ़ता है। वहीं, फायरिंग और खुलेआम मारपीट के आरोपों ने कानून-व्यवस्था पर भी सवाल खड़े किए हैं। पीड़ित पक्ष की मांग है कि मामले की निष्पक्ष जांच हो, दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए और पीड़ित को सुरक्षा उपलब्ध कराई जाये।

# प्रशांत कुमार उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के नए अध्यक्ष बने

लखनऊ। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के नए अध्यक्ष की नियुक्ति कर दी है। प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) और रिटायर्ड आईपीएस अधिकारी प्रशांत कुमार को आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है। जानकारी के अनुसार, 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी प्रशांत कुमार को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष के रूप में उनका कार्यकाल तीन वर्षों का होगा। प्रशांत कुमार उत्तर प्रदेश पुलिस में लंबे समय तक विभिन्न अहम पदों पर कार्य कर चुके हैं और प्रशासनिक अनुभव के लिए जाने जाते हैं। उनकी नियुक्ति से शिक्षा सेवा चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता और प्रशासनिक मजबूती आने की उम्मीद जताई जा रही है। सरकार के इस फैसले को आयोग के कामकाज को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# महाघोटालों का गढ़ बनी ग्राम पंचायत बोहरा, डीएम से हुई शिकायत

**मनरेगा से लेकर ग्राम पंचायत निधि में खूब की गई लूट चहेतों के खातों पर भेजी गई रकम**

**समर ट्रेडर्स के पास नहीं भट्ठा फिर भी बिक गई ईंट**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

सकरन, सीतापुर। ग्राम पंचायत में भ्रष्टपूरित कार्यों की जाँच कराने को लेकर ग्राम निवासी जितेंद्र मिश्रा ने जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर से की शिकायत। ज्ञात हो कि ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव सहित रोजगार सेवक ने मनमानी करते हुए डकार ली लाखों की धनराशि फिर भी धरातल पर नहीं दिख रहा काम वृक्षरोपण के नाम पर बड़ी धनराशि निकाल लिए काने के बावजूद भी जमीन पर नहीं दिख रहे एक भी पेड़ से लेकर गोधी बाबा स्थान से बोहरा पुलिया तक बंधा निर्माण सिर्फ कागजों तक ही सिमट कर रह गया तो पानी से लबालब भरे चमरौधा तालाब की खुदाई विगत माह तक जारी रही यही नहीं गोड़ियन पुरवा चौराहे से ठेके पुरवा तक मानक विहीन ईंटो से खड़ंजा निर्माण करवा डाला गया।

शिकायतकर्ता ने बताया कि 15वें वित्त से 91200रूपए ह्युम पाइप खरीद के नाम पर और अपने चहेते अशोक, सीमा व रामू के खातों पर मजदूरी के नाम पर 12006रूपए भेज दिए गए पर ग्राम पंचायत में ह्युम पाइप दिखाई ही नहीं पड़ रहे हैं इसी तरीके से करीब 1लाख रूपए बबलू के मकान से दीपू के मकान तक नाला निर्माण के नाम पर हजम करने के वही पुराने तरीके से अशोक कुमार, सीमा, राजेश, सर्वेश व रामू के खातों पर भेजकर निकाल लिए गए, हैंड पम्प रिबोर के नाम पर बगैर काम कराए ही बड़ी धनराशि आहरित कर ली गई, ग्राम पंचायत में विभिन्न स्थानों पर मिट्टी पटाई व राबिश पटाई के नाम पर निकाल लिए गए जबकि धरातल पर कोई कार्य नहीं कराया गया है। अपनी व अपने चहेते लोगों की जेबें भरने के लिए ग्राम प्रधान ने ग्राम पंचायत में बगैर कार्य कराए ही लाखों रूपए हड़पने का कार्य किया है जिसके बराबर के जिम्मेदार ग्राम पंचायत में तैनात पंचायत सचिव व रोजगार सेवक रहे हैं।जिलाधिकारी से शिकायत करने के बावजूद भी ग्राम पंचायत में मानक विहीन कार्यों के साथ फर्जीवाड़े हैं कि थमने का नाम नहीं ले रहे हैं जहां आज दिनांक 17.12.2025 को भी तरावा इंटों से खड़ंजा निर्माण कार्य जारी है। आखिर कब होगी ग्रामपंचायत में भ्रष्टाचार पूर्ण कार्यों की जाँच और क़ानून की जद में आएंगे जिम्मेदार।

# विजय दिवस पर राष्ट्रपति भवन में 'परम वीर दीर्घा' का उद्घाटन, मनमोहन पांडेय को किया गया सम्मानित

**बहादुर सैनिकों को दी गई श्रद्धांजलि**

**कारगिल युद्ध के नायक परमवीर चक्र से सम्मानित कैप्टन मनोज पांडेय के भाई है मनमोहन पांडेय**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । विजय दिवस के अवसर पर जिले के लिए सम्मान व गर्व का अवसर रहा कमलापुर सीतापुर निवासी मनमोहन पांडेयवर्तमान में डिप्टी चीफ मार्शल विधान सभा उत्तर प्रदेश में कार्यरत है आप के भाई परम वीर चक्र से सम्मानित कारगिल युद्ध के नायक कैप्टन मनोज पांडेय के भाई है।

कैप्टन मनोज पांडेय की वीरता व युद्ध कौशल पूरे भारत मे मशहूर है।1971 में पाकिस्तान पर जीत के उपलक्ष्य में मनाए जाने वाले विजय दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में 'परम वीर दीर्घा' का उद्घाटन किया।उद्घाटन के अवसर पर सीतापुर जिले के निवासी मनमोहन पांडेय को राष्ट्रपति भवन में महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मनमोहन पांडेय ने अपने भाई कैप्टन मनोज पांडेय को याद करते हुए बताया ये सम्मान हमारे जिले व देश वासियों का सम्मान है।आज पूरे देश मे सीतापुर की पहचान मनोज पांडेय के नाम से की जाती है।गैलरी में परम वीर चक्र से सम्मानित सभी 21 विजेताओं के चित्र प्रदर्शित हैं। गैलरी का उद्देश्य आगंतुकों को हमारे उन राष्ट्रीय नायकों के बारे में जानकारी प्रदान करना है जिन्होंने हमारे राष्ट्र की रक्षा में अदम्य संकल्प और साहस का प्रदर्शन किया। यह उन वीर योद्धाओं की स्मृति को सम्मान देने की एक पहल है जिन्होंने मातृभूमि की सेवा में अपने प्राणों की आहुति दी।

# जनपद के समस्त विकास खण्डों में 800 एमडीएम शेड कराये जायेंगे निर्मित: डीएम

**एमडीएम शेड बनाये जाने से भोजन की शुद्धता व गुणवत्ता होगी बेहतर**

**छात्र-छात्राएं एक ही स्थान पर एकत्रित होकर कर सकेगे भोजन, विद्यालय की स्वच्छता भी होगी सुनिश्चितः जिलाधिकारी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 के निर्देश के क्रम में जनपद में मनरेगा/ग्राम निधि से निर्मित कराये जा रहे मिड-डे-मिल शेडों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के प्राथमिक, उच्च प्राथमिक व कम्पोजिट विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को शुद्ध व पौष्टिक भोजन के साथ-साथ स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शेड बनाये जाने की पहल की गयी है।

जनपद के सभी 19 विकास खण्डों में 800 मिड-डे-मिल शेड निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसमें विकास खण्ड ऐलिया में ग्राम निधि/मनरेगा से 44, विकास खण्ड बेहटा में ग्राम निधि/मनरेगा से 47, विकास खण्ड बिसवां ग्राम निधि/मनरेगा से 55, विकास खण्ड गोंदलामऊ में ग्राम निधि/मनरेगा से 45, विकास खण्ड हरगांव में ग्राम निधि/मनरेगा से 41, विकास खण्ड कसमण्डा में ग्राम निधि/मनरेगा से 30, विकास खण्ड खैराबाद में ग्राम निधि/मनरेगा से 40, विकास खण्ड लहरपुर में ग्राम निधि/मनरेगा से 37, विकास खण्ड मछरेहटा में मनरेगा से 40, विकास खण्ड महमूदाबाद में ग्राम निधि/मनरेगा से 39, विकास खण्ड महोली में मनरेगा से 38, विकास खण्ड मिश्रिख में ग्राम निधि/मनरेगा से 36, विकास खण्ड पहला में ग्राम निधि/मनरेगा से 43, विकास खण्ड परसेण्डी में ग्राम निधि/मनरेगा से 42, विकास खण्ड पिसावां में ग्राम निधि/मनरेगा से 49, विकास खण्ड रामपुर मथुरा में ग्राम निधि/मनरेगा से 45, विकास खण्ड रेउसा में ग्राम निधि/मनरेगा से 49, विकास खण्ड सकरन में मनरेगा से 49, विकास खण्ड सिधौली में ग्राम निधि/मनरेगा से 31 मिड-डे-मिल शेड बनाये जायेंगे।उन्होंने ने बताया कि जनपद में मनरेगा/ग्राम निधि से निर्मित कराये जा रहे मिड-डे-मिल शेडों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के प्राथमिक, उच्च प्राथमिक व कम्पोजिट विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को शुद्ध व पौष्टिक भोजन के साथ-साथ स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना है। प्रायः विद्यालयों में मिड-डे-मिल शेड न होने से विद्यालयों में खुले स्थान पर भोजन पकाया जाता है, जिससे भोजन की शुद्धता व गुणवत्ता पर भी असर पड़ता है। खुले में भोजन बनने से उसमें धूल मिट्टी के कण व आस-पास के पेड़ पौधों के पत्तों के गिरने का भय बना रहता व कच्ची खाद्य सामग्री, बर्तन आदि कच्ची जमीन पर रखने पड़ते थे तथा छात्र-छात्रायें इधर-उधर अलग-अलग स्थानों पर बैठकर भोजन करते थे।जनपद के प्राथमिक, उच्च प्राथमिक व कम्पोजिट विद्यालयों में विद्यालयों में मिड-डे-मिल शेड बन जाने से भोजन की गुणवत्ता व शुद्धता बेहतर होगी। साथ ही विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्रायें स्वस्थ रहेंगे तथा समस्त छात्र-छात्रायें मिड-डे-मिल शेड में एक स्थान पर एकत्रिक होकर सामुहिक रूप से एक साथ मिड-डे-मील का आनन्द ले सकेंगे।

## ओवरलोड और ओवरहाइट वाहनों पर शिकंजा

लखीमपुर खीरी। जनपद में परिवहन विभाग ने की 14 वाहन सीज और 22 चालान की कार्रवाई*लखीमपुर खीरी, 17 दिसंबर। जिले की सड़कों पर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए परिवहन विभाग ने ओवरलोड और गन्ना परिवहन में प्रयुक्त ओवरहाइट वाहनों पर शिकंजा कसा। एआरटीओ शशि भूषण पांडे और पीटीओ डॉ. कौशलेंद्र अलग-अलग मार्गों पर मुस्तैद दिखाई दिए।गत दिवस विभाग ने कुल 12 चालान काटे और सात ओवरलोड एवं ओवरहाइट वाहनों को सीज किया। वहीं दो अन्य मामलों में भी वाहनों के सीजर की कार्रवाई की गई। बुधवार को विभागीय अफसरों ने विभिन्न मार्गों पर चार ओवरलोड वाहनों को सीज किया और 10 वाहनों का चालान किया। वही देर रात। निघासन क्षेत्र में दो ट्राली जोड़कर गाना परिवहन करने वाली ट्रैक्टर ट्राली को सीज किया गया। एआरटीओ शशि भूषण पांडे ने कहा कि यह अभियान सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने, दुर्घटनाओं को रोकने और नियमों के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई करने के लिए चलाया गया है।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य का शाहजहांपुर दौरा, विभिन्न कार्यक्रमों में हुई शामिल

**जनसुनवाई में महिलाओं की सुनी समस्याएं, योजनाओं की जानकारी दी**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी ने बुधवार को शाहजहांपुर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विकास भवन में आयोजित जनसुनवाई में महिलाओं की समस्याओं को सुना। जनसुनवाई में घरेलू हिंसा, जमीनी विवाद, छेड़छाड़ और यौन शोषण आदि की 8 शिकायतें प्राप्त हुईं।

जिनका निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। जनसुनवाई में एसडीएम प्रियंका चौधरी, सीओ इशिका सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी अरविंद रस्तोगी, समाज कल्याण अधिकारी राजेश कुमार, महिला थाना प्रभारी रश्मि आदि मौजूद रहे।सुजीता कुमारी ने वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया और संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा, केंद्र प्रबंधक नमिता यादव, चाइल्ड लाइन कोआर्डिनेटर विनय शर्मा आदि मौजूद रहे। इसके बाद राज्य महिला आयोग की सदस्य ब्लाक सिंधौली परिसर में आयोजित जागरूकता चौपाल कार्यक्रम में पहुंची, जहां उन्होंने सरकारी योजनाओं के प्रचार- प्रसार के लिए विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने ब्लॉक सभागार में आंगनबाड़ी कार्यकत्री स्वयं सहायता समूह कैडर, आशा, केयर टेकर और ब्लाक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। जिसमें महिला सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वरोजगार और अन्य सरकारी योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गई। उन्होंने निर्देश दिए की सरकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र महिला तक पहुंचे। इस दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी अरविंद रस्तोगी, ब्लॉक प्रमुख मछला सिंह, खंड विकास अधिकारी ओमप्रकाश आदि मौजूद रहे।

# 31 दिसंबर तक कराएं फसलों का बीमा, मात्र 1.5% प्रीमियम में मिलेगा सुरक्षा कवच

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखीमपुर खीरी। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के अंतर्गत जिले के किसानों के लिए बड़ी राहत की खबर है। किसान भाई 31 दिसंबर तक अपनी फसलों का बीमा करा सकते हैं। इसको लेकर प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। विकास भवन स्थित स्वामी विवेकानंद सभागार में बैंकर्स के साथ आयोजित बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों को योजना का अधिकतम लाभ दिलाया जाए।सीडीओ अभिषेक कुमार ने बताया कि जिले की अधिसूचित फसलें–गेहूँ, मसूर और लाही-सरसो–प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत शामिल हैं। इन फसलों पर किसानों को बीमित राशि का मात्र 1.5 प्रतिशत प्रीमियम देना होगा। गेहूँ के लिए 1,326 रुपये प्रति हेक्टेयर, सरसो के लिए 776 रुपये प्रति हेक्टेयर तथा मसूर के लिए 819 रुपये प्रति हेक्टेयर प्रीमियम निर्धारित किया गया है। इससे किसान कम लागत में प्राकृतिक आपदाओं और मौसमीय जोखिमों से अपनी फसल को सुरक्षित कर सकते हैं।सीडीओ ने बैंकर्स को निर्देशित किया कि सभी ऋणी किसानों की सहमति लेकर उनका फसल बीमा अनिवार्य रूप से कराया जाए। साथ ही गैर-ऋणी किसानों को भी बीमा कराने की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज और सुविधाओं की जानकारी सभी बैंक शाखाओं में उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि अभी तक केवल लगभग 4,000 पॉलिसियां ही बैंक स्तर पर बनाई गई हैं। केसीसी धारकों के केवल 21 प्रतिशत डेटा पर निर्णय लिया गया है, जबकि शेष 71 प्रतिशत लंबित है। इसे 25 दिसंबर तक हर हाल में निस्तारित करने के निर्देश दिए गए।जिला कृषि अधिकारी सूर्य प्रताप सिंह ने बताया कि योजना के अंतर्गत प्रतिकूल मौसम से होने वाले नुकसान की स्थिति में बीमित किसानों को क्षतिपूर्ति प्रदान की जाती है। इसमें असफल बुवाई, फसल की मध्य अवस्था में क्षति, खड़ी फसल को प्राकृतिक आपदाओं, रोग, कीट, ओलावृष्टि, जलभराव, बादल फटना, बिजली गिरने जैसी घटनाओं से नुकसान शामिल है। इसके अलावा कटाई के बाद खेत में सुखाने के दौरान 14 दिनों तक होने वाले नुकसान को भी बीमा कवर में रखा गया है।योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए शासन द्वारा टोल फ्री नंबर 14447 जारी किया गया है। किसान इस नंबर पर कॉल कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं, वहीं आपदा की स्थिति में बीमित किसान 72 घंटे के भीतर इसी नंबर पर सूचना देकर क्षतिपूर्ति की प्रक्रिया शुरू करा सकते हैं।प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार न करें और समय रहते फसल बीमा कराकर योजना का पूरा लाभ उठाएं।

# कड़ाके की ठंड के चलते बदला स्कूलों का समय, 10 बजे खुलेंगे विद्यालय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। जिले में लगातार बढ़ रही कड़ाके की ठंड और शीतलहर को देखते हुए जिला प्रशासन ने छात्रों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के मद्देनज़र बड़ा निर्णय लिया है। आदेश के अनुसार अब जनपद के सभी सरकारी, सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त एवं निजी विद्यालयों में कक्षा 1 से कक्षा 12 तक की कक्षाएं सुबह 10:00 बजे से संचालित होंगी।जिला प्रशासन द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि अत्यधिक ठंड के कारण छोटे बच्चों एवं किशोर छात्रों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। इसी को ध्यान में रखते हुए विद्यालयों के समय में यह परिवर्तन किया गया है, ताकि बच्चों को सुबह की अत्यधिक ठंड से राहत मिल सके।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह आदेश जिले के सभी बोर्डों–सीबीएसई, आईसीएसई, यूपी बोर्ड सहित अन्य सभी शिक्षण संस्थानों पर समान रूप से लागू होगा। सभी स्कूल प्रबंधन को निर्देशित किया गया है कि आदेश का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करें।हालांकि, विद्यालयों के अवकाश समय एवं परीक्षाओं से संबंधित निर्णय स्कूल स्तर पर परिस्थितियों के अनुसार लिए जाएंगे, लेकिन विद्यालय खुलने का समय सुबह 10 बजे से पहले नहीं होगा। आदेश का उल्लंघन करने वाले विद्यालयों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।अभिभावकों ने जिला प्रशासन के इस निर्णय का स्वागत किया है और कहा है कि ठंड के मौसम में यह फैसला बच्चों की सेहत के लिए बेहद जरूरी था। वहीं शिक्षकों और स्कूल प्रबंधन को भी बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए हैं।प्रशासन ने यह भी संकेत दिया है कि मौसम की स्थिति को देखते हुए आगे भी आवश्यकतानुसार निर्णय लिया जा सकता है। अभिभावकों और विद्यालयों से अपील की गई है कि वे जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें और बच्चों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें।

## रैन बसेरों में आने वाले लोगों को किसी प्रकार की कोई असुविधा न होः जिलाधिकारी



रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने शीतलहर के दृष्टिगत शहर में नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत संचालित रैन बसेरों व अलाव केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया एवं वहां पर उपलब्ध कराई गई सुविधाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने रैन बसेरों के निरीक्षण के दौरान वहां पर पीने के पानी की व्यवस्था, शौचालय आदि की जानकारी ली तथा रैन बसेरों में रहने वाले लोगों से भी उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के समय सभी व्यवस्थाएं संतोषजनकपाई गई। उन्होंने रैन बसेरों के संचालको को शीतलहर के दृष्टिगत पर्याप्त मात्रा में बेड, कम्बल एवं अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए द्य जिलाधिकारी ने कहा कि रैन बसेरे में अतिरिक्त कंबल तथा अलाव की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। साथ ही समस्त रैन बसेरों में समुचित साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) अमृता सिंह,सिटी मजिस्ट्रेट राम अवतार, ईओ नगर पालिका स्वर्ण सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी आदि उपस्थित रहें।

## डीएम ने पेंशनर्स दिवस पर सुनीं समस्याएं, निस्तारण के निर्देश-100 वर्ष पूर्ण कर चुके पेंशनर्स को किया सम्मानित



शाहजहांपुर। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में 17वां पेंशनर्स दिवस का आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में आयोजित किया गया। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया। इस दौरान उन्होंने पेंशनर्स की समस्याओं को सुना और उनका निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कार्यक्रम के दौरान डीएम ने 100 वर्ष पूर्ण कर चुके वेद शर्मा पेंशनर्स को अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। डीएम ने कहा कि पेंशनर्स की समस्याओं के लिए तिमाही बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने सेवानिवृत्ति हो चुके कर्मचारियों को स्वास्थ्य जीवनशैली अपनाने तथा सामाजिक कार्यों में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।कहा कि पेंशनर्स की समस्याओं के लिए पोर्टल तैयार किया जाएगा, जिससे समस्याओं का शत- प्रतिशत निस्तारण समय से सुनिश्चित किया जा सकेगा। सड़क संबंधित समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी ने कहा कि शहर की सभी 109 सड़क का लगभग 75 करोड़ रुपए की लागत से बनवाया जाएगा। कहा कि बच्चों को खेलने के लिए स्टेडियम बन रहे हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ कोषाधिकारी अमरेश बहादुर पाल, जिला गन्ना अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं पेंशनर्स उपस्थित रहे।

## डीएम ने निर्माणाधीन सड़क व फुटपाथ कार्य का लिया जायजा



शाहजहांपुर। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र के साथ नगर निगम द्वारा सीएम ग्रिड योजना के अंतर्गत अहमद उल्ला शाह पार्क से तेल टंकी तिराहा तक निर्माणाधीन सड़क एवं फुटपाथ कार्य की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीएम ने कार्यदायी संस्था के अभियंता को निर्देशित किया कि फुटपाथ की ऊंचाई मानकों के अनुरूप रखी जाए, जिससे किसी भी प्रकार का वाहन फुटपाथ पर न चढ़ सके और पैदल यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो। निर्माण कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कार्य में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि परियोजना को समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए, ताकि आमजन को शीघ्र लाभ मिल सके। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए कि हॉकी क्लब के पास से रेलवे क्रॉसिंग तक इमली रोड (फटकिया रोड) के चौड़ीकरण एवं डिवाइडर निर्माण के लिए आवश्यक प्रस्ताव शीघ्र तैयार कर प्रस्तुत करें, जिससे भविष्य में यातायात व्यवस्था को और अधिक सुचारू एवं सुरक्षित बनाया जा सके। इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता महेंद्र पाल सहित नगर निगम एवं संबंधित विभागों के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएम ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर । जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण अभियान में 30 नवंबर 2025 तक उत्कृष्ट कार्य करने वाले 80 बीएलओ का लॉटरी के माध्यम से नाम चयन कर उनको सम्मानित किया गया। डीएम ने 20 बीएलओ को मोबाइल फोन एवं 60 बीएलओ को दो हजार रुपए की नगद धनराशि देकर सम्मानित किया है।

विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रत्येक विधानसभा से नगद पुरस्कार के लिए 10-10 बीएलओ कुल 60, मोबाइल के लिए प्रत्येक विधानसभा से दो-दो तथा सभी विधानसभाओं से 08 कुल 80 बीएलओ का चयन लॉटरी के माध्यम से फ़ेसबुक पर लाइव किया गया था। डीएम ने सभी बीएलओ से कहा कि 18 दिसंबर को अपने-अपने बूथों पर एएसडी मतदाताओं की सूची अच्छे से पढ़कर सुनाएंगे और नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा करेंगे। कार्यक्रम के दौरान इसी वर्ष चयन हुई आंगनबाड़ी वर्षा द्वारा बीएलओ कार्य का अनुभव को साझा किया। इसके अलावा बीएलओ सहायक अध्यापक उपेंद्र सिंह, मनोज कुमार, नरेंद्र सिंह ने भी अपना अनुभव साझा किया। जिलाधिकारी ने बीएलओ कार्य में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की तरह सभी विभागीय कार्य करने लगें, तो प्रदेश में जनपद प्रथम स्थान पर रहेगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# पेंशनर दिवस पर डीएम का ऐलान

**पेंशनर्स की हर समस्या 30 दिन में होगी हल**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। सेवा, समर्पण और अनुभव को सम्मान देने का सजीव मंच बना पेंशनर दिवस। कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में उल्लासपूर्ण एवं आत्मीय वातावरण में आयोजित कार्यक्रम में प्रशासन और पेंशनर्स के बीच भरोसे की मजबूत डोर देखने को मिली। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने की, जबकि आयोजन का संयोजन वरिष्ठ कोषाधिकारी अमित कुमार राय द्वारा किया गया।कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने डीएफओ संजय विश्वाल, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी अमित कुमार राय, एओ (बेसिक) हरिकेश बहादुर सहित वरिष्ठ एवं बुजुर्ग पेंशनर्स को सम्मानित कर उनके दीर्घ सेवाकाल को नमन किया।जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि पेंशनर्स की सभी समस्याओं का निस्तारण वरीयता के आधार पर किया जाए। उन्होंने समस्त विभागों को निर्देशित किया कि सेवानिवृत्ति के उपरांत पेंशन तत्काल बनाई जाए, ताकि किसी भी पेंशनर को असुविधा न हो। जनपद स्तर पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों से संबंधित सभी समस्याओं के 30 दिवस के भीतर समाधान की समय-सीमा भी निर्धारित की गई।डीएम ने कहा कि पेंशनर्स समाज के पथ प्रदर्शक हैं और उनके अनुभव समाज को नई दिशा देते हैं। बुजुर्गों का सम्मान और आशीर्वाद हमारी संस्कृति की पहचान है। पेंशनर्स के पास प्रशासनिक कार्यों का दीर्घ अनुभव होता है, जिसका लाभ प्रशासन को मिलता है। उन्होंने सभी पेंशनर्स के अच्छे स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की दिक्कत होने पर वे सेवा काल की तरह सीधे प्रशासन से संपर्क कर सकते हैं–प्रशासन से निराशा नहीं होगी।डीएफओ संजय विश्वाल ने पेंशनर्स की सक्रिय भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि वे परिवार के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें, ताकि उनके अनुभव का लाभ समाज को लंबे समय तक मिलता रहे।वरिष्ठ कोषाधिकारी अमित कुमार राय ने भरोसा दिलाया कि प्रशासनिक स्तर पर पेंशनर्स की हर समस्या के त्वरित निस्तारण के लिए जिला प्रशासन तत्पर रहेगा।कार्यक्रम में सैकड़ों पेंशनर्स की सहभागिता रही। इस अवसर पर प्रभारी सहायक कोषाधिकारी राजेश मिश्रा, सहायक लेखाकार महेश वर्मा, सुभाष वर्मा, सौरभ सिंह सहित कोषागार के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शासन से संतोषजनक वार्ता के बाद सत्याग्रह आंदोलन स्थगित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**यह निर्णय निदेशक पंचायती राज उत्तर प्रदेश से हुई वार्ता के उपरांत ग्राम पंचायत अधिकारी संघ एवं ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन की संयुक्त बैठक में लिया गया**

बदायूँ। जिला ग्राम पंचायत अधिकारी/ग्राम सचिव समन्वय समिति के जिलाध्यक्ष रमेश चंद्र पाल ने कैन्विज टाइम्स कों बताया की ग्रामीण क्षेत्रों में ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली के विरोध सहित विभिन्न विभागीय मांगों को लेकर विगत एक पखवाड़े से चल रहा ग्राम सचिवों का प्रदेशव्यापी चरणबद्ध सत्याग्रह आंदोलन शासन से हुई संतोषजनक वार्ता के बाद फिलहाल स्थगित कर दिया गया है।

यह निर्णय निदेशक पंचायती राज उत्तर प्रदेश से हुई वार्ता के उपरांत ग्राम पंचायत अधिकारी संघ एवं ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन की संयुक्त बैठक में लिया गया। प्रदेश अध्यक्ष उ0प्र0 ग्राम पंचायत अधिकारी संघ डॉ. प्रदीप सिंह ने बताया कि शासन द्वारा आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाने के बाद ही ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली लागू की जाएगी। उन्होंने कहा कि ग्राम सचिवों को शीघ्र ही सरकारी एंड्रॉयड मोबाइल, लैपटॉप, सीयूजी सिम तथा केंद्रीय वित्त के प्रशासनिक मद से डाटा भत्ता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया है। वहीं ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष सुबाष चंद्र पांडेय ने सरकार से ग्राम सचिवों की शैक्षणिक योग्यता स्नातक किए जाने तथा वेतन मैट्रिक्स लेवल-05 किए जाने पर गंभीरता से विचार करने की मांग दोहराई। निदेशक पंचायती राज ने वार्ता के दौरान स्पष्ट किया कि पंचायत सचिवालय निर्माण की मूल भावना के अनुरूप सभी ग्राम स्तरीय विभागों के कर्मचारी एक स्थान पर बैठकर कार्य करें और ग्रामीणों को एक ही जगह सभी विभागीय सुविधाएं उपलब्ध हों, इसी उद्देश्य से ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली को शासन स्तर पर प्रक्रियाधीन रखा गया है। वार्ता में यह भी सहमति बनी कि अप्रासंगिक हो चुके साइकिल भत्ते के स्थान पर मोटरसाइकिल भत्ता दिए जाने के संबंध में शासन को प्रत्यावेदन भेजा जाएगा। साथ ही डोंगल के माध्यम से भुगतान की जटिल व्यवस्था को समाप्त कर केंद्र व राज्य के विभिन्न सॉफ्टवेयरों को जोड़ते हुए एकल विंडो प्रणाली विकसित की जाएगी।इसके अलावा फार्मर रजिस्ट्री, एग्री स्टेक सर्वे, फैमिली आईडी, हेल्थ कार्ड, गौशाला, पीएम सूर्यघर, पराली प्रबंधन, आवारा पशु पकड़ने जैसे अन्य विभागीय कार्य ग्राम सचिवों से न कराए जाने के लिए शासन व संबंधित विभागों को पत्र भेजने का निर्णय लिया गया। मनरेगा से जुड़े शासनादेशों के प्रभावी क्रियान्वयन, सामाजिक अंकेक्षण, ऑडिट व्यवस्था में सुधार तथा चार्टर्ड अकाउंटेंट के विकल्प पर भी सकारात्मक चर्चा हुई। शासन से हुई सकारात्मक एवं कर्मचारी हितैषी वार्ता के बाद ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी संवर्ग के शीर्ष नेतृत्व ने संयुक्त सहमति से आंदोलन को अगले कार्यक्रम तक स्थगित करने की घोषणा की। बैठक में डॉ. प्रदीप सिंह, सुबाष चंद्र पांडेय, नागेंद्र प्रताप कुशवाहा, रमेश उदैनिया, सूर्यभानु राय, जितेंद्र यादव, जितेंद्र गंगवार, अनिल कुमार यादव, दुर्गा प्रसाद राय, संतोष कुमार, ललित कुमार, मो. नसीम खान, राघवेंद्र सिंह सहित प्रदेश के कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

## हजरतगंज में जर्जर पोल-प्रधान पति ने सौंपा उच्चाधिकारी को ज्ञापन

बदायूँ। कोतवाली उझानी क्षेत्र के गांव हजरतगंज के प्रधानपति ब्रह्मपाल ने आज अधिशासी अभियंता से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा है । दिए गए ज्ञापन में कहा है कि उनकी ग्राम पंचायत में गत चार वर्षों से 6 बिजली के पोल जर्जर हालत में हैं जिसकी शिकायत कई बार लिखित व मौखिक रूप से विधुत विभाग के उच्चधिकारियों व नगर के विधुत उपकेन्द्र कार्यालय पर की जा चुकी है। इन जर्जर विधुत पोलों से गाँव में कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। अधिशासी अभियंता देवेंद्र कुमार गुप्ता ने ग्राम प्रधान को आश्वासन देते हुए कहा कि हम तत्काल सव डिवीजनल ऑफिसर (एस डी ओ) व जूनियर इंजीनियर (अवर अभियंता) को मौके पर भेज कर इसकी रिपोर्ट मंगाते हैं तथा जल्द से जल्द जर्जर विधुत पोलों को बदलवाते हैं ।

# भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की मासिक पंचायत सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**मासिक पंचायत में अवारा गोवंश के द्वारा किसानो की फसल को नष्ट किया जा रहा कड़कड़ाती ठंड के मौसम में किसान अपनी फसल की रखवाली कर रहा है तथा अवारा गोवंश के किसानो पर हमला पर चर्चा की गयी**

बदायूं। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक जनपद बदायूं की मासिक पंचायत रामचंद्र सिंह यादव जिलाध्यक्ष के नेतृत्व जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में की गई।

पंचायत का संचालन रामलखन सिंह यादव एडवोकेट युवा जिलाध्यक्ष ने किया पंचायत में किसानो के बिभिन्न समास्याओ पर चर्चायें जिसमें प्रमुख समास्याओ है कि अवारा गोवंश के द्वारा किसानो की फसल को नष्ट किया जा रहा कड़कड़ाती ठंड के मौसम में किसान अपनी फसल की रखवाली कर रहा है तथा अवारा गोवंश के किसानो पर हमला किया जा रहा है जिससे कई किसानो की मृत्यु हो चुकी है अवारा गोवंश को पकड़कर सभी गौशालाओ में भेजा जाए आलू के किसानो को सिचाई के लिए पर्याप्त मात्रा में बिजली नही मिल पा रही है जिससे आलू किसान के खेतो की सिचाई नही हो पा रही है किसानो की फसल बर्बाद हो रही है किसानो को पर्याप्त मात्रा बिजली दिन में दिलाई जाए तथा प्रांतीय आव्हान पर मा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन मा जिलाधिकारी महोदय को प्रेषित किया युवाजिलाध्यक्ष रामलखन यादव एडवोकेट ने कहा अगर समस्त समास्याओ का समाधान संबंधित विभाग के द्वारा निस्तारण जल्द नही किया गया तो भारतीय किसान यूनियन अराज नैतिक अनिश्चितकालीन धरना- प्रदर्शन करने को बाध्य होगी जिसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बंधित बिभाग की होगी पंचायत मेंउपस्थित हुए जिलाउपाध्याक्ष श्याम वावू फौजी जिला महासचिव रतिराम सिंह जिलासचिव जयपाल मंडल उपाध्यक्ष मो मिया युवा जिलामहा सचिव गोहर अली खान तहसील अध्यक्ष सदर बीरेन्द्र सिह लौधी नगर अध्यक्ष शहर गुड्डू खान तहसील अध्यक्ष बिसौली रामचंद्र सिंह ब्लाक अध्यक्ष उझानी देवराज सिह यादव शंकर सिंह राजेश सिंह सूरजपाल सैकड़ौ किसान साथी उपस्थित हुए ।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल, बहजोई । कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के अन्तर्गत अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग सुनील प्रकाश द्वारा पूर्व में की गयी सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में उनके अनुपालन के विषय में अवगत कराया।

जनपद में नये चैक पोस्ट को लेकर भी जानकारी प्राप्त की गयी । स्कूली वाहनों के फिटनेस ,नो हेलमेट नो फ्यूल,जनपद की सड़क दुर्घटनाओं की तुलनात्मक समीक्षा ई- रिक्शा आदि बिन्दुओं पर भी चर्चा की गयी संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक में निर्देशित करते हुए कहा कि सड़क के किनारे जो वाहन खड़े रहते हैं उनको प्रत्येक दशा में चेक किया जाए और उन्होंने बताया कि जनपद में क्रिटिकल कॉरिडोर टीम का गठन किया जाएगा इसके माध्यम से और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कोहरे की दृष्टिगत 112 की गाड़ियां सही स्थान पर रहे और उन्होंने कहा कि पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाई जाए। जिलाधिकारी ने ट्रैक्टर ट्रॉली पर रिफ्लेक्टर लगाए जाने की कार्रवाई के विषय में जानकारी प्राप्त की उन्होंने कहा कि शुगर मिलों के द्वारा इस कार्रवाई को और बढ़ाया जाए और उन्होंने कहा कि जनपद के समस्त थाना वार विद्यालय से समन्वय स्थापित करते हुए एनएसएस के बच्चे स्काउट गाइड के बच्चों के माध्यम से रिफ्लेक्टर लगवाई जाए जिससे जनपद में अधिक से अधिक रिफ्लेक्टर लग सकें। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में हाईवे पर कोई भी ई रिक्शा ना चले इसको प्रतिबंधित किया। जिलाधिकारी ने दिव्यांग बच्चों को लाने ले जाने के लिए स्कूल की गाड़ियों के लिए स्कूल के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि शासन स्तर पर 21 तरह की दिव्यंगिता को चिन्हित किया है उसका सभी स्कूल सहयोग करें और उन बच्चों को मूल धारा में लाने के लिए अपना योगदान दें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, क्षेत्राधिकारी यातायात दीपक तिवारी एवं अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग सुनील प्रकाश, एआरटीओ अमिताभ चतुर्वेदी एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 100 दिवसीय विशेष अभियान ''बाल विवाह मुक्त भारत'' की शुरुआत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**बाल विवाह एक गैर कानूनी कार्य है इसी कारण सरकार ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 का प्रावधान किया**

बदायूँ। राजकीय हाई स्कूल मामूरगंज कादर चौक में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बदायूं जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन एलायंस के सहयोग से एक्सेस टू जस्टिस न्याय तक पहुंच कार्यक्रम द्वारा संचालित संस्था काशी समाज शिक्षा विकास संस्थान बदायूं उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित 100 दिवसीय विशेष कार्यक्रम ''बाल विवाह मुक्त भारत'' के अंतर्गत राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बदायूं, राजकीय हाई स्कूल मामूरगंज कादर चौक, ऋषि दयानंद सरस्वती विद्या मंदिर म्याऊं में बाल विवाह मुक्त भारत के 100 दिवसीय विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

बाल विवाह एक गैर कानूनी कार्य है इसी कारण सरकार ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 का प्रावधान किया है जिसमें बाल विवाह करने एवं कराने वाले सभी लोगों के लिए 01 लाख रुपए जुर्माना और 02 साल की सजा का प्रावधान है। प्रोग्राम मैनेजर गंगा सिंह द्वारा उपस्थित सभी बच्चों एवं स्टाफ को जनपद बदायूं में पांच विकास खण्ड में 50 ग्राम पंचायतों में चलाए जा रहे बाल विवाह, बाल श्रम, बाल यौन शोषण एवं बाल तस्करी पर जागरूकता कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी।

जिला मिशन कॉर्डिनेटर छवि वैश्य द्वारा बताया गया है कि विवाह के समय लड़की की आयु 18 वर्ष एवं लड़के का 21 वर्ष होना चाहिए। कि अगर आपके आसपास लड़के या लड़की का बाल विवाह हो रहा हो तो आप 1098 ,1090 ,181,112 पर कॉल करके जानकारी दे सकते है जिसमे जानकारी प्रदान करने वालो की जानकारी गोपनीय रखी जायेगी। इस क्रम में प्रतिक्षा मिश्रा वन स्टाफ सेंटर से सेंटर मैनेजर द्वारा महिलाओं के अधिकार व शोषण के बारे में जानकारी गई। इस के साथ एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग से कांस्टेबल रवि कुमार द्वारा बच्चों के लिए बताया गया कि आपका उद्देश्य अभी पढ़ने लिखने व खेलने का है न कि गलत कार्यों में जाना है जिन्दगी तो पढ़ने खेलने से ही बनेगी न कि गलत कार्यों से।

इसी क्रम में उप निरीक्षक इंद्र पाल सिंह द्वारा अपने विभाग की जानकारी दी कि किसी बच्चे का शोषण हो रहा है चाहें विद्यालय में या घर में सूचना प्राप्त होने पर हमारी टीम उसके पास पहुंच कर बच्चे को शोषण से बचाने का कार्य करती है। और बच्चों को बताया गया कि हमें अपने को देखना है न कि दूसरे को हम गलत कार्यों में न जाए। इसी के साथ चाइल्ड हेल्पलाइन से काउंसलर मुल्तजीम द्वारा बच्चों के शोषण व शिक्षा पर जानकारी दी। इसके उपरांत काउंसलर चेतना द्वारा उपस्थित सभी को बाल विवाह न करने व न होने देने की शपथ दिलाई है कार्यक्रम में विद्यालय से प्रभारी प्रधानाचार्य डॉक्टर रिहाना, सुमिता गोला, सरता रानी एवं शिखा उपाध्याय उपस्थित रहे।

## डीएम के निर्देश पर मीट शाप का पंजीकरण निरस्त

संभल। जिलाधिकारी के निर्देशन में कार्य करते हुए ग्राम मदाला फतेहपुर थाना असमोली, जनपद संभल स्थित शाने आलम मीट शॉप (शाने आलम पुत्र मो असलम)व नाजिम मीट शॉप (नाजिम पुत्र भूरे) उपरोक्त दोनों संचालकों पर उ प्र गौवध निवारण अधिनियम के अंतर्गत मुक़दमा पंजीकृत होने के दृष्टिगत पूर्व में मीट शॉप का पंजीकरण निलंबित कर अपना उत्तर/स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे। उपरोक्त दोनों मीट शॉप संचालकों द्वारा कोई भी संतोषजनक प्रतिउत्तर/जवाब प्रस्तुत नहीं किए जाने पर उपरोक्त दोनों मीट शॉप के खाद्य पंजीकरण निरस्त/रद्द कर दिए गए है एवं मीट शॉप्स को स्थायी रूप से बंद रखने के निर्देश दिए गए है। इसके अतिरिक्त *चाँद आलम मीट शॉप, सिरसी (चांद आलम पुत्र शमसुद्दीन) के प्रतिष्ठान की धार्मिक स्थल से दूरी खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 व नियम एवं विनियम 2011 में निहित प्रावधानों के अनुरूप ना होने के कारण खाद्य पंजीकरण निलंबित किया गया है एवं मीट शॉप को तत्काल बंद करने के निर्देश दिए गए है। निर्धारित अवधि में संतोषजनक जवाब/स्थान परिवर्तन ना करने पर पंजीकरण निरस्त कर दिया जाएगा।

## सपा प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत के दौरान सपा व भाजपा के कार्यकर्ता आमने-सामने



रायबरेली। बुधवार शाम तकरीबन 3:30 बजे के आसपास रायबरेली एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल का समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कस्बे के मुख्य चौराहे पर स्वागत किया, तो वहीं भाजपा कार्यकर्ता उनके स्वागत कार्यक्रम का विरोध करते हुए नजर आये। प्राप्त जानकारी के अनुसार कस्बे के मुख्य चौराहे पर हुए स्वागत कार्यक्रम में सपा-भाजपा के कार्यकर्ता आमने-सामने नजर आए। जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने मोदी, योगी, जय श्री राम के नारों से समाजवादी के प्रदेश अध्यक्ष के सम्मुख अपना विरोध जताया, तो वहीं समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जय अखिलेश, जय समाजवाद, जय श्यामलाल के नारों से प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। खैर सपा के प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत कार्यक्रम के दौरान स्थानीय पुलिस पूरी सक्रियता के साथ तत्पर नजर आई और माहौल को सकारात्मक बनाए रखा। जिससे विरोध और स्वागत नारों तक ही सीमित रहा, किसी विवाद की स्थिति उत्पन्न नहीं हुई। परंतु ताज्जुब की बात तो तब सामने निकल कर आई, जब प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत कर रहे समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं में से किसी ने स्थानीय विधायक श्याम सुंदर भारती को धक्का मारकर किनारे कर दिया, अपने साथ हुई इस घटना का बखान पार्टी विधायक स्वयं प्रदेश अध्यक्ष के सामने करते नजर आए, जिस पर प्रदेश अध्यक्ष ने भी कौन है, जो यह कर रहा है, की प्रतिक्रिया दी और अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने भी उक्त घटना पर प्रतिक्रियाएं दी। जिसका वीडियो कैमरे में कैद हो गया, जो इस स्वागत कार्यक्रम के दौरान चर्चा का विषय बन गया। प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत कार्यक्रम के इस मौके पर पार्टी के जिला सचिव प्रमोद चौधरी, हरीश चौरसिया, विधानसभा अध्यक्ष बृजेंद्र चौधरी, देशराज यादव, राजेश यादव, देवता दीन, ओमप्रकाश रावत, राजेंद्र यादव, एडवोकेट विनय यादव सहित क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं विरोध करने भाजपा कार्यकर्ताओं में हरिओम चतुर्वेदी, किसान नेता धीरेंद्र प्रताप सिंह (ज्योति),मोहन महाराज सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने किया रैन बसेरों का निरीक्षण

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने शीतलहर के दृष्टिगत मंगलवार देर शाम को शहर में नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत संचालित रैन बसेरों व अलाव केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया एवं वहां पर उपलब्ध कराई गई सुविधाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने रैन बसेरों के निरीक्षण के दौरान वहां पर पीने के पानी की व्यवस्था, शौचालय आदि की जानकारी ली तथा रैन बसेरों में रहने वाले लोगों से भी उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के समय सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई। उन्होंने रैन बसेरों के संचालकों को शीतलहर के दृष्टिगत पर्याप्त मात्रा में बेड, कम्बल एवं अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए द्य जिलाधिकारी ने कहा कि रैन बसेरे में अतिरिक्त कंबल तथा अलाव की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। साथ ही समस्त रैन बसेरों में समुचित साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए।निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) अमृता सिंह,सिटी मजिस्ट्रेट राम अवतार, ईओ नगर पालिका स्वर्ण सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी आदि उपस्थित रहें।

## डीएम ने क्षतिग्रस्त गल्ला मंडी के उपरिगामी सेतु का किया निरीक्षण



रायबरेली । जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने क्षतिग्रस्त गल्ला मंडी स्थित रेल उपरिगामी सेतु का निरीक्षण कर जायजा लिया। उल्लेखनीय है कि जहानाबाद से रतापुर मार्ग में गल्ला मंडी स्थित रेल उपरिगामी सेतु क्षतिग्रस्त हो जाने की वजह से यातायात के आवागमन हेतु बंद कर दिया गया था। सेतु के मरम्मत कार्य की शासन से वित्तीय स्वीकृति मिलने के पश्चात कार्यदायी संस्था सेतु निगम द्वारा मरम्मत की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। निरीक्षण के समय प्रोजेक्ट मैनेजर सेतु निगम पूजा श्रीवास्तव द्वारा अवगत कराया गया कि 01 माह में क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत कराकर हल्के वाहनों के आवागमन हेतु खोल दिया जायेगा, शेष अन्य कार्यों की मरम्मत लगभग 02 माह में पूर्ण करा लिया जायेगा। कार्य पूर्ण करने की समय सीमा मार्च 2026 निर्धारित है। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था व सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित कराने के लिए आईआईटी से समय-समय पर जांच कराई जाए, ताकि निर्माण कार्य में किसी तरह की कमी न हो। निर्माण कार्य में सुरक्षा और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। कार्य का समयबद्ध व मानक के अनुरूप पूर्ण कराया जाए, जिससे आम जनमानस का आवागमन सुगम बन सके। निरीक्षण के समय अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अधिशाषी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग महिपाल सिंह चौहान सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# बदायूं में 10 ईंट भट्टे होंगे बंद, घटेगी सरकार की रॉयल्टी आय ,ईंट कारोबार पर ब्रेक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**जिले के 10 ईंट भट्टा संचालकों ने स्वेच्छा से अपने भट्टे बंद करने की अनुमति के लिए खनन विभाग में आवेदन किया है**

बदायूँ। भट्टा संचालकों की मुश्किलें इतनी बढ़ चुकी हैं कि कम होने का नाम ही नहीं ले रही हैं। इससे आजिज आकर कई भट्टा संचालकों ने खनन विभाग के खनन अधिकारी से अपने अपने भटटों कों बंद करने कि अनुमति मांगी है। अब तक जिले में आंकड़ों के अनुसार 220 ईंट भट्टा संचालित हो रहे थे। जिले में ईंट उद्योग से जुड़ी गतिविधियों में कमी आने जा रही है।

जिले के 10 ईंट भट्टा संचालकों ने स्वेच्छा से अपने भट्टे बंद करने की अनुमति के लिए खनन विभाग में आवेदन किया है। इन भट्टों के बंद होने से न केवल स्थानीय ईंट कारोबार प्रभावित होगा, बल्कि सरकार को मिलने वाले राजस्व में भी कमी आएगी। जिले में वर्तमान में कुल 220 ईंट भट्टे संचालित हैं, जिनमें से 10 भट्टा संचालकों ने कारोबार बंद करने का निर्णय लिया है। खनन अधिकारी गुलशन कुमार के अनुसार, संबंधित भट्टों का सत्यापन कराया जा रहा है। सत्यापन प्रक्रिया पूरी होने के बाद नियमों के तहत भट्टे बंद करने की अनुमति प्रदान की जाएगी। ईंट भट्टों के बंद होने से सरकार को रॉयल्टी के रूप में मिलने वाली आय प्रभावित होगी। इन 10 भट्टों से अब विभाग को राजस्व प्राप्त नहीं होगा, जिससे सरकारी खजाने पर प्रतिकूल असर पड़ना तय माना जा रहा है।बंद होने वाले ईंट भट्टों में जय अंबे ईंट उद्योग (खंडूआ, उघेती), श्रीराम ईंट उद्योग (बढ़ोली, बिल्सी), श्री जी ईंट उद्योग (दातागंज), खान ब्रिक उद्योग (दातागंज), मालपानी ब्रिक उद्योग (बिल्सी), दुआ ब्रिक उद्योग (सिसेया, दातागंज), साहू ईंट उद्योग (कछला), विष्णु ईंट उद्योग (वजीरगंज), ओम साईं राम ईंट उद्योग (दीधोनी, बिल्सी) और बाबा ईंट उद्योग (अंबियापुर, बिल्सी) शामिल हैं। विभागीय स्तर पर सभी आवेदनों पर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

# ऑपरेशन कन्विक्शन: सम्भल पुलिस की प्रभावी पैरवी से दहेज हत्या के आरोपी को साढ़े पांच साल की सजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत सम्भल पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। दहेज हत्या के एक मामले में प्रभावी विवेचना एवं सशक्त पैरवी के चलते न्यायालय ने आरोपी को साढ़े पांच वर्ष के कारावास तथा अर्थदंड से दंडित किया है। पुलिस के अनुसार, थाना असमोली जनपद सम्भल में पंजीकृत मु0अ0सं0 240/2017, धारा 304बी/498ए भादवि एवं दहेज प्रतिषेध अधिनियम'' के अंतर्गत दर्ज मामले में अभियुक्त नासिर पुत्र ताहिर, निवासी ग्राम नई बस्ती वेला, थाना असमोली को दोषी ठहराया गया। न्यायालय एफटीसी-01, जनपद मुरादाबाद'' द्वारा अभियुक्त को दोष सिद्ध करते हुए ''05 वर्ष 06 माह का कारावास एवं 25,000 रुपये के अर्थदंड'' से दंडित किया गया। इस मामले में सम्भल पुलिस द्वारा की गई गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन की प्रभावी पैरवी के चलते आरोपी को सजा दिलाई जा सकी। सजा दिलाने में अशोक कुमार, एडीजीसी, हेड कांस्टेबल सतीश कुमार (कोर्ट पैरोकार), थाना असमोली एवं कोर्ट मोहर्रिर कांस्टेबल प्रशांत मिश्रा का सराहनीय योगदान रहा। सम्भल पुलिस ने बताया कि ्ग्लऑपरेशन कन्विक्शनङ्क अभियान के तहत अपराधियों को न्यायालय से सजा दिलाने के लिए आगे भी इसी प्रकार सख्त और प्रभावी कार्रवाई जारी रहेगी।

# डीएम की अध्यक्षता पेंशनर्स दिवस का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन सभागार में पेंशनर्स दिवस का आयोजन किया गया।

बैठक में जिलाधिकारी ने उपस्थित जनपद के समस्त आहरण वितरण अधिकारियों को सेवानिवृत्ति, सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों, अधिकारियों के पेंशन के लाभ को समय सीमा के अंतर्गत भुगतान किए जाने के संबंध में निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा 90 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके पेंशन धारकों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। बैठक में पेंशनर्स संगठनों के पदाधिकारियों द्वारा जिलाधिकारी से पेंशन संबंधी समस्याओं के समाधान की मांग की गई। जिलाधिकारी ने पेंशन दिवस को संबोधित करते हुए कहा कि पेंशन धारकों को चिकित्सा सुविधा देने हेतु लंबित पत्रावलियों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, जो कर्मचारी, अधिकारी सेवानिवृत्त हो रहे हैं उनके देयकों का भुगतान की कार्रवाई शीघ्र की जाए, सेवानिवृत्ति कर्मियों के समस्त पेंशनरी देयक, चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति आदि का भुगतान समयबद्ध व प्राथमिकता के साथ किया जाए, इसमें किसी भी प्रकार का विलम्ब न किया जाए। इस मौके पर पेंशनरों द्वारा अपने विभाग से संबंधित समस्याओं से अवगत कराया गया, पेंशनर्स संघ द्वारा ट्रेजरी से कोई समस्या न होना बताया गया। जिलाधिकारी ने अन्य विभागों से होने वाली समस्याओं के निस्तारण हेतु वरिष्ठ कोषाधिकारी को निर्देश दिए कि पेंशन धारकों के प्रकरणों का निस्तारण समय से किया जाए, जिससे पेंशनरों को किसी प्रकार की कोई समस्या न उत्पन्न हो। इस अवसर पर वरिष्ठ कोषाधिकारी डॉ0 भावना श्रीवास्तव सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण पेंशनर्स संगठनों के प्रतिनिधिगण व पेंशनर्स उपस्थित रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रबंध समिति की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय रायबरेली में बहुप्रतिक्षित, विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक जिलाधिकारी महोदया की अध्यक्षता में संपन्न हुई समिति के सदस्यों में अपर जिलाधिकारी न्यायिक, उप जिलाधिकारी महराजगंज, प्रतिनिधि मुख्य चिकित्साधिकारी रायबरेली, अधिषासी अभियंता (विद्युत वितरण खण्ड-2) रायबरेली, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक षिक्षाधिकारी प्राचार्य केन्द्रीय विद्यालय, प्राचार्या एसजेएस पब्लिक स्कूल महराजगंज, प्राचार्य डॉ एसपी त्रिपाठी सदस्य सचिव, उप-प्राचार्य डॉ यज्ञनाथ मिश्रा, जीपी मिश्रा, बिनीत कु पाठक, शफक शमसी, वरिष्ठ, सुनील कुमार सिंह, कार्याअधी0, अभिभावक राजू मिश्रा, विनीता सिंह उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारम्भ, दीप प्रज्जवलन एवं स्वागत गीत से हुआ। बैठक में प्रबंध समिति की जिलाधिकारी महोदया की अध्यक्षता में विभिन्न बिन्दुओं पर प्राचार्य महोदय ने चर्चा की । जैसे विद्यालय में टूटी हुई सड़कों के निर्माण के संबंध में, ओवर हेड के विषय में, नव निर्मित छात्रावास की चहारदीवारी, बिजली के तारों के नवीनीकरण, छात्रावास में आरो मेगा प्लान्ट, 65 केवीए जेनसेट उपलब्ध कराने के बारे में चर्चा हुई साथ ही विद्यालय के निकट बनी देषी शराब की दुकान हटाने के संबंध में तथा विद्यालय परिसर से बाहर की विद्यालय के जमीन पर अतिक्रमण को हटाने, विद्यालय परिसर में बने क्षतिग्रस्त स्टेडियम को बनवाने का आष्वासन दिया। जिलाधिकारी महोदया प्रषासन को उचित कार्यवाही करने के लिए संबंधित अधिकारियों को तुरंत निर्देषित किया।छात्रों द्वारा विज्ञान प्रदर्षनी का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। छात्रों द्वारा ताइक्वाडों की प्रस्तुतीकरण की गयी एवं छात्रों ने अपने द्वारा बनायी गई पेंटिग को जिलाधिकारी महोदया को प्रदान किया। छात्रों द्वारा प्रस्तुत सभी कार्यक्रमों को जिलाधिकारी महोदया एवं सम्मिलित सभी अधिकारियों ने सराहना की। अंत में विद्यालय के प्राचार्य डॉ एसपी त्रिपाठी ने जिलाधिकारी महोदया तथा इस बैठक में सम्मिलित सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# विकास की चकाचौंध में गुम हुआ वजीरगंज ग्राम पंचायत का विकास

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा । उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्य नाथ की सरकार जिस तरह से गाँवों के विकास के लिये पानी की तरह पैसा बहा रही है,वह पै सा ग्राम प्रधानो और सचिवों के भ्रष्टाचार की भें ट कैसे चढ़ रही हैं ये देखना हों तो विकास खंड वजीरगंज के आदर्श ग्राम सभा वजीरगंज से बे हतर उदाहरण और कुछ भी नहीं हो सकता।ज हाँ लाखों रुपयों से बने मानक विहीन निर्माण और विकास कार्य या तो बदहाल होकर धूल फाँक रहे हैं या फिर वह अपनी अंतिम सांसे गि न रहे हैं।दिलचस्प तो यह है कि,इस बदहाली के बावजूद कागजों में विकास पर आंखें मूंदक र ग्राम प्रधान को तमगे दिये जा रहे हैं,जिससे वजीरगंज का विकास इन्हीं तमगों में खोकर अ पनी बदहाली पर आंसू बहाने के लिए मजबूर है।हालांकि,जिले के जिम्मेदार अबतक कई बार यहाँ आये और गये पर उन्होंने इस ऐतिहासिक इलाके की बदहाली और इसके विकास में प्र धान और पंचायत सचिव के जमकर किये गये भ्रष्टाचार को देखना गवारा नहीं समझा।बताया जाता है कि,जिले के प्रमुख जिम्मेदारों को प्रधा न की ओर से मिलते मंहगे गिफ्ट के चलते इस ग्राम सभा की बदहाली पर उन्होंने कभी नजर नहीं डाली हालांकि यह आम चर्चा है जिसकी कैनविज टाइम्स पुष्टि नहीं करता,पर सवाल तो हैं ही कि,करोड़ों रुपये के अब तक विकास का यों की मानीटरिंग नहीं की गई। जिसके चलते लाखों का काम हजारों में खत्म कर ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव खूब मालामाल होते रहे और आम लोगों की बुनियादी सुविधाओं और विका स के लिये आया सरकारी रुपया इन भ्रष्टाचारि यों के भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया।

**धूल फाँक रहा प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र**

ग्राम सभा में बल्लापुरवा मजरे में लगभग पन्द्र ह लाख रुपए की लागत से बनाया गया प्ला स्टिक अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र का एक वर्ष पूर्व उद्घाटन करते हुये तत्कालीन डीएम नेहा शर्मा और निवर्तमान सीडीओ अंकिता जैन ने इस ग्राम सभा के विकास एवं रोजगार सृजन की दिशा में मील का पत्थर बताते हुये बड़े-बड़े दावे किये थे,जिसपर उस समय मीडिया ने सवाल भी किया था कि,उद्घाटन के बाद कहीं यह धूल फांकते हुये न नजर आये तब डीएम ने इसकी मानीटरिंग की बात कही थी। लेकिन उद्घाटन के बाद से ही बंद इस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र में गजे कचरे के गट्ठर अब वहाँ की आबोहवा प्रदूषित कर रहे हैं।बावजूद इसके मानीटरिंग की जिम्मेदारी संभालने वाले अधिकारियों ने अब तक यह जानने की भी कोशिश नहीं की कि,यह किस हाल में है।

**सेल्फी प्वाइंट हो रहा खंडहर में तब्दील**

आदर्श ग्राम सभा वजीरगंज में पंचायत भवन के सामने लगभग चार लाख रुपए की कीमत से बनाया गया सेल्फी प्वाइंट बनने और उद्घा टन के बाद बदहाल स्थित




में पहुँच गया है।सेल्फी प्वाइंट के अंदर-बाहर उगी बड़ी-बड़ी झाड़ियां टूटे फव्वारे,उजड़ रही टाइलें और अंदर व आसपास कूड़े-करकट का ढेर अपने आप ही इसकी बदहाली की कहानी बयां कर रही हैं।

**आरसीसी सड़क व नाली निर्माण में भ्रष्टाचार**

लगभग दो वर्ष पूर्व कस्बे से सटे गिरधारी पुरवा गाँव में किये गये मानक विहीन नाली निर्माण और लगभग एक वर्ष पूर्व किये गये सौ मीटर आरसीसी सड़क निर्माण में ग्राम प्रधान व पंचा यत सचिव के द्वारा किये गये जमकर भ्रष्टाचार साफ-साफ दिखाई दे रहा है।गाँव में जहाँ नाली का निर्माण मानक विहीन तरीके से बनाकर रु पये सरकारी धन को हड़पा गया है वहीं नाली बनाते समय उसके किनारे लगभग आधा मीटर तोड़ी गई सड़क आज तक वैसे ही पड़ी दुर्घटना का कारण बन रही है।इसी के साथ एक वर्ष पू र्व बनाई गयी सौ मीटर आरसीसी सड़क में क हीं कच्ची जमीन और कहीं पीली और पुराने ईंटों की बज़ड़ी पर ही लिपाई कर दी गई। हालां कि इसकी खबर उस समय मीडिया में चली तो तत्कालीन इमानदार एडीओ पंचायत रवी मिश्रा ने इसकी जाँच कराई थी और इसके मानक वि हीन होने पर निर्माण रुकवा दिया था।जिससे खफा हो तत्कालीन डीएम के कथित मुंह लगे प्रधान ने उनकी शिकायत कर उन्हें हटवाकर उनकी जगह आये भ्रष्ट एडीओ पंचायत गणेश सिंह की मदद से निर्माण पूरा कराते हुये सर कारी रुपये डकार लिये थे।

**कस्बे में लगे उजड़े निष्क्रिय सीसीटीवी कैमरे**

सरकार और प्रशासन की ग्रामवासियों की सुरक्षा हेतु लाये गये महत्वाकांछी सीसीटीवी कैमरों से लैस ग्रामसभा के तहत वजीरगंज में लगाये गये सीसीटीवी कैमरे एक वर्ष के भीतर ही पोलों पर निष्क्रिय और उजड़े हुये हैं। जो इसमें किये गये भ्रष्टाचार की पोल खुद ही खोल रहे हैं।इसमें सरकारी पैसों का जमकर बंदरबांट ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव द्वारा किया गया है।लोगों का कहना है कि, कस्बे में विद्युत पोलों पर लाखों की कीमत के लगाये गये सुर क्षा की दृष्टिगत से ये सीसीटीवी कैमरे लगने के बाद कुछ दिन चले उसके बाद निष्क्रिय होकर नष्ट होने के कगार पर पहुंच गये हैं तथा जगह-जगह इन कैमरों के टूटे हुये तार इसमें हुये भ्रष्टाचार की कहानी खुद ही कह रहे हैं।

**स्वच्छता मिशन की उड़ा रहे धज्जियाँ**

वजीरगंज कस्बे में जगह-जगह लगे कूड़े-करकट के अंबार इस आदर्श ग्रामसभा में चारों ओर गंदगी बिखेर रहे हैं,जो सरकार व प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता मिशन की धज्जि याँ उड़ा रहे हैं।हालांकि,गोण्डा-अयोध्या हाइवे पर स्थित इस कस्बे से होकर आये दिन उच्चा धिकारी और जन प्रतिनिधि गुजरते रहते हैं ले किन इस ओर देखना कोई भी गवारा नहीं सम झता। बताया जाता है कि,कूड़ा उठाने के लिये लाई गई कूड़ा गाड़ी प्रधान द्वारा व्यक्तिगत प्रयो ग में ली जाती है या फिर पंचायत भवन के एक कोने में खड़ी होकर धूल फांक रही होती है।

**कस्बे में बदहाल सोलर लाइट**

ग्रामसभा व कस्बे में रोशनी के लिये लाखों की लागत से लगाई गई मानक विहीन स्ट्रीट लाइटें बदहाल स्थित में पहुँच चुकीं हैं।लोगों की माने तो यह स्ट्रीट लाइटें घटिया व लोकल क्वालिटी की लगाईं गई हैं,जबकि,इनके नाम पर अच्छी कंपनियों की स्ट्रीट लाइटों के रुपये निकालकर प्रधान व पंचायत सचिव ने डकार लिये हैं।इस लिए यह लाइटें इतनी जल्दी खराब हो गई हैं।

**निष्प्रयोज्य स्थित बस स्टैण्ड बना वाहन पार्किंग**

लाखों की कीमत से सीएचसी के मेन गेट के बगल स्थित सार्वजनिक शौचालय के सामने लाखों की लागत से बनाये गये रोडवेज बस स्टैण्ड बनने के बाद से ही निष्प्रयोज्य पड़ा हुआ धूल फाँक रहा है।यह बस स्टैण्ड अब लोगों के लिये वाहन पार्किंग के साथ मानसिक रूप से विक्षिप्तों का अड्डा बन चुका है।लोगों का कह ना है कि,यहाँ कोई बसें नहीं रुकतीं और सीए चसी के बगल इस बस स्टैण्ड के होने से अक्स र यहाँ एंबुलेंस व मरीजों को लाने ले जाने में असुविधा होती है।

**बंद पड़ा जनसेवा केंद्र**

वजीरगंज पंचायत भवन में लोगों के जाति निवास,पेंशन समेत अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिये आनलाइन व्यवस्था हेतु बनाया गया जनसेवा केंद्र निष्प्रयोज्य बनकर रह गया है।हमेशा इस केंद्र पर ताला लगा रहता है,जिसके चलते यहाँ के लोगों को आनलाइन कराने के लिये लोकवाणी केंद्रों का चक्कर ल गाना पड़ता है।

**बारादरी के सौंदर्यीकरण के नाम पर भ्रष्टाचार**

वजीरगंज की पहचान और ऐतिहासिक बाराद री के आसपास सौंदर्यीकरण के नाम पर लाखों रुपये तो निकाल लिये गये पर वहाँ सौंदर्यीक रण नहीं हुआ।अलबत्ता कुछ पेड़ जो लगाये गये थे उसे भी पशुओं ने चरते हुये खत्म कर दिया।लोगों का कहना है कि,लाखों रुपये निकालने के बावजूद बारादरी के आसपास कुछ नहीं हुआ और सारा रुपया प्रधान और सचिव के भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया।

**रसूखदार प्रधान रखता है जिम्मेदारों को खुश**

वजीरगंज के रसूखदार ग्राम प्रधान को मीडिया की सुर्खियाँ बनना व जिम्मेदारों को खुश रखने में महारत हासिल है।लोग बताते हैं कि जिम्मे दारों को खुश रखने का कोई भी मौका नहीं छोड़ता व किसको किस तरह से अपने फ़ेवर में करना है बहुत अच्छी तरह से आता है।शायद यही वह वजह है कि,कोई भी जिम्मेदार इस आदर्श ग्राम सभा वजीरगंज यहाँ के रहने वाले लोगों की बदहाली तथा विकास कार्यों में किये गये भ्रष्टाचार दिखाई नहीं देते।जिसकी वजह से प्रधान व सचिव का भ्रष्टाचार बदस्तूर जारी है।

# ह्यूमैनिटी यूथ फाउंडेशन ने बांटे कंबल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बहराइच। जहां एक ओर पूरा शहर रविवार की रात गहरी नींद में सो रहा था, वहीं मानवता और सेवा का एक अद्भुत उदाहरण ह्यूमैनिटी यूथ फाउंडेशन (एच वाई एफ) की टीम ने पेश किया। एच वाई एफ के अध्यक्ष मोहम्मद सलमान के एक भावनात्मक संदेश पर, टीम ने देर रात 11 बजे कड़कड़ाती ठंड में सड़कों पर सो रहे ज़रूरतमंदों तक कंबल पहुँचाने का काम किया। अध्यक्ष का भावनात्मक संदेश बना प्रेरणा। देर रात करीब 11 बजे, एच वाई एफ के अध्यक्ष मोहम्मद सलमान ने अपनी टीम के ग्रुप में एक संदेश भेजा। उन्होंने लिखा कि कुछ दिन पहले उन्होंने रात में लोगों को ठंड से परेशान होकर सड़क किनारे लेटे हुए देखा था, और तब से उन्हें नींद नहीं आ रही थी। अध्यक्ष की इस बात को गंभीरता से लेते



हुए, टीम के सदस्यों ने तुरंत कार्रवाई का फैसला लिया। देर रात चला कंबल वितरण अभियान अध्यक्ष के संदेश के तुरंत बाद, एच वाई एफ के कार्यालय से टीम ने कंबल लिए और शहर के ज़रूरतमंदों तक पहुँचने का काम शुरू किया। कंबल वितरण की शुरुआत अमीरमह से हुई।

इसके बाद टीम ने रेलवे स्टेशन, पानी टंकी, हुजूरपुर रोड और बहराइच रोडवेज तक का दौरा किया और खुले आसमान के नीचे सो रहे गरीबों, बुज़ुर्गों और बेसहारा लोगों को ठंड से बचाने के लिए कंबल वितरित किए।

टीम के सदस्य रहे मौजूद इस मानवता भरे अभियान में संस्था के कई प्रमुख सदस्य मौजूद रहे, जिनमें डॉ. दानिश (सचिव), डॉ. राशिद (उपसचिव), मास्टर रेहान एडिटर, सदस्य नसरुल्ला, और कैमरा मेन सईदुर्रहमान शामिल थे। संस्था अध्यक्ष मोहम्मद सलमान ने इस मौके पर कहा कि उनका यह अभियान जारी रहेगा और इस ठंड में अन्य ज़रूरतमंदों तक भी कंबल पहुँचाने का काम लगातार किया जाएगा। उन्होंने सस्था के नारे को दोहराते हुए कहा कि हर ज़रूरतमंद तक मदद पहुँचाने का संकल्प ही उनका मुख्य उद्देश्य है, और उनकी टीम पूरी कोशिश करती है कि यह मदद असल ज़रूरतमंदों तक पहुँचे।अध्यक्ष ने बहराइच के सभी नागरिकों से भी अपील की है कि वे इस नेक काम में संस्था का सहयोग करें, ताकि वे और भी बेहतर ढंग से समाज सेवा के कार्यों को आगे बढ़ा सकें।

# फीस रेगुलेशन बिल को लेकर नेता विरोधी दल से मिला छात्र पंचायत का प्रतिनिधि मंडल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा:विधानसभा भवन हजरत गंज लखनऊ में नेता विरोधी दल माता प्रसाद पाण्डेय से राष्ट्री य छात्र पंचायत का प्रतिनिधि मंडल फीस रेगुले शन बिल को सदन में प्रस्तुत करने की मांग की इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पाण्डेय ने बताया कि फीस रेग्युलेशन बिल को लेकर कई महीनों से हम लोग आंदोलन प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन योगी आदित्यनाथ की सरकार में



कोई सुनवाई नहीं कर रही हैं। इस विषय को लेकर छात्र पंचायत का एक प्रतिनिधि मंडल नेता विरोधी दल से मिल कर आवाज उठाने के लिए ज्ञापन सौंपा है।वही अमन बहादुर सिंह ने बताया कि जिस प्रकार से प्रयाग राज मे छात्रों को बुरी तरीको से मारा पीटा गया है ये बहुत ही निंदनीय हैं। इस विषय को भी सदन मे उठाया जाए नेता विरोधी दल ने आश्वासन दिया है कि हम आवाज जरूर उठाएंगे।इस अवसर पर हि मांशु तिवारी,अभय,प्रियांशु,अजय यादव अमन बहादुर सिंह आदि मौजूद रहे।

## इन्दिरा स्टेडियम में आयोजित होगा सांसद खेल महोत्सव 2025

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। लोकसभा क्षेत्र–56 बहराइच अन्तर्गत 23 से 25 दिसम्बर 2025 तक इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम बहराइच में 'सांसद खेल महोत्सव 2025' जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने बताया कि प्रतियोगिता के प्रथम दिन 23 दिसम्बर धद्ध को बालक एवं बालिका वर्ग की हॉकी, कबड्डी, वालीबाल एवं बालक वर्ग फुटबाल प्रतियोगिता, 24 दिसम्बर 2025 को बालक व बालिका वर्ग की खो–खो, तीरन्दाजी, एथलेटिक्स एवं दिव्यांग खेलों का आयोजन होगा। जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता के समापन अवसर पर 25 दिसम्बर 2025 को पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित होगा। जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में विधानसभा स्तर पर महसी, मटेरा, बहराइच, बलहा एवं नानपारा में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं के विजेता एवं चयनित खिलाडियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा।

## प्रभारी मंत्री का जनपद आगमन आज

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रदेश के मा. मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग/प्रभारी मंत्री जनपद बहराइच श्री सूर्य प्रताप शाही का 18 दिसम्बर 2025 को जनपद आगमन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। मा. प्रभारी मंत्री श्री शाही 18 दिसम्बर 2025 को पूर्वान्ह 11:30 बजे विकास खण्ड चित्तौरा अन्तर्गत ग्राम सूरजाामाफी में आयोजित किसान पाठशाला कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। तदोपरान्त अपरान्ह 01:00 बजे किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय पहुंचकर अखिल भारतीय विश्व हिन्दू परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। मा. मंत्री श्री शाही अपनी सुविधानुसार अन्य स्थानीय कार्यक्रमों में भी सम्मिलित होंगे। यह जानकारी देते हुए प्रभारी अधिकारी वीआईपी/नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि मा. प्रभारी मंत्री सांय 05:00 बजे लखनऊ के लिए प्रस्थान कर जायेंगे।

# नानपारा में विधायक खेल प्रतियोगिता का सफल आयोजन, खिलाड़ियों ने दिखाया शानदार प्रदर्शन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नानपारा, बहराइच। नानपारा स्थित सआदत इंटर कॉलेज से संबद्ध खेल मैदान में युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के तत्वावधान में विधायक खेल प्रतियोगिता का भव्य एवं सुव्यवस्थित आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बालक-बालिका सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग के खिलाड़ियों ने विभिन्न खेल विधाओं में उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रभावी प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन हुआ। इसके



पश्चात मेहरवान नगर स्कूल के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। विधायक ने शांति एवं सद्भाव का संदेश देते हुए कबूतर और गुब्बारे उड़ाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। खेल प्रतियोगिताओं में 100 मीटर दौड़ के सीनियर बालिका वर्ग में रचना गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं सीनियर बालक वर्ग में शिवम यादव एवं गयासुद्दीन ने प्रथम स्थान हासिल किया। सब जूनियर बालक वर्ग में साजिद तथा जूनियर बालिका वर्ग में सावित्री प्रथम स्थान पर रहीं। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में सब जूनियर पीएम श्री वैवाही टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कबड्डी के जूनियर बालिका वर्ग में राम नारायण मदेशिया की टीम विजेता रही। पतरहिया विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रस्तुत पीटी प्रदर्शन ने दर्शकों का मन मोह लिया, जिस पर उपस्थित लोगों ने तालियों से उत्साह बढ़ाया। इसके अतिरिक्त लंबी दौड़, लंबी कूद, गोला फेंक, चक्का फेंक, बैडमिंटन सहित अन्य खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिनमें खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताएं देर शाम तक चलीं।समापन अवसर पर आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में विधायक रामनिवास वर्मा ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी, खंड विकास अधिकारी बलहा अर्पणा, खंड विकास अधिकारी नवाबगंज राहुल पाण्डे, खंड शिक्षा अधिकारी बलहा अरुण कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी शिवपुर राम तिलक, खंड शिक्षा अधिकारी नवाबगंज राधेश्याम, भाजपा पिछड़ा वर्ग के जिला अध्यक्ष कृपा राम वर्मा, नगर अध्यक्ष भाजपा रेखा पांडेय, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी बलहा अजय गुप्ता सहित अनेक प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, शिक्षकगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।आयोजन की विशेषता यह रही कि प्रतिभागी खिलाड़ियों के लिए भोजन एवं स्वच्छ पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई थी, जिसकी उपस्थित लोगों ने सराहना की। सुरक्षा व्यवस्था के लिए राजा बाजार चौकी प्रभारी राम गोविंद वर्मा पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक अमित कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया।

# गोण्डा नगर पालिका परिषद में ठेके की आड़ में गुंडागर्दी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

ऑटो चालकों से अवैध वसूली का खेल नगर कोतवाली क्षेत्र में दहशत का माहौल

गोंडा। उत्तर प्रदेश के गोण्डा जिले में नगर पालि का परिषद के द्वारा दिए गए ठेके की आड़ में खुलेआम गुंडागर्दी और अवैध वसूली का गंभीर मामला सामने आया है। नगर कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत रोडवेज पुलिस चौकी क्षेत्र में ऑटो चालकों से जबरन वसूली हों रही सूत्र बता रहे

हैं कि आए दिन लोगो के साथ गाली-गलौज औ र मारपीट के आरोप लगते रहते हैं।वही एक बा र फिर प्रशासन और नगर पालिका परिषद की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जान कारी के अनुसार,नगर पालिका परिषद गोंडा में

ऑटो स्टैंड के लिए ठेका दिया गया है। नियमों के तहत ठेकेदार को केवल निर्धारित स्थल में खड़े ऑटो वाहनों से ही नियत शुल्क वसूलने का अधिकार है।



लेकिन आरोप है कि ठेकेदार द्वारा इन नियमों को दरकिनार कर बहराइच रो ड पंजाब नेश नल बैंक से लेकर आनंद समोसा तक ऑटो चालकों से जबरन वसूली की जा र ही है।

गुंडागर्दी के दम पर निर्धारित शुल्क से अधिक वसूली का खेल...

ऑटो चालकों का आरोप है कि जहां निर्धारित शुल्क बीस रूपये है,वहां उनसे तीस तक की वसूली की जा रही है।विरोध करने पर ठेकेदार और उसके साथियों द्वारा गाली-गलौज,धमकी और मारपीट की जाती है।गोपनीय सूत्रों की मा नें तो यह वसूली लंबे समय से जारी है,लेकिन डर और दबाव के चलते अधिकांश ऑटो चाल क खुलकर सामने आने से कतरा रहे हैं।

संरक्षण के आरोप, कार्रवाई पर सवाल..?

सूत्रों का दावा है कि कथित ठेकेदार गुंडा को किसी प्रभावशाली व्यक्ति का संरक्षण प्राप्त है, जिसके चलते उसके खिलाफ कोई ठोस कार्र वाई नहीं हो पा रही है।यही कारण है कि शिका यतों के बावजूद उसका मनोबल लगातार बढ़ ता जा रहा है और अवैध वसूली का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा हैरानी की बात यह भी है कि जब कुछ पत्रकारों और जागरूक लो गों ने इस मुद्दे को उठाया,तो कथित गुंडागर्दी करने वाला ठेकेदार के द्वारा खुलेआम धमकी देने लगा हैं।आरोप है कि सच्चाई को दबाने और खुद को निर्दोष दिखाने के लिए यह हथ कंडे अपनाए जा रहे हैं।हालांकि सोशल मीडि या पर सामने आए वीडियो और तस्वीरें कथित ठेकेदार के व्यवहार की पोल खोलती नजर आ रही हैं,जिनमें लग रहा है कि वह नशे की हालत में ऑटो चालकों से बदतमीजी करते हुए दिखा ई देता है।

नगर पालिका की भूमिका पर भी सवाल

सबसे बड़ा सवाल यह है कि नगर पालिका परि षद गोंडा ऐसे ठेकेदारों पर मेहरबान क्यों है..? क्या नगर पालिका परिषद की चुप्पी को अवैध वसूली और गुंडागर्दी के प्रति सहमति माना जाए...? या फिर नगर पालिका परिषद नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई करने में असमर्थ है..?स्थानीय लोगों और ऑटो चालकों का कहना है कि यदि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो हालात और बिगड़ सकते हैं अब यह देखना

होगा कि जिला प्रशासन,पुलिस और नगर पा लिका परिषद गोंडा इस गंभीर मामले में क्या रुख अपनाते हैं और क्या ठेके की आड़ में चल रहे कथित ल्गुंडाराजङ्क पर लगाम लग पाती है या नहीं या फिर गोंडा नगर पालिका परिषद में अवैध वसूली जारी रहेगी।

# मेदांता अस्पताल के कार्डियोलॉजी व कैंसर विशेषज्ञ ने लोगों को किया जागरूक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा। भारत में हृदय रोग और कैंसर गंभीर स्वास्थ्य चुनौती बनते जा रहे हैं।बदलती जीव नशैली,अनियमित खानपान, तनाव, शारीरिक निष्क्रियता और समय पर जांच न कराना इन बीमारियों के बढ़ते मामलों की बड़ी वजह बन रहा है।विशेषज्ञों का कहना है कि यदि समय रहते जांच कराई जाए और सही इलाज मिले, तो इन दोनों बीमारियों में जान बचाना और जीवन की गुणवत्ता बनाए रखना पूरी तरह संभव है।मेदांता अस्पताल के डायरेक्टर, रेडिए शन ऑन्कोलॉजी, कैंसर केयर, डॉ. मोहम्मद सुहैब ने कहा किआज कम उम्र के लोग भी हृदय रोगों की चपेट में आ रहे हैं। उन्होंने कहा, ल्हाई ब्लड प्रेशर, मधुमेह, मोटापा और धूम्रपान दिल की बीमारियों का खतरा तेजी से बढ़ा रहे हैं।हृदय रोग अक्सर धीरे-धीरे



बढ़ते हैं, इसलिए नियमित जांच और समय पर इलाज बेहद जरूरी है।उन्होंने बताया कि आधुनिक इंटरवें शनल तकनीकों से अब एंजियोग्राफी, एंजियो प्लास्टी,पेसमेकर,एब्लेशन और हार्ट फ़ेल्योर जैसी स्थितियों का इलाज पहले से ज्यादा सुर क्षित और प्रभावी हो गया है।बदलती जीवन शैली के कारण कैंसर के मामलों में भी लगातार वृद्धि हो रही है।उन्होंने बताया, ल्ब्रेस्ट, सर्वाइ कल, प्रोस्टेट और कोलन कैंसर जैसे कई कैंसर नियमित स्क्रीनिंग से शुरुआती अवस्था में पक ड़े जा सकते हैं। 40 वर्ष की उम्र के बाद नियमि त हेल्थ चेक-अप बेहद जरूरी है।ङ्कडॉ.सुहैब ने बताया कि आईएमआरटी,आईजीआरटी और स्टीरियोटैक्टिक रेडियोथेरेपी जैसी आधुनिक त कनीकों से कैंसर का इलाज अब ज्यादा सटीक सुरक्षित और कम साइड इफ़ेक्ट्स के साथ सं भव हो पाया है।उन्होंने कहा कि इलाज के बाद फॉलो-अप, मानसिक स्वास्थ्य, संतुलित आहार और नियमित व्यायाम मरीज को फिर से सामा न्य और सक्रिय जीवन की ओर लौटने में मदद करते हैं। विशेषज्ञ ने कहा कि हृदय रोग और कैंसर से डरने की नहीं, बल्कि सही जानकारी, समय पर जांच और जागरूकता की जरूरत है।मेदांता अस्पताल की कार्डियोलॉजी और कैंसर केयर को लेकर गोंडा में लोगों को जाग रूक किया,इसके साथ ही आम लोगों से अपी ल की गई है कि वे लक्षणों को नजरअंदाज न करें, क्योंकि समय पर उठाया गया एक कदम जीवन बचा सकता है।

# समाजवादी पार्टी का बीएलए समीक्षा कार्यक्रम सम्पन्न, एसआईआर समीक्षा पर हुआ गहन मंथन

कैनविज टाइम्स संवाददाता ]

**कार्यकर्ताओं की एकजुटता ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत : राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार ''राजू''**

पूरनपुर।समाजवादी पार्टी द्वारा विधानसभा क्षेत्र पूरनपुर के अंतर्गत बूथ लेवल एजेंट समीक्षा कार्यक्रम का आयोजन कोतवाली रोड स्थित बी-बाज़ार,मधुबन होटल में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन समीक्षा को लेकर विस्तार से चर्चा की गई एवं आगामी रणनीति पर विचार-विमर्श हुआ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद एवं लोकसभा प्रभारी वीरपाल सिंह यादव रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह 'जग्गा' ने की।विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष उमाशंकर यादव उपस्थित रहे।कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र पूरनपुर के बीएलए पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नेतागण बड़ी संख्या में मौजूद रहे।मुख्य अतिथि वीरपाल सिंह यादव ने अपने संबोधन में कहा कि ''लोकतंत्र की मजबूती में बीएलए की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। एसआईआर प्रक्रिया में पूरी सतर्कता और ईमानदारी से कार्य करते हुए किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकना हम सभी की जिम्मेदारी है।उन्होंने सख्त लहजे मे कहा कि जो लोग अनूपस्तिथ है। वह गलतफहमी मे ना रहे चाहे वह टिकट आवेदक ही क्यू ना हो टिकट उन्हें ही मिलेगा जिन्होंने इस कार्यक्रम मे सहयोग किया हो जो लोग निष्क्रीय है। ऐसे लोगो पर राष्ट्रीय अध्यक्ष से कार्यवाही कराई जाएगी लोकतंत्र खतरे मे है। हमे आप सभी को ये जिम्मेदारी निभानी है। कोई असली वोट रह ना जाए और नकली बच ना पाए ये हम सब कि जिम्मेदारी है।समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह 'जग्गा' ने कहा कि समाजवादी पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।बीएलए समीक्षा कार्यक्रम का उद्देश्य जमीनी स्तर पर कार्यों की समीक्षा कर कमियों को दूर करना है।समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार ''राजू'' ने कहा कि कार्यकर्ताओं की एकजुटता ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। एसआईआर समीक्षा के माध्यम से मतदाता सूची को लेकर पूरी सतर्कता बरतना जरूरी है। ताकि किसी भी वर्ग का नाम न कटने पाए।पूर्व जिला अध्यक्ष उमाशंकर यादव ने अपने वक्तव्य में कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्ष करती रही है और आगे भी करेगी।संजय सिंह यादव अध्यक्ष समाजवादी पार्टी विधानसभा क्षेत्र पूरनपुर पीलीभीत ने सभी अतिथियों,पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया और संगठन को और अधिक मजबूत करने का आह्वान किया साथ ही संचालन भी किया है।इस दौरान प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष पवन सिंह यादव,समाजवादी छात्र सभा के पूर्व प्रदेश सचिव नोमान अली वारसी,यूथ ब्रिगेड संजय खान आदि ने भी विचार रखे कार्यक्रम के बाद मुख्य अतिथि वीरपाल सिंह यादव सपा नेता राजकुमार ''राजू'' के आवास पर पहुँचे जहा उनका शाल पहनाकर एव मोमेंटो देकर सम्मान दिया गया इस दौरान प्रमुख रूप से सपा नेताओं मे प्रशांत यादव ,जितेंद्र पांडे,रामसेवक प्रजापति,ओम शर्मा,मीता सिंह दयाशंकर पासवान,मोहम्मद तुफैल अहमद, नसरुद्दीन, अमित वर्मा, रजनीश यादव, नसरुद्दीन, अफाक हुसैन, नावेद अली मंसूरी, फाजिल खान, मोहम्मद इमरान सलमानी, बसंत कुमार, रमाकांत, अहीद खा,उस्मान शाह, तौफीक अहमद कादरी, सत्यनारायण सिंह यादव, ठाकुर प्रसाद , महेश कुमार, जयपाल सिंह, राम कैलाश, तौहीद खान, आमिर खान आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे हैं।

# सदस्यगण राज्य महिला आयोग द्वारा गोमती सभागार में की गई जनसुनवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**जनसुनवाई के दौरान 15 शिकायतें हुई प्राप्त**

**जिला कारागार का किया औचक निरीक्षण, महिला बंदियों से की वार्ता**

**जन चौपाल में 05 बच्चीयों का मनाया गया कन्या जन्मोत्सव एवं वितरित की हाईजिन किट**

**जिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण देखीं व्यवस्थाएं**

पीलीभीत। जनपद में सदस्यगण राज्य महिला आयोग सुनीता सैनी एवं पुष्पा पाण्डेय की अध्यक्षता में गोमती सभागार विकास भवन पीलीभीत में जन सुनवाई आयोजित की गई। जन सुनवाई के दौरान 15 शिकायतें प्राप्त हुईं जिसमें घरेलु हिंसा, जमीनी विवाद, मारपीट, आपसी विवाद, इत्यादि से सम्बंधित समस्याएं थीं, उपरोक्त समस्याओं हेतु सदस्यगण द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वह समस्याओं की स्थलीय जांच करेंगे एवं उनका निस्तारण करेगें।तत्पश्चात सदस्यगण द्वारा जिला कारागार का निरीक्षण किया गया और महिला बंदियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली ली गई महिला बंदियो द्वारा बताया गया कि उन्हें यहाँ किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न नहीं हो रही।तत्पश्चात सदस्यगण की अध्यक्षता में विकास खण्ड मरौरी में महिला चौपाल का आयोजन किया गया एवं 05 नवजात बच्चीयों का कन्या जन्मोत्सव कराया गया, जिमसें 05 बच्चीयों को हाइजिन किट वितरित की गई। महिला चौपाल में उपस्थित जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा अपने विभाग से सम्बंधित योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकरी दी गई। जन सुनवाई एवं महिला चौपाल में जनपद स्तरीय अधिकारी जिला विकास अधिकारी, क्षेत्राधिकारी सदर, जिला प्रोबेशन अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी रौशनी सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पूर्ती अधिकारी एवं महिला कल्याण विभाग का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। सदस्यगण द्वारा जिला अस्पताल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा एवं उपस्थित रहा जिला अस्पताल में साफ-सफाई संतोष जनक पाई गई।

# अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस हुआ सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।अपर जिलाधिकारी न्यायिक रोशनी यादव की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन जिला पंचायत सभागार में सम्पन्न हुआ आयोजित किसान दिवस में कृषकों एवं सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। किसान दिवस में वर्तमान में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, कृषि यंत्र एवं पी0एम0कुसुम सोलर पर देय अनुदान एवं लाभ के बारेमें कृषकों को विस्तृत जानकारी दी गई किसान दिवस में उपस्थित कृषकों द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान समय में जंगल से कई बाघ बाहर निकल आये है जिनसे जनमानस को बहुत खतरा है जिनको शीघ्र पकड़वाया जाये। किसान दिवस में रमेशचन्द्र दद्दा, जिलाध्यक्ष, पीलीभीत एवं प्रदेश प्रभारी, प0उ0प्र0 के द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद पीलीभीत में भूजल स्तर सुरक्षित सीमा के भीतर होने तथा सैकड़ों एकड़ भूमि में चैनी साठा धान के अतिरिक्त कोई अन्य फसल न होने के कारण जनपद से साठा धान पर लगे प्रतिबंध को हटाया जाये कृषक संचित दीक्षित निवासी ग्राम खरदाई के द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद पीलीभीत सहकारी समितियों पर यूरिया खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाये। जिला उद्यान अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया है कि जिन किसान भाईयों को सब्जी के बीजों की बुवाई करनी है वह किसान कार्यालय में आकर निःशुल्क सब्जियों का बीज प्राप्त कर सकते हैं अपर जिलाधिकारी न्यायिक महोदया के द्वारा किसान दिवस में प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये। किसान दिवस में कृषकों को विभिन्न विभागों से आये अधिकारियों के द्वारा अपने विभाग में संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई उक्त किसान दिवस में राममिलन सिंह परिहार, उप कृषि निदेशक, आशीष यादव अधिशासी अभियंता-विद्युत, पी0पी0 गौतम अधिशासी अभियंता शारदा सागर, रोहित भारती, जिला पंचायतराज अधिकारी, डा0 प्रदीपकुमार सिंह सहायक आयुक्त/सहायक निबन्धक सहकारिता, खुशीराम जिला गन्ना अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पुनर्रीक्षा समिति एवं जिला सलाहकार समिति की बैठक हुई सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।बैंक कर्मी प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से खाताधारकों को करें लाभान्वित-मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पुनर्रीक्षा समिति एवं जिला सलाहकार समिति की बैठक गाँधी सभागार में सम्पन्न हुई मुख्य विकास अधिकारी द्वारा ऋण जमा अनुपात की बैंकवार समीक्षा की गई और जिला समन्वयकों को आरबीआई के मानक के अनुरूप ऋण जमानुपात लाने के निर्देश दिये गये। बैठक में वार्षिक ऋण योजना तिमाहीवार लक्ष्यों के सापेक्ष उपलब्धि, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधामंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड लक्ष्यों के सापेक्ष उपलब्धि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री युवा उद्यमी योजना, कृषि आधारभूत संरचना निधि के अन्तर्गत प्रगति आदि की बैंकवार समीक्षा करते हुये योजनाओं में प्रगति लाए जाने के निर्देश दिये गये। विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत विभिन्न बैंकों को प्रेषित की गयी ऋण पत्रावलियों की गुणवत्तापूर्वक निस्तारण के निर्देश दिये गए

सभी बैंक के जिला समन्वयकों को निर्देश दिये गये कि वे जनपद में कार्यरत अपने समस्त शाखा प्रबन्धकों को निर्देशित करें, कि शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से सम्बन्धित प्रेषित की गई पत्रावलियों का ससमय निस्तारण करें बैंकों के गैर निष्पादित आस्तियों की वसूली पर चर्चा की गई प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का आमजन को अधिक से अधिक लाभ दिलाए जाने हेतु प्रचार प्रसार कराने के लिए जिला समन्वयकों को निर्देश दिये गए।बैठक में उप कृषि निदेशक राम मिलन परिहार ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना बहुत महत्वाकांक्षी योजना है। प्रधानमंत्री फ़सल बीमा योजना के अंतर्गत सभी बैंकों के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर को निर्देश दिए कि रबी 2025-26 में किसानों का प्रीमियम उनके खातों से 31 दिसम्बर तक किया जाना चाहिए और साथ ही साथ जिन खातों से प्रीमियम डेबिट हो उनका छब्ध्च पोर्टल चउइलिण्हवअण्पद पर एंट्री अवश्य कर दें। अगर किसी किसान का प्रीमियम नहीं काटा और उसका किसी कारण उसकी फसल को नुकसान हुआ तो उस किसान की फ़सल की क्षतिपूर्ति बैंक मैनेजर की होगी अगर कोई किसान 24 दिसम्बर तक लिखित में ऑप्ट आउट फॉर्म सबमिट करता है और पोर्टल पर मैसेज के द्वारा ऑप्ट आउट किया है उनका प्रीमियम डेबिट नहीं करना है अन्यथा सभी एक्टिव ज्ञब्ब खातों का प्रीमियम गवर्नमेंट गाईडलाइन के अनुसार डेबिट करना ही करना है।बैठक में जिला विकास अधिकारी, उप निदेशक कृषि उपायुक्त स्वतः रोजगार, एलडीएम, डी0डी0एम0नाबार्ड, सहित अन्य अधिकारीगण एवं समस्त बैक समन्वयक उपस्थित रहे।

## मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण समिति/जिला गंगा समिति/वृक्षारोपण समिति की बैठक हुई सम्पन्न

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण समिति/जिला गंगा समिति/वृक्षारोपण समिति की बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में वृक्षारोपण के स्थलों/पौधों की जियो टैगिंग की जानकारी प्राप्त करते हुये मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त विभागाध्यक्षों को शेष जियो टैगिंग पूर्ण करने के निर्देश दिए उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि ग्रामों में ग्रीन चौपाल का आयोजन कराया जाये आयोजित चौपाल में लोगों को बताया जाये कि नदी/नालों व जलाशयों में पूजा सामग्री एवं कूड़ा न डालें। उन्होंने लोगों को पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण व वृक्षारोपण के प्रति जागरूक किए जाने के निर्देश दिए वेटलैण्ड पुनरूद्धार हेतु योजना पर विचार विमर्श तथा एमआरएफ सेंटर निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। सिंगल यूज प्लास्टिक पर बैन तथा प्रवर्तन की कार्यवाही एवं जैव चिकित्सा अपशिष्ट निस्तारण की स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए बैठक में डीएफओ,मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी, एसएसबी कमाडेंट, सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे

## जनपद में शीतलहर का असर:कक्षा 1 से 8 तक के स्कूलों का समय बदला

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता । जिले में बढ़ती शीतलहर और ठंड के मद्देनजर बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है जिलाधिकारी के निर्देश पर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कक्षा 01 से 08 तक के सभी विद्यालयों के समय में परिवर्तन का आदेश जारी किया है जारी आदेश के अनुसार जनपद में संचालित सभी परिषदीय, आईसीएसई, सीबीएसई और अन्य बोर्ड से मान्यता प्राप्त तथा सहायता प्राप्त विद्यालय अब तत्काल प्रभाव से सुबह 10:00 बजे से दोपहर 03:30 बजे तक संचालित होंगे यह कदम बच्चों को ठंड और शीतलहर के प्रकोप से बचाने के उद्देश्य से उठाया गया है जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी विद्यालय प्रबंधकों और प्रधानाचार्यों को इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी प्रशासन के इस निर्णय से अभिभावकों को सुविधा मिली है बच्चों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के इस कदम का स्वागत किया गया है।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पेंशनर दिवस का किया गया आयोजन पेंशनरों की शिकायतों को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को निस्तारण के दिए निर्देश

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता । डीएम ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में पेंशनर दिवस का आयोजन गांधी सभागार में किया गया पेंशनर दिवस में विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों, पेंशनरों एवं कार्यालयाध्यक्षों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। पेंशनर दिवस में शिक्षा विभाग के रविन्द्र सिंह गंगवार, प्यारे लाल, सतीश चन्द्र गंगवार, मिढई लाल सहा0अध्यापक, ओम प्रकाश निर्मला अग्रवाल, दीन दयाल, प्यारे लाल (बेसिक शिक्षा विभाग), आदि द्वारा अपनी समस्याओं के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। इसके साथ ही अन्य विभागों से सम्बन्धित पेंशन प्रकरण की समस्या से सम्बन्धित शिकायतें प्राप्त हुई है पेंशन दिवस में विभिन्न विभागों की 25 शिकायतें प्राप्त हुई, जिन पर जांच कर यथाशीघ्र कार्यवाही के निर्देश दिये गये। अन्त में सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए पेंशनर दिवस का समापन किया गया इस अवसर पर वरिष्ठ कोषाधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, एटीओ गंगाराम, लेखाकार राजेन्द्र प्रसाद, लेखाकार आशुतोष मिश्रा, लेखाकार संजीव कुमार, लेखाकार अभिनेन्द्र, लेखाकार जितेन्द्र सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे

## उप परिवहन आयुक्त ने एआरटीओ कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी महेश बाबू गुप्ता ने बताया कि सत्रह दिसम्बर को परिवहन विभाग के उच्चाधिकारियों उप परिवहन आयुक्त परिक्षेत्र अयोध्या आर.के. सिंह एवं सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन अयोध्या विश्वजीत सिंह द्वारा उप सम्भागीय परिवहन कार्यालय अमेठी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उच्चाधिकारियों ने कार्यालय की उपस्थित पंजिका की जांच की तथा विभिन्न पटल प्रभारियों द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान पायी गई कमियों को शीघ्र सुधारने के लिये आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये गये। औचक निरीक्षण के उपरान्त दोनों अधिकारियों द्वारा जनपद अमेठी में संचालित मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूलों के संचालकों एवं प्रशिक्षकों की बैठक आहूत की गयी। बैठक में ई रिक्शा वाहन स्वामियों को प्रशिक्षण उपलब्ध कराने तथा व्यवसायिक लाइसेंस धारकों के नवीनीकरण के लिये फॉर्म पांच-ए निर्गत करने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर कार्यालय में यात्रीकर अधिकारी दिनेश कुमार रावत, समस्त पटल प्रभारी तथा प्रवर्तन दल के सभी कार्मिक उपस्थित रहे।

# कोहरे के कारण होने वाली दुर्घटनाओं के दृष्टिगत एआरटीओ ने चलाया जागरूकता अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।पीलीभीत-पूरनपुर मार्ग पर सराई सुंदरपुर स्थित टोल प्लाजा पर एआरटीओ वीरेंद्र सिंह द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें उक्त टोल से गुजर रहे वाहन चालकों को कोहरे में सुरक्षित वाहन संचालन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए सुरक्षित परिवहन के अंतर्गत उन्हें बताया गया कि कोहरे में अपने वाहनों को किस प्रकार संचालित करें कि कोई दुर्घटना दुर्घटना घटित न होने पाए वाहन चालकों को बताया गया कि कोहरे एवं अंधेरे में वाहन चलाते समय वाहन की आगे एवं पीछे की लाइट चालू रखें तथा वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप अवश्य लगायें, ताकि किसी आकस्मिक स्थिति में वाहन की प्रकाश व्यवस्था खराब होने पर रिफ्लेक्टिव टेप के द्वारा वाहन अन्य वाहनों को दिखते रहें एवं टकराव की स्थिति न बनने पाए वाहन संचालन से पहले वाहन की लाइट्स ब्रेक लाइट इत्यादि अवश्य जांच कर ली जाये मुख्य मार्ग पर एवं नो पार्किंग क्षेत्र में अपने वाहन कदापि खड़े ना करें उचित खाली स्थान देखकर ही वाहन खड़े किए जाएं क्योंकि मुख्य मार्गों पर खड़े वाहनों में पीछे से आ रहे वाहनों की टकराव की संभावना बनी रहती है जागरूकता अभियान के दौरान वाहन चालकों को कोहरे से संबंधित पंपलेट भी वितरित किए गए उक्त जागरूकता अभियान के अतिरिक्त एआरटीओ द्वारा हाईवे किनारे नो पार्किंग क्षेत्र में खड़े चार वाहनों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई भी की गई। इसी प्रकार एक वाहन जोकि बिना रिफ्लेक्टिव टेप लगाए संचालित होते पाया गया उसके विरुद्ध चालान एवं तीन ऐसे वाहन जिन्होंने टैक्स जमा नहीं किया था और संचालित हो रहे थे के विरुद्ध चालान की कार्रवाई की गई

# अमेठी के लाल प्रशांत वीर त्रिपाठी ने किया कमाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**आईपीएल 2026 में चौदह करोड़ बीस लाख रुपये में चुने गये अमेठी के प्रशांत वीर त्रिपाठी**

**पैतृक आवास पर पहुंचकर बधाई देने वाले लोगों का तांता लगा हुआ है**

अमेठी। विकास क्षेत्र संग्रामपुर के गांव गूजीपुर मजरे सहजीपुर निवासी युवा क्रिकेटर प्रशांत वीर ने आईपीएल 2026 के ऑक्शन में इतिहास रच दिया है।अबू धाबी में आयोजित आईपीएल नीलामी में चेन्नई सुपर किंग्स ने प्रशांत वीर को चौदह करोड़ बीस लाख रुपये की रिकॉर्ड बोली लगाकर अपनी टीम में शामिल किया।यह बोली न सिर्फ अमेठी बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश के लिये एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।आईपीएल ऑक्शन के दौरान जैसे ही प्रशांत वीर का नाम पुकारा गया।फ्रेंचाइज़ियों के बीच जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। बोली बढ़ते बढ़ते चौदह करोड़ बीस लाख रुपये तक पहुंच गई और अंततः चेन्नई सुपर किंग्स ने बाज़ी मार ली। इतनी बड़ी रकम में चयन की खबर मिलते ही प्रशांत वीर पूरे देश में चर्चा का विषय बन गये।गांव गूजीपुर में जश्न का माहौल बन गया। उनके घर पर पहुंचकर बधाई देने वाले लोगों का तांता लग गया। क्षेत्रीय सांसद किशोरी लाल शर्मा, पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, डॉ. संजय सिंह ने फोन कर पिता रामेंद्र त्रिपाठी को बधाई दी।प्रशांत वीर की बड़ी बहन निकिता त्रिपाठी की शादी चार वर्ष पहले हो चुकी है और छोटे भाई आर्यवीर त्रिपाठी अभी पढ़ाई कर रहे हैं। बेटे की ऐतिहासिक सफलता से पूरा परिवार भावुक और गौरवान्वित है। बताते चलें कि प्रशांत वीर का जन्म चौबीस नवम्बर 2005 को हुआ है।उन्होंने प्रारम्भिक शिक्षा गांव के प्राथमिक विद्यालय से ली और बाद में इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ाई की। फिलहाल वह बीएससी की पढ़ाई कर रहे हैं।गांव और आसपास के क्रिकेट टूर्नामेंटों में वे लगातार मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज का खिताब जीतते रहे।परिवार को चयन की उम्मीद जरूर थी लेकिन इतनी बड़ी बोली की किसी को कल्पना नही थी। चौदह करोड़ बीस लाख रुपये की बोली ने सभी को चौंका दिया।प्रशांत वीर की सफलता पूरे अमेठी जनपद के लिये गर्व का क्षण है और यह उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिये नई प्रेरणा बनकर सामने आई है।

# कड़ाके की ठंड और घने कोहरे ने बढ़ाई मुश्किलें

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बल्दीराय/सुल्तानपुर। क्षेत्र में कड़ाके की ठंड और छाए घने कोहरे ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया। सुबह और देर रात सड़कों पर कोहरे की मोटी चादर छाई रहने से विजिबिलिटी बेहद कम हो गई है। हालात ऐसे हैं कि वाहन चालकों को कुछ ही मीटर आगे तक देख पाना मुश्किल हो रहा है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बन रही है। कोहरे में जरा सी लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है। ऐसे में ख्कोहरे में सावधानी हटी कि दुर्घटना घटीङ्क की कहावत चरितार्थ होने की आशंका बढ़ गई गई है। कोहरे से यातायात, दिनचर्या और फसल होंगी प्रभावित ठंड और कोहरे का असर सिर्फ यातायात तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका सीधा प्रभाव लोगों की दिनचर्या पर भी पड़ रहा है। सुबह काम पर निकलने वाले मजदूर, किसान, विद्यार्थी और ड्यूटी जाने वाले लोग ठिठुरन के साथ कोहरे की मार झेलने को मजबूर हैं। वहीं बुजुर्गों और बच्चों में सर्दी, खांसी, जुकाम जैसी मौसमी बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ अरुणेश सिंह ने लोगों को ठंड से बचाव, गर्म कपड़े पहनने और अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी है। दूसरी ओर, खेतों में खड़ी फसलों पर कोहरे का मिला-जुला असर देखने को मिल रहा है। इस मौसम में गेहूं की फसल के लिए कोहरा वरदान साबित होता है। कोहरे से मिलने वाली नमी गेहूं की बढ़वार में सहायक होती है, जिससे पैदावार बेहतर होने की उम्मीद रहती है। हालांकि, दलहन और तिलहन फसलों के लिए यही कोहरा नुकसानदेह बन सकता है। चना, मसूर, मटर, सरसों आलू और अन्य तिलहनी फसलों में अधिक नमी के कारण फफूंद आदि रोग लगने की संभावना बढ़ जाती है, जिसमें आलू की फसल को कोहरे और अधिक ठंड से पाला और फफूंद का अधिक ही जोखिम होता है। जिससे इन फसलों का उत्पादन प्रभावित हो सकता है। कृषि वैज्ञानिक विनोद सिंह ने किसानों को सलाह दी है कि वे खेतों की नियमित निगरानी करें और आवश्यकतानुसार फफूंदी नाशक तथा उचित दवाओं का समय पर छिड़काव करवाएं। कुल मिलाकर, कड़ाके की ठंड और कोहरा जहां एक ओर जीवन को चुनौती दे रहा है, वहीं दूसरी ओर कुछ फसलों के लिए लाभकारी भी सिद्ध हो रहा है।और कुछ फसलें प्रभावित भी हो सकती हैं , ऐसे में सतर्कता और समझदारी ही

# अत्याधुनिक सुबिधाओ से लैस अस्पताल का उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बल्दीराय/सुल्तानपुर। हलियापुर-अयोध्या से रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित मुखिया काम्पलेक्स हलियापुर मे अत्याधुनिक सुबिधाओं से लैस मंगल हॉस्पिटल का उदघाटन फीता काटकर पूर्व मंत्री व जगदीशपुर भाजपा विधायक सुरेश पासी ने किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीणांचल के लिए मंगल हॉस्पिटल बरदान साबित होगा। ग्रामीणों को जरूरत के मुताविक समय पर इलाज देना ही अस्पताल की प्राथमिकता रहेगी। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि ने कहा कि डॉक्टर भगवान का रूप होता है और आवश्यकता पर सही इलाज ही जीवन दान देता है। इस अवसर पर हॉस्पिटल के निदेशक डॉ डी के तिवारी ने मुख्य अतिथि के साथ अन्य अथिति गणों को अस्पताल का निरिक्षण करवा कर सामन्य वार्ड आक्सीजन व्यवस्था विशेष वार्ड व अन्य सुबिधाओं की जानकारी दिया। डॉ एस के मिश्रा व डॉ बीना तिवारी ने उपस्थिति मरीजों को निःशुल्क उपचार प्रदान कर लाभ पहुंचाया। डॉ शिवकुमार ने बताया कि अस्पताल मे 24 घंटे सेवा उपलब्ध रहेगी और आर्थो, न्यूरो, स्त्री रोग विशेषज्ञ, जनरल फिजीशियन आदि सुबिधाये हमेशा उपलब्ध रहेगी। इस मौके पर पूर्व प्रमुख रवींद्र सिंह, वीरेंद्र मिश्रा, हलियापुर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गब्बर सिंह, योगेंद्र प्रताप सिंह, पप्पू सिंह, अरुण प्रताप सिंह, कृष्ण कुमार यादव, पवन यादव, कल्लू सिंह, बब्बू सिंह, संजय अखिल सहित सैंकड़ो लोग उपस्थिति रहें।

कैनविज टाइम्स
लखनऊ, गुरुवार, 18 दिसम्बर 2025



www.kanwhizztimes.com

## सम्पादकीय

# प्रदूषण अब राष्ट्रीय समस्या

प्रदूषण अब केवल दिल्ली और एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) की समस्या नहीं है, यह देश के करीब साठ फीसदी इलाके की समस्या बन गया है। दिल्ली में तो वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 450 पार कर चुका है और प्रदूषण को नियंत्रित करने वाले मानक-ग्रैडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (गैप)-चार को पूरे एनसीआर में बार-बार लागू किया जा रहा है। इसे प्रदूषण के मामले में आपात स्थिति माना जाता है। निर्माण कार्य और बड़े वाहनों की आवाजाही रोकने के अलावा लोगों को घरों से बाहर निकलने को एक तरह से सीमित कर दिया जाता है। खासकर बच्चे और साठ साल से ज्यादा उम्र वालों पर इस हालात का ज्यादा असर होता है। सांस की बीमारियों के अलावा अनेक भयावह बीमारियों का सबसे बड़ा कारण प्रदूषण माना जाता है। अब मुंबई जैसे समुद्र के किनारे बसे महानगर में भी एक्यूआई 150 पार करने पर गैप लागू कर दिया गया है। एक्यूआई का 100 पार हो जाना ही खतरनाक माना जाता है। मुंबई में प्रदूषण का बड़ा कारण बेहिसाब हो रहे निर्माण कार्य और वाहनों की भीड़ माना जा रहा है। दक्षिण भारत के बड़े शहरों के अलावा पुणे, रांची और पहाड़ों पर बसे शहरों के साथ पूरा देश प्रदूषण के भयावह संकट का सामना कर रहा है। यह संकट जितना बड़ा है, समाधान उससे ज्यादा कठिन हो रहा है। अदालतों की फटकार और वैज्ञानिकों के तमाम सुझाव इस संकट को कम नहीं कर पा रहे हैं। अब तो प्रदूषण एक तरह से स्थाई समस्या बन गया है। जाड़ों की सुबह आसमान कोहरे से ढंका रहे, अब यह असंभव लगने लगा है। दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के इलाके में सवेरे-शाम ही नहीं दिन-रात के ज्यादातर समय प्रदूषण से ढंका रहने लगा है। सरकारें चाहे जो दावा करें लेकिन हर साल हालात बदतर होते जा रहे हैं। जिनके बूते में है या जिनके पास विकल्प है, वे इस इलाके से पलायन कर रहे हैं या जाड़े के समय किसी अन्य स्थान पर जा रहे हैं। हालांकि ऐसे लोगों की संख्या बहुत कम है। ज्यादातर लोग जान जोखिम में रख कर दिल्ली-एनसीआर में जीने को मजबूर हैं। इस भीषण प्रदूषण के कारण अनेक लोगों की जान चली गई और बड़ी तादाद में लोग विभिन्न बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। देश का सबसे प्रतिष्ठित अस्पताल एम्स इसे मेडिकल इमरजेंसी तक मान चुका है। तभी बार-बार प्रदूषण से लोगों की जान बचाने के लिए गैप-4 लागू किया जा रहा है। दिल्ली में यह कई साल पहले साबित हो चुका है कि केवल आधे कारों को हर रोज सड़क पर आने से रोकने से वायु प्रदूषण में ज्यादा कमी नहीं आने वाली है दूसरे, सरकारी कुव्यवस्था को झेल रहे सार्वजनिक परिवहन प्रणाली इस बार इस हालत में भी नहीं है कि दिल्ली सरकार इस बार निजी कारों का सम-विषम का फिर से प्रयोग कर सके। दिल्ली की लाइफ लाइन बनी मेट्रो रेल को सामाजिक दूरी के हिसाब से तमाम एहतियात के साथ चलाया जा रहा है। उसे पहले की तरह हर रोज 60 लाख से ज्यादा यात्रियों को यात्रा कराने की क्षमता बनाने अभी समय लगेगा। इतना ही नहीं मेट्रो भी अब कम आय वालों के बूते से बाहर होती जा रही है। दिल्ली की बेहिसाब आबादी को प्रदूषण का कारण माना जा रहा है। पहले अवैध औद्योगिक इलाके, एक राज्य से दूसरे राज्य जाने वाले ट्रक-बस आदि के चलते भी दिल्ली और एनसीआर में प्रदूषण बढ़ने का कारण माना जाता था। वैसे अभी भी अवैध उद्योग हैं, भले उनकी संख्या कम हुई है। दिल्ली सरकार ने प्रदूषण कम करने के लिए किसी भी नए उत्पादन ईकाई (मैनिफ्कैचरिंग यूनिट) को लाईसेंस देने पर पाबंदी लगा दी। दिल्ली के चारों ओर ईस्टर्न पेरिफ़ेरियल और वेस्टर्न पेरिफ़ेरियल सड़क बन जाने से दिल्ली होकर एक राज्य से दूसरे राज्य जाने वाले ट्रकों का दिल्ली के भीतर आना कम हुआ है। देश के कई शहरों और राज्यों में प्रदूषण की यही हालत हो रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक देश की 60 फीसदी आबादी प्रदूषण से जूझ रही है। दिल्ली और एनसीआर में रह रहे लोग प्रदूषण नियंत्रण करने की विभिन्न योजनाओं और उपायों से लगातार परिचित होते जा रहे हैं।

# दुनिया को डरा रहा है इस्लाम का जिहाद

**इतिहास से लेकर वर्तमान तक, जिहाद शब्द का प्रयोग अक्सर हथियारबंद संघर्ष के अर्थ में हुआ है। कुरान का नौवां अध्याय, जो जिहाद पर केंद्रित माना जाता है, युद्ध और संघर्ष के संदर्भों से भरा है। कुरान (9:111) में 'अल्लाह के काम' के लिए 'कत्ल करना और कत्ल होना' का उल्लेख मिलता है। इसी अध्याय की आयतें—9:5, 9:29, 9:41, 9:73, 9:123 आक्रामक संघर्ष के आह्वान के रूप में उद्धृत की जाती रही हैं। हदीस-साहित्य में भी ऐसे कथन मिलते हैं, जिनका उपयोग वर्चस्ववादी दृष्टि को पुष्ट करने में किया गया है। उदाहरण के तौर पर सहीह बुखारी (4:53:392) में उद्धृत कथन, तुम सुरक्षित रहोगे, अगर इस्लाम कबूल कर लो। यह पूरी दुनिया अल्लाह की और मेरी है को इतिहास में यहूदियों और अन्य गैर-मुसलमानों पर दबाव के औचित्य के रूप में पढ़ा गया है। इसी प्रकार कुरान के दूसरे अध्याय की कुछ आयतों की व्याख्याएँ गैर-मुसलमानों को अधीन करने, धर्मांतरण या जजिया के लिए मजबूर करने के रूप में प्रस्तुत की गई हैं। यही कारण है कि सदियों के इस्लामी इतिहास में 'हथियारबंद लड़ाई' और 'जिहाद' को अक्सर समानार्थी की तरह समझा गया। इन आयतों की व्याख्या को लेकर विद्वानों में मतभेद हो सकते हैं, किंतु यह तथ्य नकारा नहीं जा सकता कि कट्टरपंथी समूह इन्हीं व्याख्याओं को आधार बनाकर हिंसा को धार्मिक वैधता प्रदान करते हैं।**

दुनिया एक बार फिर ऐसे प्रश्नों के सामने खड़ी है, जिनसे मुँह मोड़ना अब संभव नहीं। 14 दिसंबर को ऑस्ट्रेलिया की राजधानी सिडनी के बॉन्डी बीच पर हनुक्का उत्सव मना रहे यहूदियों पर हुआ घातक हमला सिर्फ एक आतंकी घटना नहीं कहा जा सकता है। यह उस वैचारिक संकट का प्रतीक है जो बीते दशकों से लगातार गहराता जा रहा है। साजिद और उसके बेटे नवीद द्वारा की गई इस अंधाधुंध गोलीबारी में 15 निर्दोष लोगों की मौत और कई के घायल होने के बाद यह सवाल फिर उभरा है कि आखिर वह कौन-सी सोच है जो धार्मिक पहचान के आधार पर हिंसा को जिहाद का नाम देकर उसे सही ठहराती है। जिसमें यह घटना ऐसे देश में घटी है, जहाँ न मुसलमानों पर कोई अत्याचार हो रहा था और न ही धार्मिक स्वतंत्रता पर कोई संकट है।

ऑस्ट्रेलिया की इस घटना के बाद नवीद अकरम का छह वर्ष पुराना वीडियो सामने आया है जो उसकी मानसिक संरचना को समझने में मदद करता है। वीडियो में वह कहता है कि अल्लाह का कानून हर पढ़ाई और हर काम से ऊपर है और उसे हर किसी तक पहुँचाया जाना चाहिए। यह वाक्य साधारण नहीं है। यह उस सोच का प्रतिबिंब है, जिसमें सांसारिक शिक्षा, आधुनिक कानून और नागरिक कर्तव्यों से ऊपर एक धार्मिक (मजहबी) कानून को स्थापित किया जाता है। यही वह बिंदु है, जहाँ समस्या केवल व्यक्ति की नहीं रह जाती है, वह विचारधारा की बन जाती है। यह प्रश्न स्वाभाविक है कि अल्लाह का कानून आखिर है क्या। इस्लाम में इसे व्यापक रूप से शरिया के रूप में जाना जाता है। मुसलमानों के लिए यह धार्मिक आस्था से अधिक जीवन जीने की संपूर्ण पद्धति मानी जाती है। इसी क्रम में सीरा, यानी पैगंबर मुहम्मद की जीवनी को आदर्श जीवन के रूप में प्रस्तुत किया गया है। इस्लामी ग्रंथों की कुछ व्याख्याएँ ऐसी भी हैं, जिनमें दुनिया को मुसलमानों और गैर-मुसलमानों के बीच स्पष्ट रूप से विभाजित किया गया है। गैर-मुस्लिम क्षेत्रों को 'दारुल-हरब' कहा गया है, यानी युद्ध का क्षेत्र। ऐसी व्याख्या में प्रमुखता से जिहाद शामिल है, जिसमें यह मान लिया गया है कि जो इस्लाम को स्वीकार नहीं करता, वह 'शिर्क' और 'बुतपरस्ती' के ज़ुल्म में लिप्त है और उस ज़ुल्म को समाप्त करना हर मुसलमान का मजहबी कर्तव्य है। इस दृष्टिकोण में हिंसा आत्मरक्षा नहीं रहती, वह आक्रामक मजहबी अभियान बन जाती है।

यही कारण है कि इतिहास से लेकर वर्तमान तक, जिहाद शब्द का प्रयोग अक्सर हथियारबंद संघर्ष के अर्थ में हुआ है। कुरान का नौवां अध्याय, जो जिहाद पर केंद्रित माना जाता है, युद्ध और संघर्ष के संदर्भों से भरा है। कुरान (9:111) में 'अल्लाह के काम' के लिए 'कत्ल करना और कत्ल होना' का उल्लेख मिलता है। इसी अध्याय की आयतें—9:5, 9:29, 9:41, 9:73, 9:123 आक्रामक संघर्ष के आह्वान के रूप में उद्धृत की जाती रही हैं। हदीस-साहित्य में भी ऐसे कथन मिलते हैं, जिनका उपयोग वर्चस्ववादी दृष्टि को पुष्ट करने में किया गया है। उदाहरण के तौर पर सहीह बुखारी (4:53:392) में उद्धृत कथन, तुम सुरक्षित रहोगे, अगर इस्लाम कबूल कर लो। यह पूरी दुनिया अल्लाह की और मेरी है को इतिहास में यहूदियों और अन्य गैर-मुसलमानों पर दबाव के औचित्य के रूप में पढ़ा गया है। इसी प्रकार कुरान के दूसरे अध्याय की कुछ आयतों की व्याख्याएँ गैर-मुसलमानों को अधीन करने, धर्मांतरण या जजिया के लिए मजबूर करने के रूप में प्रस्तुत की गई हैं। यही कारण है कि सदियों के इस्लामी इतिहास में 'हथियारबंद लड़ाई' और 'जिहाद' को अक्सर समानार्थी की तरह समझा गया। इन आयतों की व्याख्या को लेकर विद्वानों में मतभेद हो सकते हैं, किंतु यह तथ्य नकारा नहीं जा सकता कि कट्टरपंथी समूह इन्हीं व्याख्याओं को आधार बनाकर हिंसा को धार्मिक वैधता प्रदान करते हैं।

इसी पृष्ठभूमि में भारत में जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी द्वारा दिए गए हालिया जिहाद संबंधी वक्तव्य को जरूर देखना चाहिए, उनका कहना है कि जब-जब ज़ुल्म होगा, तब-तब जिहाद होगा और यह कि जिहाद का मूल अर्थ आत्मसंघर्ष, बुराइयों से मुक्ति और अन्याय के विरुद्ध प्रतिरोध है। वे इसे एक पवित्र शब्द बताते हैं और यहां तक प्रस्ताव रखते हैं



कि जिहाद के वास्तविक अर्थ को स्कूलों के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए। सिद्धांत रूप में यह बात आकर्षक लग सकती है किंतु व्यवहार की धरातल पर जो हो रहा है, वह इन दावों से मेल नहीं खाता। न भारत में और न ही ऑस्ट्रेलिया में ऐसी कोई स्थिति थी, जिसे जुल्म कहकर हिंसा को जायज ठहराया जा सके। फिर भी निर्दोष गैर-मुसलमानों की हत्या का सिलसिला पूरी दुनिया में चल रहा है! कहना होगा कि इस वैचारिक ढांचे का परिणाम आज पूरी दुनिया झेल रही है। जम्मू-कश्मीर में लगातार हिंदू यात्रियों और सुरक्षा बलों पर हमले हों, यूरोप में चर्चों, यहूदी केंद्रों और स्कूलों को निशाना बनाया जाए, रूस के मॉस्को कॉन्सर्ट हॉल में सामूहिक हत्या हो या अफ्रीका में गैर-मुस्लिम गांवों पर धावा बोलना रहा है, हर जगह इसे देखा जा सकता है। यहाँ यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि इस आलोचना का उद्देश्य पूरे मुस्लिम समाज को कटघरे में खड़ा करना नहीं है। किंतु यह भी उतना ही सच है कि जब तक इस्लाम के भीतर मौजूद कट्टर और आक्रामक व्याख्याओं पर खुली बहस और आत्मालोचना नहीं होगी, तब तक यह समस्या समाप्त नहीं होगी। हर हिंसक घटना के बाद सिर्फ यह कह देना कि इस्लाम शांति का धर्म (मजहब) है अब पर्याप्त नहीं है, क्योंकि सवाल धर्म (मजहब) की राजनीतिक और हिंसक व्याख्या का है। इसलिए वास्तविक संकट हथियारों से कहीं आगे उस सोच का है जो यह मानती है कि पूरी दुनिया किसी एक धार्मिक (मजहबी) पहचान के अधीन होनी चाहिए। यही सोच युवाओं को सिखाती है कि हिंसा पुण्य (सवाब) या अमल-ए-सालिह है और हत्या मजहबी कर्तव्य। यदि इस मानसिकता की जड़ों पर प्रहार नहीं किया गया तो कोई भी सुरक्षा तंत्र, कोई भी कानून और कोई भी सैन्य कार्रवाई स्थायी समाधान नहीं दे सकती है। अब निर्णय दुनिया के धार्मिक नेताओं, सरकारों और बौद्धिक वर्ग को लेना है। आखिर वे क्या चाहते हैं क्या वे इस समस्या को कानून-व्यवस्था का मामला मानते रहेंगे या उस वैचारिक खाद को भी चिन्हित करेंगे, जिससे यह हिंसा जन्म लेती है। गैर-मुसलमानों पर हिंसा हर हाल में रुकनी चाहिए। यह किसी एक देश या एक समुदाय तक सीमित समस्या नहीं है, आज प्रश्न संपूर्ण मानवता का है। यदि आज भी इस पर गंभीर, ईमानदार और साहसी हस्तक्षेप नहीं हुआ तो तय मानिए कल इसकी कीमत और अधिक निर्दोष लोगों को जान एवं हिंसा से चुकानी पड़ेगी।

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

# संसद में राहुल के तेवर और शाह के पलटवार

**विक्रम उपाध्याय**

राहुल गांधी इन दिनों अमित शाह को हर तरह से घेरने में लगे हैं। पहले चुनाव सुधार पर संसद में बहस के दौरान गृहमंत्री को टोकते और रोकते नजर आए और फिर रामलीला मैदान में एसआईआर पर एक जनसभा को संबोधित करते हुए यह कहते नजर आए कि लोकसभा में उनके उठाए प्रश्नों पर अमित शाह कांप रहे थे। वैसे राहुल गांधी को जानने वाले यह मानते हैं कि उनमें ना भाषा का संयम है और ना पद का लिहाज। वह प्रधानमंत्री के प्रति भी कई बार ओछे शब्दों का इस्तेमाल कर चुके हैं, लेकिन गृहमंत्री शाह ने जब संसद में पलटवार किया तो राहुल ब्रिगेड की बेचारगी साफ नजर आई।

दरअसल राहुल गांधी लगातार यह कोशिश कर रहे हैं कि लोकसभा में उनका आचरण आक्रामक दिखे और वह सरकार को झुकाते हुए नजर आएं। लेकिन होता उल्टा ही है। भले ही कुछ गैर परंपरागत व्यवहार और कुछ सीधे व्यक्तिगत हमले से राहुल गांधी न्यूज हेडलाइन में खुद के लिए जगह बना लेते हैं, लेकिन जब सत्ता पक्ष से जवाब आता है और तथ्य रखे जाते हैं और शर्मिंदा राहुल को ही होना पड़ता है। संसद में चुनाव सुधार पर बहस के दौरान भी ऐसा ही हुआ, अपने भाषण में अमित शाह ने चुनाव के मुद्दे पर कंाग्रेस का बखिया उधेड़ कर रख दिया। उन्होंने भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू से लेकर राजीव गांधी तक के आचरण का चिट्ठा खोल कर रख दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने भी अमित शाह के भाषण की तारीफ की।

लोकसभा में दिए राहुल गांधी के भाषण में कोई नयापन नहीं था। हर बार की तरह इस बार भी कंाग्रेस नेता ने वही सीबीआई, ईडी और इनकम टैक्स विभागों के विपक्ष के नेताओं के खिलाफ उपयोग का आरोप लगाया। राहुल गांधी ने फिर से कहा कि आरएसएस सभी सरकारी संस्थानों पर कब्जा करता जा रहा है। यूनिवर्सिटी के वीसी के चयन पर भी सवाल उठाया। पुनः गांधी की हत्या में संघ के शामिल होने का प्रलाप किया। एसआईआर के मुद्दे पर राहुल गांधी ने चुनाव आयोग को धमकी तक दे डाली। उन्होंने वोट चोरी को देशद्रोह बताते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त को यहां तक कह दिया कि ''हम आएंगे और तुम्हें ढूंढ निकालेंगे। विपक्ष के नेता ने फिर कहा कि चुनाव आयोग मोदी-शाह के कहने पर लोगों को वोट डालने से वंचित करने का काम कर रहा है। पर जब बारी गृहमंत्री अमित शाह की आई तो काँग्रेस ने वाक आउट का रास्ता अपनाया, लेकिन जब तक कंाग्रेसी सदस्य सदन में रहे अमित शाह ने उन्हें आकड़ों के जरिए खूब सुनाया। गृहमंत्री ने कुछ अकाट्य आंकड़े रखे। उन्होंने 2011 की जनगणना का हवाला देते हुए कहा -असम और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों के सीमावर्ती जिलों में मुस्लिम आबादी में असामान्य उछाल कैसे आया। क्या ऐसे आंकड़े बिना घुसपैठ के संभव हैं? अमित शाह ने जब यह कहा कि भारत कोई धर्मशाला नहीं है और जो लोग देश की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करेंगे, उनसे सख्ती से निपटा जाएगा, तो कंाग्रेस के नेता हत्थे से उखड़ गए और अमित शाह के भाषण में खलल डालने लगे। इस काम में खुद राहुल गांधी सबसे आगे खड़े नजर आए। गृहमंत्री ने साफ कहा कि एसआईआर पर विपक्ष के आरोपों में कोई दम नहीं है और ये अपने खिसकते वोट बैंक से बौखलाए हुए हैं। नहीं तो रिप्रेजेंटेशन ऑफ द पीपल एक्ट के तहत एक रूटीन, कानूनी प्रक्रिया का इस तरह विरोध नहीं करते। चुनाव आयोग ने स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन चालू ही इसलिए लिया है कि अवैध अप्रवासियों के नाम चुनावी सूची में हटाया जाए और साथ में मृत या डुप्लीकेट लोगों के भी नाम काटे जा सके। अमित शाह ने जोर देकर कहा कि एसआईआर की प्रक्रिया वोट चोरी नहीं है, बल्कि यह वोटर लिस्ट को साफ करने की कोशिश है। लेकिन कंाग्रेस इसके जरिए अल्पसंख्यकों के बीच डर फैलाना चाहती है। देखा जाए तो अमित शाह की इस बात में दम है कंाग्रेस लोगों में चुनाव आयोग को लेकर अविश्वास पैदा करने के प्रयास में है। अभी तक किसी भी विपक्षी राजनीतिक दल मतदाताओं के साथ कथित भेदभाव के संबंध में चुनाव आयोग के पास कोई औपचारिक आपत्ति दर्ज नहीं कराई है। अगर मतदान के योग्य लाखों ञ्करोड़ों के नाम हटाए जा रहे हैं तो विरोधी पार्टियां अदालत क्यों नहीं जा रही हैं। राहुल गांधी मीडिया के बजाय कोर्ट में सबूत क्यों नहीं प्रस्तुत कर रहे हैं। राहुल गांधी तो शपथ पत्र के साथ शिकायत भी चुनाव आयोग के पास जमा नहीं करा रहे हैं। अमित शाह ने भी राहुल गांधी से सदन में पूछा अभी तक आपने शून्य सबूत क्यों जमा किए?

## सेहत मंत्र

# रोजाना 2 सेब खाने से घट सकता है कोलेस्ट्रॉल, रिसर्च में हुआ खुलासा

सेब आपके स्वास्थ्य के लिए कई तरह से फायदेमंद होता है, लेकिन आप सभी को यह सुनकर हैरानी हो सकती है कि दिन का एक सेब खाना आपको डॉक्टर के पास जाने से दूर रख सकता है। सेब एक ऐसा फल है, जो आपके स्वास्थ्य को अनेकों तरीकों से फायदेमंद और बीमारियों से सुरक्षित रखने में मदद करता है। यह आपके ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाने से लेकर इम्यूनिटी बढ़ाने और डायबिटीज जैसी समस्याओं के लिए काफी अच्छा फल है। सेब आपके समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है। हाल ही में हुए एक नए अध्ययन में पाया गया है कि दिन में 2 सेब खाने से शरीर से खराब कोलेस्ट्रॉल को खत्म करने में मदद मिलती है। यह इसमें मौजूद पॉलीफ़ेनोल और हाई फाइबर के कारण होता है। अमेरिकन जर्नल ऑफ क्लिनिकल न्यूट्रिशन में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, सेब खाने से वैस्कुलर फंक्शन, लिपिड सर्कुलेशन और सीवीडी यानि कार्डियोवैस्कुलर डिजीज के खतरोंपर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। रीडिंग विश्वविद्यालय के इस शोध के अनुसार, रोजाना दो सेब खाने से स्ट्रोक और दिल के दौरे का खतरा कम होता है। इस अध्ययन में शोधकर्ताओं ने सेब का सेहत पर प्रभाव दर्शाने के लिए लगभग 40 की उम्र के आसपास के प्रतिभागियों को लिया और उनसे उनके स्वास्थ्य और जीवन शैली से संबंधित एक प्रश्नावली भरने को कहा। उसके बाद, उनमें से 20 को एक दिन में 2 सेब खाने के निर्देश दिये गये थे और बाकी को 8 सप्ताह तक जूस पीने के लिए कहा गया। अध्ययन शुरू करने से पहले और 8 सप्ताह के बाद उनके खून के सैम्पल इकट्ठे किए गए थे। जिसमें प्रतिभागियों के ग्लूकोज, इंसुलिन, पित्त एसिड, सीरम लिपिड के साथ-साथ अन्य सूजन और एंडोथेलियल बायोमार्कर की जांच की गई। इसके अलावा, अलग-अलग तरीकों का उपयोग करके धमनी की कठोरता और माइक्रोवैस्कुलर प्रतिक्रिया को भी मापा गया।

## धर्म मंत्र

# एशिया में ग्रेनाइट की एक ही चट्टान पर बनी सबसे बड़ी गणेश प्रतिमा कोयंबटूर में, वजन है 14 हजार किलो

उत्तर भारत की तरह ही दक्षिण भारत में भी गणेशोत्सव की धूम है। कई अनोखे और अद्भुत गणपति मंदर दक्षिण भारत में हैं। इनमें से एक तमिलनाडु के कोयंबटूर से 4 किमी की दूरी पर पुलियाकुलम के श्री मुंथी विनायक गणपति हैं। इस मंदिर की खासियत ये है कि यहां भगवान गणेश की प्रतिमा ग्रेनाइट की एक ही चट्टान पर उकेरी गई है। करीब 140 क्विंटल वजनी इस प्रतिमा को सैंकड़ों कलाकारों ने 6 साल की अथक मेहनत के बाद उकेरा है। ये पूरे एशिया में एक मात्र प्रतिमा है जो 14 हजार किलो यानी 14 टन वजनी है और पूरी प्रतिमा एक ही ग्रेनाइट पत्थर पर बनाई गई है। करीब 20 फीट ऊंची और 11 फीट चौड़ी ये प्रतिमा गणपति के आरोग्य प्रदान करने वाले स्वरुप को दर्शाती है। इस प्रतिमा के एक हाथ में अमृत कलश है। इस प्रतिमा के दर्शन के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं। यहां कालसर्प दोष और बीमारियों से मुक्ति के लिए विशेष पूजा की जाती है। ये मंदिर 1982 में बनना शुरू हुआ था। कई कलाकारों ने तमिलनाडु के एक दूसरे हिस्से से लाए गए काले ग्रेनाइट पत्थर की चट्टान पर गणेशजी की आकृति उकेरना शुरू की। 6 साल की अथक मेहनत के बाद गणेश प्रतिमा ने पूरा आकार लिया। ये प्रतिमा कमल के फूल पर विराजित गणपति की है। जिनकी कमर में कमरबंद के तौर पर वासुकी नाग विराजित हैं।

## पर्यटन



# अश्रवमुखी 'कुद्रेमुख नेशनल पार्क' है फोटोग्राफी के साथ ट्रैकिंग के लिए भी बेस्ट

बादलरूपी पर्दों से गुजरते हुए जब कुद्रेमुख राष्ट्रीय उद्यान पहुंचते हैं तो वहां की खूबसूरत वादियां आपका स्वागत करती हैं। इसी खूबसूरती की मनमोहक छटाओं में खो जाने के लिए ट्रेकर्स एवं यात्री इस उद्यान की सैर बारिश के मौसम में करना पसंद करते हैं। इस उद्यान की खास बात यह है कि इसकी पहाड़ियों का आकार घोड़े के मुख जैसा प्रतीत होता है और इसी वजह से प्राचीनकाल से कन्नड़ भाषा में इस पहाड़ी को 'कुद्रेमुख' अर्थात 'अश्र्वमुख' का नाम दिया गया। दक्षिण भारत की तीन मुख्य नदियां तुंग, भद्रा और नेत्रावती का उद्गम स्थान भी कुद्रेमुख में स्थित है। पहाड़ी में स्थित देवी भगवती की गुफा कुद्रेमुख को दैवी ऊर्जा से भरती प्रतीत होती है। संरक्षित उद्यान होने के कारण यहां कैंपिंग या रात्रिवास की मंजूरी नहीं है। हां, सुबह के समय इस उद्यान की सैर के दौरान आप यहां के वन्य जीवन से रूबरू हो सकते हैं। बाघ, तेंदुआ, जंगली हाथी, लंगूर, हिरन एवं अनगिनत प्रजातियों के सांप कुद्रेमुख के घने जंगलों में पाए जाते हैं। वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर्स के लिए कुद्रेमुख किसी जन्नत से कम नहीं है। यहां वे इस जन्नत को अपने कैमरे में उतारने के लिए आतुर नजर आते हैं। रात्रिवास के लिए आप उद्यान के नजदीकी गांवों में होमस्टे लेकर अपनी यात्रा को और भी रोमांचक बना सकते हैं। स्थानीय आदिवासियों के साथ संस्कृति-विनिमय का यह बेहतरीन मौका है। कुद्रेमुख ट्रेकिंग के लिए बारिश या सर्दियों का मौसम सही समय माना जाता है। आप स्थानीय गांव से गाइड लेकर लगभग 18 किलोमीटर लंबा ट्रेक एक दिन में पूरा कर वापस होमस्टे आ सकते हैं। आजकल ज्यादातर होमस्टे यात्रियों के लिए ट्रेकिंग गाइड की सुविधा भी उपलब्ध कराते हैं। यदि कुद्रेमुख ट्रेक किसी के लिए ज्यादा कठिन है तो नजदीकी जलप्रपात तथा 'व्यू-पॉइंट्स' तक सरल ट्रेकिंग के विकल्प भी मौजूद हैं। अंदरूनी जंगलों में स्थित होने के कारण गांव तक पहुंचने का एकमात्र विकल्प निजी गाड़ी या चिकमंगलूर शहर से मिलने वाली टैक्सी है।

# आठवीं स्पोर्ट्स मीट उड़ान आत्मविश्वास व ज्ञान का प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी।बालाजी ग्रुप ऑफ स्कूल्स द्वारा आयोजित आठवीं स्पोर्ट्स मीट ''उड़ान'' के सत्रहवें दिन बालाजी सत्य प्रेमी नगर एवं बालाजी अकैडमी बंकी ब्रांच में सभी हाउसेस की इंटर जीके क्विज,चैस ग्रुप ए.बी.सी एवं टेबल टेनिस ग्रुप बी प्रतियोगिता आयोजित की गई।जिसमें सीनियर , जूनियर दोनों वर्ग के बच्चों भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं बच्चों ने धमाल मचा दिया उन्होंने सवालों के जवाब देते समय आत्मविश्वास और ज्ञान का ऐसा मेल दिखाया कि सब हैरान रह गए। उनके चेहरे पर उत्साह और आगे बढ़ने की भावना देखकर लग रहा था कि वे कुछ भी कर सकते हैं बच्चों ने सवालों का जवाब देने में तेजी और सटीकता दिखाई, एवं तकनीकी और रणनीति का बेहतरीन प्रदर्शन किया।जिससे उनकी ज्ञान और कौशल का पता चलता है।इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य बच्चों में ज्ञान की खोज को बढ़ावा देना,आत्मविश्वास को मजबूत करना और उन्हें जीवन की चुनौतियों के लिए तैयार करना है।बालाजी का बचपन सत्य प्रेमी ब्रांच में आयोजित प्रतियोगिताएं में ग्रुप ए इंटर जीके क्विज प्रतियोगिता में क्रिएटिविटी हाउस से प्रथम स्थान अनंत पटेल, प्रतीक यादव इनोवेशन हाउस से द्वितीय स्थान इशिता यादव,कार्तिक वर्मा कंपैशन हाउस से तृतीय स्थान अद्रिका दीक्षित,शिवाय शुक्ला ग्रुप बी इंटर जीके क्विज प्रतियोगिता में कंपैशन हाउस से प्रथम स्थान तेजस वर्मा,यथार्थ कपिल स्ट्रेंथ हाउस से द्वितीय स्थान लक्ष्य वर्मा,अरनव सिंह इनोवेशन हाउस से तृतीय स्थान शाश्वत शुक्ला,आद्रिका यदुवंशी ग्रुप सी इंटर जीके क्विज प्रतियोगिता में कंपैशन हाउस से प्रथम स्थान लाभया प्राजंलि, विनायक मिश्रा इनोवेशन हाउस से द्वितीय स्थान अनन्या नीलम,मान्या तिवारी क्रिएटिविटी हाउस से तृतीय स्थान श्रेष्ठ श्रीवास्तव,मोहम्मद जकरिया विजेता रहे।बालाजी अकैडमी बंकी ब्रांच में आयोजित प्रतियोगिता में इंटर हाउस जीके क्विज़ प्रतियोगिता में ग्रुप ए में हार्मनी हाउस से प्रथम स्थान आभा, शौर्य मौर्य विजडम हाउस से द्वितीय स्थान अक्षत यादव,पीयूष, बेबो करेज हाउस से तृतीय स्थान अर्णव पांडे, आदित्य गौतम, आयत इमरान ग्रुप बी में इंटीग्रिटी हाउस से प्रथम स्थान देवांश रावत, हदिया मारूफ, अंश शर्मा विजडम हाउस से द्वितीय स्थान बरीरा, मरियम,क्षितीश हार्मनी हाउस से तृतीय स्थान नुसरत,अरमान, फ़राज़ ग्रुप सी में विजडम हाउस से प्रथम स्थान अदनान अंश रंजन अर्णव श्रीवास्तव इंटीग्रिटी हाउस से द्वितीय स्थान लक्ष्य,शिवांश,रश्मि यादव विजेता रहे। इंटर हाउस शतरंज प्रतियोगिता में ग्रुप ए से इंटीग्रिटी हाउस से प्रथम स्थान आयुष मौर्य इंटीग्रिटी हाउस से द्वितीय स्थान श्रेयांश रावत हार्मनी हाउस से तृतीय स्थान कार्तिक जायसवाल ग्रुप बी में इंटीग्रिटी हाउस से प्रथम स्थान देवांश रावत करेज हाउस से द्वितीय स्थान देवांश मौर्य हार्मनी हाउस से तृतीय स्थान अरमान ग्रुप सी में करेज हाउस से प्रथम स्थान प्रशांत श्रीवास्तव विजडम हाउस से द्वितीय स्थान अंश रंजन करेज हाउस से तृतीय स्थान आयुष सिंह विजेता रहे। इंटर हाउस टेबल टेनिस प्रतियोगिता में ग्रुप बी में करेज हाउस से प्रथम स्थान शुभम यादव विजडम हाउस से द्वितीय स्थान फैजान अली हार्मनी हाउस से तृतीय स्थान आदर्श यादव ये सभी विजेता रहे।विद्यालय के निदेशक श्री अंकुर माथुर जी तथा चारों शाखाओं की प्रधानाध्यापिकाओं द्वारा सभी विद्यार्थियों को मेडल और सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्यालय की सभी अध्यापिकाएं उपस्थित रही।

# पीएम श्री चरथई का कुरू विद्यालय के साथ युग्मन कार्यक्रम संपन्न

धनपतगंज/सुल्तानपुर। महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय के आदेश के अनुक्रम में पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय चरथई धनपतगंज का सीबीएसई एफिलिएटेड कुरु? विद्यालय कोरौ धनपतगंज के साथ युग्मन कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया। युग्मन कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युग्मित विद्यालयों के बीच अकादमिक और सहपाठ्यचर्या संबंधी गतिविधियों, विचारों, दृष्टिकोणों, शिक्षण विधियों, तकनीक की पहचान और सर्वश्रेष्ठ प्रथाओं को साझा करने के अवसर प्रदान करना, पीयर लर्निंग और ग्रुप लर्निंग के लिए सकारात्मक वातावरण का सृजन करना है। इस कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक गतिविधियों, क्विज प्रतियोगिता, म्यूजिकल चेयर व अन्य खेलकूद गतिविधियों में प्रतिभाग किया। पीएम श्री चरथई के बच्चों ने पुस्तकालय, रसायन विज्ञान प्रयोगशाला, जीव विज्ञान प्रयोगशाला, आईसीटी लैब, स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर लैब व स्विमिंग पूल का गहन अवलोकन किया। पीएम श्री चरथई के प्रधानाध्यापक मेवालाल ने बताया कि यह कार्यक्रम एक मेंटरशिप प्रोग्राम के रूप में हुआ। कार्यक्रम का एआरपी अंजनी नंदन पांडेय ने सूक्ष्म अवलोकन व गहन पर्यवेक्षण किया। आपने बताया कि युग्मन कार्यक्रम से दोनों विद्यालयों के संसाधन साझा करने की प्रवृत्ति का विकास होगा। शिक्षक जितेंद्र कुमार तिवारी ने बच्चों के अंदर आपसी साझेदारी, शैक्षणिक गतिविधियों की समझ, लर्निंग हब आदि पर प्रकाश डाला। कुरु ? विद्यालय की प्रधानाचार्या शगुफा अफजल ने कार्यक्रम में खूब सहयोग प्रदान किया व इस कार्यक्रम की सराहना की। आपने बताया कि इस तरह के युग्मन कार्यक्रम बच्चों के अंदर सीखने की क्षमता का विकास करेंगे वह भविष्य की नींव तैयार होगी ।शिक्षक उमापति पांडेय व कृष्ण कुमार तिवारी ने विद्यालय की विभिन्न उपलब्धियों व संसाधनों से अवगत कराया। आपने बताया कि शुद्ध जल के लिए आरओ का प्रयोग कैसे किया जाता है। कैसे सूक्ष्म दर्शी सूक्ष्म जीवों के अवलोकन में कार्य करता है। युग्मन कार्यक्रम में शिक्षिका शीला सिंह, सुषमा मिश्रा, जितेंद्र कुमार तिवारी, सुधीरेंद्र गौड़, अरविंद कुमार, रमेश चंद्र, इंद्र रेखा व स्पेशल एजुकेटर आशुतोष कुमार मिश्रा उपस्थित रहे।

# धर्म सुरक्षा निधि पूजन , तैयारी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। विश्व हिंदू परिषद अवध प्रांत के तत्वावधान में आयोजित होने वाले धर्म रक्षा निधि पूजन कार्यक्रम को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। आगामी शुक्रवार को दोपहर दो बजे यह कार्यक्रम टिकैतगंज कुंडवा तिराहा स्थित विश्व हिंदू परिषद कार्यालय पर संपन्न होगा। इस संबंध में बुधवार को प्रखंड संयोजक मुकेश सिंह एवं प्रखंड मंत्री आशीष सोनी ने कस्बे में पहुंचकर कार्यक्रम के निमंत्रण पत्र वितरित किए तथा अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया। निमंत्रण वितरण के दौरान कार्यक्रम में अपेक्षित जनसहभागिता एवं व्यवस्था संबंधी विषयों पर भी चर्चा की गई। आयोजकों ने बताया कि धर्म रक्षा निधि पूजन कार्यक्रम समाज में धार्मिक चेतना एवं संगठनात्मक मजबूती के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

# पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ में जश्न

## : पंकज चौधरी के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने पर बँटी मिठाई, केंद्रीय कार्यालय में उत्साह का माहौल

गोरखपुर। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री एवं महाराजगंज के लोकप्रिय सांसद श्री पंकज चौधरी को भारतीय जनता पार्टी का उत्तर प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ में भारी उत्साह और हर्ष व्याप्त है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर संघ के केंद्रीय कार्यालय में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर खुशियाँ मनाई गईं। इस विशेष अवसर पर पंकज चौधरी जी के मामा और पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी श्री दीपक चौधरी के नेतृत्व में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्री दीपक चौधरी ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर सभी सदस्यों का मुँह मीठा कराया। उन्होंने कहा कि पंकज चौधरी जी का प्रदेश अध्यक्ष बनना न केवल क्षेत्र के लिए बल्कि पूरे श्रमिक वर्ग और संगठन के लिए गर्व की बात है। कार्यक्रम का नेतृत्व संघ के महामंत्री एवं एनएफआईआर (गक्क्ष्ट) के सहायक महामंत्री श्री विनोद कुमार राय ने किया। इस दौरान वाराणसी (बनारस) से विशेष रूप से संघ के कार्यकारी अध्यक्ष और NFIR नई दिल्ली के जोनल सचिव श्री रमेश मिश्रा अपने मंडल पदाधिकारियों के साथ केंद्रीय कार्यालय पहुँचे और अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। महामंत्री विनोद कुमार राय और कार्यकारी अध्यक्ष रमेश मिश्रा ने संयुक्त रूप से कहा कि श्री पंकज चौधरी का कुशल नेतृत्व उत्तर प्रदेश में संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। कार्यालय में मौजूद सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने एक-दूसरे को बधाई दी और आतिशबाजी व मिठाई के साथ अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर संघ के विभिन्न मंडलों के पदाधिकारी, केंद्रीय कार्यकारिणी के सदस्य और भारी संख्या में रेल कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में पंकज चौधरी जी के उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की और उनके प्रति अपनी अटूट निष्ठा व्यक्त की। उपस्थित पदाधिकारियों में वरिष्ठ पदाधिकारी के एम मिश्रा दीपक चौधरी, सूरज गुप्ता मंडल अध्यक्ष ईश्वर चंद्र विद्यासागर, मंडल मंत्री कुलदीप मणि, मंडल अध्यक्ष मुख्यालय संजीव धर, संगठन मंत्री मनोज शुक्ला, संयुक्त मंत्री अभिषेक गुप्ता, मंडल मंत्री अकाउंट शमशाद भाई, कार्यकारी अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव (कारखाना मंडल), देवेश सिंह, अनिल गौतम, राजू रावत, अखिलेश तिवारी, बृजपाल सिंह, कैलाश राजभर, गणेश, सतीश श्रीवास्तव, लक्ष्मी श्रीवास्तव, अंशुमाला पाठक, नंदन चौधरी गणेश तिवारी विनोद मिश्रा राजन कनौजिया जयप्रकाश सिंह बिहारी पांडे अनिल द्विवेदी विजय सिंह अनुराग खरे मुरारी लाल मिश्रा राजकुमार शुभम और अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

## नीलगाय से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत

बल्दीराय/सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। हलियापुर–वेलवाई मार्ग पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा हलियापुर थाना क्षेत्र के काशीराम का पुरवा मजरा डोभियारा के पास हुआ, जहां अचानक सामने आई नीलगाय से बाइक टकरा गई। टक्कर के बाद युवक बाइक सहित सड़क पर गिर पड़ा। बताया जा रहा है कि उसने हेलमेट नहीं पहन रखा था, जिससे गिरने के दौरान उसके सिर में गंभीर चोट लग गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान विवेक (22) पुत्र कृ निवासी वीसा का पुरवा, थाना कुमारगंज, जनपद अयोध्या के रूप में हुई है। वह अपने मामा के घर से लौट रहा था, तभी यह हादसा हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने हलियापुर पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। परिजनों द्वारा पोस्टमार्टम कराने से इनकार किए जाने के बाद आवश्यक कार्रवाई की गई।

## अलाव ताप रही महिला झुलसी

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना क्षेत्र के गोंदौरा ग्राम में अलाव तापते समय साड़ी में आग लगने से महिला सुशीला पांडेय गंभीर रूप से झुलस गईं। परिजनों ने आग बुझाकर उन्हें एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद लगभग 40 प्रतिशत जलने के कारण जिला अस्पताल रेफर किया गया।सूचना पर पहुंची पुलिस टीम द्वारा अलाव जलाते समय सावधानी बरतने की अपील की गई।

## कड़ाके की ठंड में परिषदीय विद्यालयों का समय बदलने की उठी मांग

'सुलतानपुर। जनपद में पड़ रही कड़ाके की ठंड और घने कोहरे को देखते हुए परिषदीय विद्यालयों के संचालन समय में बदलाव की मांग तेज हो गई है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के नेता रणवीर सिंह ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर विद्यालयों का समय परिवर्तित किए जाने की मांग की है।

रणवीर सिंह ने बताया कि बीते दो दिनों से तापमान में भारी गिरावट दर्ज की जा रही है, जिससे छोटे बच्चे ठिठुरन का सामना कर रहे हैं। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले नौनिहालों को सुबह–सुबह विद्यालय पहुंचने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कई जनपदों में बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए विद्यालयों का संचालन सुबह 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक किया जा रहा है। ऐसे में सुलतानपुर जनपद में भी इसी तर्ज पर समय परिवर्तन किया जाना आवश्यक है। शिक्षक संघ ने प्रशासन से मांग की है कि बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए तत्काल प्रभाव से परिषदीय विद्यालयों के समय में बदलाव किया जाए, ताकि ठंड के मौसम में नौनिहालों को राहत मिल सके।

## तिलोई की पच्चीस न्याय पंचायतों में इक्कीस दिसम्बर से शुरु होगा हिन्दू सम्मेलन

तिलोई अमेठी,विधानसभा क्षेत्र तिलोई के तीन विकास क्षेत्रों की पच्चीस न्याय पंचायतों में आगामी इक्कीस दिसम्बर से विराट हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये तैयारियां जारी कर दी गई है। ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने बताया कि हिन्दू समाज को संगठित करने के लिये तिलोई विधानसभा क्षेत्र की पच्चीस न्याय पंचायतों के साथ ही नगर पालिका परिषद जायस क्षेत्र में आगामी इक्कीस दिसम्बर से हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने बताया कि न्याय पंचायत ढ़ोढनपुर, अलाईपुर, विराज, रमई, सैम्बसी,शाहमऊ,जमुरवां, तिलोई,सेमरौता, लोधवरिया में विराट हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि जमुरवां न्याय पंचायत का कार्यक्रम जनता जनार्दन इण्टर कालेज शंकरगंज के प्रांगण में आयोजित किया जायेगा जिसमें मुख्य वक्ता अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक मुकेश आनंद जी महाराज होगे।भाजपा नेता धर्मेश मिश्रा ने बताया कि न्याय पंचायत इन्हौना,चिलौली,खारा, पन्हौना, जैतपुर, कुकहा रामपुर, फूला रामपुर पंवारा,फतेहपुर, मत्तेपुर में आगामी इक्कीस दिसम्बर से हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि फतेहपुर न्याय पंचायत का कार्यक्रम सरस्वती शिशु मंदिर राजा फतेहपुर के प्रांगण में आयोजित किया गया है।बहादुरपुर के पूर्व ब्लाक प्रमुख रमेश सिंह ने बताया कि न्याय पंचायत सराय महेशा, मोहइया केसरिया, निगोहां, ब्रम्हनी में हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये गांव गांव बैठकों का दौर प्रारम्भ हो गया है और आम जनमानस को हिन्दू सम्मेलन में प्रतिभाग करने के लिये आमंत्रित किया जा रहा है।

## जिलाधिकारी की जांच समिति ने किया सड़क दुर्घटना का स्थलीय निरीक्षण

मथुरा । जनपद मथुरा के थाना बल्देव क्षेत्रान्तर्गत यमुना एक्सप्रेस-वे (आगरा से नोएड़ा की ओर जाने वाले मार्ग पर) के माइल स्टोन 127 पर 15-16 दिसम्बर की रात्रि में हुए भीषण सड़क हादसे की जांच हेतु जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह द्वारा जांच समिति का गठन किया गया था।

बुधवार अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन अमरेश कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड प्रथम गुलवीर सिंह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन राजेश राजपूत, यमुना एक्सप्रेस-वे प्राधिकरण के महाप्रबंधक (परियोजना) राजेंद्र सिंह भाटी तथा कंशैसनायर जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड के महाप्रबंधक (ऑपरेशन) आनंद सिंह द्वारा यमुना एक्सप्रेस-वे पर हुए सड़क दुर्घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन ने अवगत कराया है कि दुर्घटना के समय उपस्थित स्थानीय लोग, बस और अन्य वाहनों में उपस्थित यात्रीगण तथा ड्राइवर के बयान आदि के माध्यम से संभावित कारणों की जांच की जा रही है।

# जिला जज ने किया ग्राम न्यायालय का निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।ग्राम न्यायालय का जिला जज प्रतिमा श्रीवास्तव ने बुधवार को शीतकालीन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मुकदमों से संबंधित पत्रावलियों की गहन जांच की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।जनपद न्यायाधीश प्रतिमा श्रीवास्तव दोपहर करीब 2 बजे तहसील सिरौलीगौसपुर परिसर में स्थित ग्राम न्यायालय पहुंचीं। उन्होंने न्यायालय के कोर्ट और दफ्तर का बारीकी से निरीक्षण किया। इसके बाद, उन्होंने पेशकार और अहलमद को मुकदमों के बेहतर निस्तारण के लिए आवश्यक निर्देश दिए।निरीक्षण के समय ग्राम न्यायालय के न्यायाधीश कमलकांत तिवारी और सिरौलीगौसपुर की उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह भी मौजूद रहीं। जिला जज लगभग 40 मिनट तक न्यायालय परिसर में रहीं और पत्रावलियों का अवलोकन करती रहीं।

# शिक्षा के सशक्तिकरण में हरसंभव सहयोग : साकेंद्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा बाराबंकी। विकास खंड निंदूरा के उच्च प्राथमिक विद्यालय काजी बेहटा में बुधवार को हमारा आंगनऽहमारे बच्चे उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक कुर्सी साकेंद्र प्रताप वर्मा रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि नवागत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम खंड शिक्षा अधिकारी सुषमा सेंगर के नेतृत्व में संपन्न हुआ। बीईओ ने कहा कि नई गतिविधियों से बच्चों को बेहतर सीखने के अवसर मिल रहे हैं। वहीं बीएसए ने बेसिक शिक्षा परिवार को साथ लेकर सरकारी नीतियों को पूरी निष्ठा से लागू करने की बात कही। विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने बच्चों को देश का भविष्य बताते हुए शिक्षा के सशक्तिकरण हेतु हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर बच्चों प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस मौके पर शिव शंकर सिंह , अभिषेक गिरी, हरि प्रकाश शुक्ल, हर्षिता शुक्ला, आलोक कुमार सहित अन्य लोगों उपस्थित रहे।

# शिक्षक का निधन शोक की लहर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। बीपी शुक्ला इंटर कॉलेज तिलोकपुर के वरिष्ठ शिक्षक जेबी सिंह के निधन से शिक्षा जगत और क्षेत्र में शोक व्याप्त है। उन्होंने अपने सेवाकाल में विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ संस्कार और जीवन मूल्यों की सीख दी।उनके सादा अनुशासनप्रिय और हंसमुख व्यक्तित्व को सभी ने सराहा। विद्यालयों व क्षेत्र में शोकसभाओं के माध्यम से उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।वहीं ग्राम गर्री में अंतिम संस्कार के दौरान पूर्व प्रमुख राजन सिंह सहित बड़ी संख्या में लोगों ने उन्हें अंतिम विदाई दी।

## किसान पाठशाला का भव्य आयोजन

बाराबंकी। विकासखंड रामनगर के बिचलखा ग्राम में द मिलियन फार्मर्स स्कूल कार्यक्रम के तहत किसान पाठशाला का आयोजन किया गया।जिसमे किसानों को कृषि विभाग की योजनाओं दलहनी व तिलहनी फसलों की उन्नत खेती रबी फसलों की सुरक्षा फार्मर रजिस्ट्री और प्राकृतिक खेती की जानकारी दी गई।सहायक विकास अधिकारी कृषि डॉ.दलबीर सिंह व मास्टर ट्रेनर प्रदीप कुमार वर्मा ने किसानों को आधुनिक खेती की लागत घटाकर उत्पादन बढ़ाने और मृदा स्वास्थ्य पर प्रशिक्षण दिया।साथ ही गोपालपुर व तेलवारी में भी पाठशालाएं आयोजित कर किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया।

## कानपुर से आई आयकर विभाग की टीम ने जिला सहकारी बैंक में की छापेमारी

उरई । जनपद में बुधवार को आयकर विभाग कानपुर की टीम दो वाहनों के साथ जिला सहकारी बैंक पहुंची। यहां से सीधे वह लोग मुख्य कार्यपालक अधिकारी भानु प्रताप सिंह के कमरे में पहुंचे। आयकर विभाग के अधिकारियों ने बैंक के अधिकारियों से बैंक सम्बंधित अभिलेख लाने को कहा। जिसमें नाबार्ड, आरबीआई, बैंक योजनाओं से सम्बंधित अभिलेख बताए गए हैं।

टीम में शामिल अधिकारियों कर्मचारियों ने बैंक के दस्तावेजों का गहनता से परीक्षण किया। बिना इजाजत के किसी को कमरे में जाना मना कर दिया गया। कर्मचारियों ने कहा कि यह नियमित चेकिंग है। किसी तरह का छापा नहीं है। वह लोग आयकर से सम्बंधित बैंक के मामलों को देखने आए हैं। बाद में फिर से आयकर विभाग के अधिकारी अपने काम में जुट गए। साढ़े पांच बजे के आसपास अधिकारी बाहर निकले तो उनसे बात करनी चाही गई लेकिन उन्होंने किसी तरह की कोई बात नहीं की और टीम चली गई।

टीम का नेतृत्व आयकर निदेशक (आसूचना एवं आपराधिक अन्वेषण), कानपुर ने किया जिसमें विमलेश राय, सहायक निदेशक और अविनाश सोनवानी, आयकर अधिकारी की अगुवाई ने वित्तीय लेन देन की जांच करने हेतु सर्वे किया गया। सर्वे टीम में आयकर निरीक्षक कय्यूम अहमद, देवअनंत श्रीवास्तव, कुलदीप गुप्ता एवं अंकित श्रीवास्तव के साथ भारी पुलिस बल तैनात था। इस छापेमारी में वित्तीय लेन–देन से जुड़े कागजात और दस्तावेज कम्प्लीट नहीं मिले। जिस पर बैंक जिम्मेदारों को 10 दिन के अंदर सारे कागजात कानपुर लाने का अल्टीमेटम दिया गया है।


**सूचना**

मेरा आधार कार्ड और पेन कार्ड पर मेरा नाम TAUQEER AHMAD KHAN अंकित है जबकि वोटर आईडी पर Taukeer Ahmad Khan हो गया है ये दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे है । तौकीर अहमद खान पुत्र जहीर अहमद खान प्लान नंबर 86 कल्यानपुर वेस्ट आदिल नगर विकास नगर लखनऊ।

**सूचना**

मैने अपना नाम बदलकर विकास मिश्रा रख लिया अब मुझेमुझे गोपाल मिश्रा के बजाय विकास मिश्रा नाम से जाना एवं पहचाना जाए विकास मिश्रा पुत्र राकेश कुमार मिश्रा निवासी ग्राम फतेहपुर थाना इन्हौना तहसील तिलोई जनपद अमेठी।

# खेल मंत्री डॉ. मांडविया ने स्क्वैश वर्ल्ड कप जीतने पर भारतीय टीम को किया सम्मानित

एजेंसी




नई दिल्ली। केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने बुधवार को ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने वाली भारतीय स्क्वैश टीम को सम्मानित किया। जोशना चिनप्पा, अभय सिंह, वेलावन सेंथिलकुमार और अनाहत सिंह की मिश्रित टीम ने पिछले शनिवार चेन्नई में भारत को उसका पहला स्क्वैश वर्ल्ड कप खिताब दिलाकर इतिहास रच दिया।

यह जीत भारत का पहला स्क्वैश वर्ल्ड कप खिताब है। इससे पहले भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2023 संस्करण में कांस्य पदक रहा था। फाइनल मुकाबले में भारत ने शीर्ष वरीयता प्राप्त हांगकांग को 3-0 से हराया। इसके साथ ही भारत स्क्वैश वर्ल्ड कप जीतने वाला चौथा देश बन गया, इससे पहले यह उपलब्धि ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और मिस्र को मिली थी।

खिलाड़ियों को बधाई देते हुए डॉ. मांडविया ने इसे ल्लभारतीय खेल जगत के लिए गर्व का क्षणङ्क बताया। उन्होंने कहा, ल्लभारत खेल क्षेत्र में लगातार शानदार प्रदर्शन कर रहा है। एक के बाद एक नई उपलब्धियां हासिल हो रही हैं। हमारी महिला क्रिकेट टीम ने भी हाल ही में वर्ल्ड कप जीता है।

उन्होंने आगे कहा, ल्लअपने ही देश की धरती पर स्क्वैश वर्ल्ड कप जीतना बेहद गर्व की बात है। टीम ने पूरे टूर्नामेंट में एक भी मुकाबला नहीं गंवाया। मुझे विश्वास है कि खेल क्षेत्र का यह विकास आगे भी देश को नई सफलताएं दिलाता रहेगा। भारत के शीर्ष स्क्वैश खिलाड़ियों को टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) का भी लाभ मिला है, जिसने उच्च स्तरीय प्रशिक्षण, अंतरराष्ट्रीय अनुभव और विशेषज्ञ मार्गदर्शन के जरिए उनकी तैयारी को मजबूत किया है।

टीम की सबसे युवा खिलाड़ी अनाहत सिंह ने चेन्नई में मिले दर्शकों के समर्थन को अहम बताया। 17 वर्षीय अनाहत ने कहा, ल्लमैंने पहली बार वर्ल्ड कप में अपने सीनियर खिलाड़ियों के साथ खेला। यह मेरे लिए शानदार सीखने का अनुभव रहा। मैं चेन्नई के दर्शकों का लगातार समर्थन के लिए धन्यवाद करती हूं।

अब भारतीय टीम की नजरें एशियन गेम्स 2026 और उसके बाद लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 पर हैं, जहां स्क्वैश पहली बार ओलंपिक खेल के रूप में शामिल होगा।

जापान में अगले साल होने वाले एशियन गेम्स से पहले पद्म श्री और अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित जोशना चिनप्पा भी आशावादी हैं। 39 वर्षीय जोशना ने कहा, ल्लहम कई महीनों से इसकी तैयारी कर रहे थे और वर्ल्ड कप का अनुभव बेहद शानदार रहा। इससे एशियाड के लिए हमारा आत्मविश्वास काफी बढ़ा है। व्यक्तिगत रूप से मेरी कोशिश रहेगी कि मैं बेहतरीन फिटनेस बनाए रखूं और खेलों के लिए क्वालिफाई करूं।

# क्रिकेट मुकाबला– माही 11 ने 106 रनों से दर्ज की शानदार जीत

एजेंसी



लखीमपुर खीरी। स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) के अंतर्गत नगर पालिका परिषद लखीमपुर एवं क्रीड़ा भारती के संयुक्त तत्वावधान में शहर के मेमोरियल मैदान में आयोजित लखीमपुर खेल महोत्सव सीजनऽ2 के तीसरे दिन विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया।क्रिकेट प्रतियोगिता में माही 11 एवं ऑफिशियल 11 के मध्य मुकाबला खेला गया, जिसमें माही 11 ने 106 रनों से शानदार जीत दर्ज की। इस मैच में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज़ सौरभ कुमार, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज़ करण तथा सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक लवकुश रहे, जबकि मैन ऑफ द मैच का खिताब आनंद प्रकाश को प्रदान किया गया। दूसरा क्रिकेट मैच डाबला 11 एवं डेंजर बॉयज़ के बीच खेला गया, जिसमें डाबला 11 ने 144 रनों से विजय प्राप्त की। इस मुकाबले में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज़ विराट, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज़ वैभव, सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक आकाश रहे तथा मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार आकाश को दिया गया। कबड्डी प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग बालिकाओं के अंतर्गत युवराज दत्त कॉलेज एवं आर. इंडियन पब्लिक स्कूल, निघासन के मध्य मुकाबला हुआ, जिसमें युवराज दत्त कॉलेज की टीम विजयी रही। बालक वर्ग कबड्डी में 8 टीमों ने अगले चरण में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला डॉ. रवि मेमोरियल कबड्डी टीम एवं बेहड़ा लाल टीम, मितौली के मध्य रोमांचक रहा, जिसमें बेहड़ा लाल टीम मितौली ने विजय प्राप्त की। क्रिकेट एवं कबड्डी प्रतियोगिताओं के विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों/टीमों को माननीय सदर विधायक श्री योगेश वर्मा जी एवं नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव जी द्वारा मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। हॉकी प्रतियोगिता गुरु नानक इंटर कॉलेज प्रांगण स्थित गुरु नानक स्पोर्ट्स अकादमी में आयोजित की गई। बॉयज़ अंडरऽ17 वर्ग में अजमानी इंटरनेशनल बनाम लालपुर स्टेडियम का मैच लालपुर स्टेडियम ने 7ऽ1 से जीता। अंडरऽ14 वर्ग में गुरु नानक स्पोर्ट्स अकादमी बनाम लालपुर स्टेडियम का मुकाबला लालपुर स्टेडियम ने 5ऽ2 से अपने नाम किया। वहीं अंडरऽ17 वर्ग में गुरु नानक इंटर कॉलेज बनाम गुरु नानक स्पोर्ट्स अकादमी के मैच में गुरु नानक स्पोर्ट्स अकादमी ने 2ऽ0 से विजय दर्ज की।

## डब्ल्यूएलपीटीएल में शामिल हुए दिलशान, फाफ, असगर और राहुल

पणजी (गोवा)। वर्ल्ड लीजेंड्स प्रो टी-20 लीग (डब्ल्यूएलपीटीएल) ने बुधवार को अपने रोस्टर में चार खिलाड़ियों को आधिकारिक रूप से शामिल करने की पुष्टि की है। ये खिलाड़ी श्रीलंका क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान तिलकरत्ने दिलशान, दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी फाफ डु प्लेसिस, अफगानिस्तान के पूर्व खिलाड़ी असगर अफगान और पूर्व भारतीय ेग-स्पिनर राहुल शर्मा हैं। इन खिलाड़ियों के शामिल होने के साथ उद्घाटन सत्र में एशिया, अफ्रीका, यूरोप और ओशिनिया के क्रिकेट खिलाड़ियों के साथ भाग लेने वाले खिलाड़ियों की कुल संख्या 18 हो गई है। डब्ल्यूएलपीटीएल में कुल 90 खिलाड़ी भाग लेंगे, जिन्हें 6 टीमों में ड्राफ्ट किया जाएगा। टूर्नामेंट की शुरुआत 26 जनवरी को गोवा के वर्ना स्थित नए 1919 क्रिकेट स्टेडियम में होगी। शेन वॉटसन, डेल स्टेन, जैक कैलिस, क्रिस गेल, शॉन मार्श जैसे अंतरराष्ट्रीय दिग्गजों के साथ-साथ भारतीय सुपरस्टार शिखर धवन, दिनेश कार्तिक और हरभजन सिंह सहित कई बड़े नामों की पहले ही पुष्टि हो चुकी है।

# अपराजित दिग्गज बॉक्सर टेरेंस क्रॉफर्ड ने किया संन्यास का ऐलान

एजेंसी

लॉस एंजेलिस। अपराजित विश्व सुपर मिडिलवेट चैंपियन टेरेंस क्रॉफर्ड ने मंगलवार को पेशेवर बॉक्सिंग से संन्यास लेने की घोषणा कर दी। 38 वर्षीय अमेरिकी मुक्केबाज़ ने यह फैसला दिग्गज साउल 'कनेलो' अल्वारेज़ पर सितंबर में मिली ऐतिहासिक जीत के तीन महीने बाद लिया। नेब्रास्का के रहने वाले क्रॉफर्ड ने लास वेगास में हुए मुकाबले में अल्वारेज़ को सर्वसम्मत निर्णय से हराकर निर्विवाद सुपर मिडिलवेट खिताब अपने नाम किया था। अपने संन्यास की जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक वीडियो के ज़रिये दी। अपने संदेश में क्रॉफर्ड ने कहा, ल्लमैं मुकाबलों से दूर जा रहा हूं, इसलिए नहीं कि लड़ना खत्म हो गया है, बल्कि इसलिए कि मैंने एक अलग तरह की लड़ाई जीत ली है–वो लड़ाई, जिसमें आप अपने शर्तों पर विदा लेते हैं।

क्रॉफर्ड (42-0, 31 नॉकआउट) संन्यास के समय डब्ल्यूबीए, आईबीएफ और डब्ल्यूबीओ सुपर मिडिलवेट चैंपियन हैं। हालांकि, इस महीने की शुरुआत में सैंक्शनिंग फीस को लेकर हुए विवाद के चलते उनसे डब्ल्यूबीसी सुपर मिडिलवेट बेल्ट छीन ली गई थी। अपने वीडियो में क्रॉफर्ड ने कहा कि उनका पूरा करियर सबको गलत साबित करने की भावना से प्रेरित रहा। उन्होंने कहा, हर फाइटर जानता है कि यह पल आएगा, बस यह नहीं पता होता कि कब। मैंने पूरी ज़िंदगी किसी चीज़ के पीछे भागते हुए बिताई–ना बेल्ट के लिए, ना पैसे के लिए, ना सुर्खियों के लिए–बल्कि उस एहसास के लिए, जब दुनिया आप पर शक करती है और आप बार-बार खुद को साबित करते हैं।ङ्क उन्होंने आगे कहा, ल्लमैंने अपने परिवार के लिए लड़ा, अपने शहर के लिए लड़ा और उस बच्चे के लिए लड़ा, जिसके पास कभी कुछ नहीं था–सिर्फ एक सपना और दस्ताने की एक जोड़ी। मैंने यह सब अपने तरीके से किया और इस खेल को अपनी पूरी सांसें दे दीं।

# टी20आई रैंकिंग में तिलक वर्मा की छलांग, वरुण चक्रवर्ती शीर्ष पर कायम

एजेंसी




नई दिल्ली। अंतराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) पुरुष टी20आई प्लेयर रैंकिंग में भारत के खिलाड़ियों को ताजा अपडेट में बड़ा फायदा हुआ है। भारत के विस्फोटक बल्लेबाज़ तिलक वर्मा दो स्थान की छलांग लगाकर बल्लेबाज़ों की सूची में चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं, जबकि स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने गेंदबाज़ों की रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान और मजबूत कर लिया है। तिलक वर्मा ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ हालिया टी20आई सीरीज़ में शानदार प्रदर्शन किया। कटक में खेले गए पहले मैच में 26 रन बनाने के बाद उन्होंने न्यू चंडीगढ़ में 62 रन की अहम पारी खेली और धर्मशाला में नाबाद 26 रन बनाए। इसके दम पर उन्होंने पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान और इंग्लैंड के जोस बटलर को पीछे छोड़ दिया। बल्लेबाज़ों की इस सूची में भारत के अभिषेक शर्मा शीर्ष पर बने हुए हैं। तिलक वर्मा की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग इस साल जनवरी में दूसरा स्थान रही है। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्करम ने तीसरे मैच में टीम के कुल 117 रन में 61 रन की संघर्षपूर्ण पारी खेली, जिससे उन्हें आठ स्थान का फायदा हुआ और वह 29वें नंबर पर पहुंच गए। वहीं, दूसरे टी20आई में मैच जिताऊ 90 रन बनाने वाले क्विंटन डी कॉक 14 स्थान की छलांग लगाकर 53वें स्थान पर पहुंच गए हैं। टी20आई गेंदबाज़ों की रैंकिंग में वरुण चक्रवर्ती ने बीते हफ्ते खेले गए दो मैचों में दो-दो विकेट लेकर अपने खाते में 36 रेटिंग अंक जोड़े। उनके कुल अंक अब करियर के सर्वश्रेष्ठ 818 हो गए हैं। दोनों टीमों के तेज़ गेंदबाज़ों को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है। भारत के बाएं हाथ के तेज़ गेंदबाज़ अर्शदीप सिंह, जिन्हें धर्मशाला मैच में 2/13 के शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था, चार स्थान ऊपर चढ़कर 16वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं, दक्षिण अफ्रीका के मार्को यानसन 14 स्थान की छलांग लगाकर 25वें और लुंगी एनगिडी 11 स्थान ऊपर चढ़कर 44वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

उधर, आईसीसी पुरुष टेस्ट प्लेयर रैंकिंग में न्यूजीलैंड के डेवोन कॉनवे को फायदा हुआ है। वेस्टइंडीज के खिलाफ आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप सीरीज़ के दूसरे मैच में वेलिंगटन में उन्होंने 60 और 28 रन बनाए, जिससे उनकी टीम ने नौ विकेट से जीत दर्ज की।

इस प्रदर्शन के बाद कॉनवे बल्लेबाज़ों की सूची में सात स्थान ऊपर चढ़कर 34वें नंबर पर पहुंच गए हैं। मिचेल हे ने अपने टेस्ट करियर की शानदार शुरुआत की और डेब्यू मैच में सर्वाधिक 61 रन बनाते हुए संयुक्त रूप से 78वें स्थान पर एंट्री की। वहीं, जैकब डफी ने दूसरी पारी में केवल 38 रन देकर पांच विकेट झटकते हुए गेंदबाज़ों की रैंकिंग में 15 स्थान की छलांग लगाकर करियर के सर्वश्रेष्ठ 48वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

# एएसआर कप के पूल बी में आरा और मुंगेर पहुंची सेमीफाइनल में

अररिया । फारबिसगंज हवाई अड्डा के मैदान में एएसआर कप क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को दो क्वार्टर फाइनल मैच खेला गया,जिसमें आरा की अतुल इलेवन ने सीतामढ़ी की उत्तम इलेवन को 44 और मुंगेर की रुद्रा इलेवन ने फारबिसगंज के अमन इलेवन को रोमांचक मुकाबले में 24 रनों से पराजित कर सेमीफाइनल में पहुंचने में कामयाब रही। टूर्नामेंट का तीसरा और बुधवार को खेले गए पहले क्वार्टर मैच में सीतामढ़ी उत्तम इलेवन के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया।आरा की अतुल इलेवन टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में अपने 9 विकेट खोकर 176 रन बनाए।आरा की ओर से उत्कर्ष यादव ने 17 गेंदों पर 45,गोलू राइना ने 15 गेंदों पर 39,कारण राज ने 17 गेंदों पर 25 रन का योगदान अपने टीम को दिया। सीतामढ़ी की ओर से राजा डी ने 17 रन देकर 3,राजा पाण्डेय ने 39 रन देकर 3, रिषभ सिंह ने 36 रन देकर 2 और हिमांशु कुमार ने 35 रन देकर एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य 177 का पीछा करने उतरी सीतामढ़ी निर्धारित 15 ओवर में अपने 9 विकेट खोकर महज 132 रन ही बना पाई और इस तरह आरा अतुल इलेवन ने 44 रनों से मैच जीत लिया।सीतामढ़ी की ओर से तुषार वर्मा ने 21 गेंदों पर 35,मो.इफ्तेखार ने 22 गेंदों पर 26,हिमांशु कुमार ने 7 गेंदों पर नाबाद 18 रन बनाए।वहीं आरा की ओर से गेंदबाजी में प्रियांशु,सोनू कुमार,प्रिंस सिंह और हर्ष यादव ने दो-दो विकेट लेने में सफल रहे। मैन ऑफ द मैच का अवॉर्ड आरा के उत्कर्ष यादव को मैच के आयोजक भास्कर सिंह ने प्रदान किया।वहीं दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच मुंगेर रुद्रा इलेवन और फारबिसगंज अमन इलेवन के बीच खेला गया।फारबिसगंज टीम के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया।मुंगेर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में अपने 9 विकेट खोकर 214 रन बनाए।मुंगेर की ओर से आनंद सिंह ने 26 गेंदों पर 62,नोमान ने 13 गेंदों पर 33,तनवीर ने 9 गेंदों पर 23 और अमित मंडल ने 11 गेंदों पर 20 रन बनाए।वहीं फारबिसगंज के गेंदबाज लेविश कौशल ने 36 रन देकर 3,लाडला 30 रन देकर 2 और विकास पटेल,विष्णु पाण्डेय,कृष्णमूर्ति और निराला ने एक-एक विकेट प्राप्त किया। लक्ष्य का पीछा करने के लिए उतरी फारबिसगंज अमन इलेवन 14.1 ओवर में ही अपने सभी विकेट खोकर 190 रन बनाए।जिसमें रंजीत यादव ने 21 गेंदों पर 46,विकास पटेल 11 गेंदों पर 39, कलीम 18 गेंदों पर 36 और रवि ने 11 गेंदों पर 18 रन बनाए।मुंगेर की ओर से नवीन सिंह ने 21 रन देकर 4,अमित मंडल 30 रन देकर 3 और शाहनवाज और हर्षित ने एक एक विकेट हासिल किया।

मुंगेर के अमित मंडल को बल्लेबाजी में 20 रन और गेंदबाजी में 3 विकेट लेने के कारण मैन ऑफ द मैच का अवॉर्ड फारबिसगंज थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने प्रदान किया।

# सिरसा: आईपीएल में खेलेंगे शाह सतनाम जी क्रिकेट एकेडमी के खिलाड़ी कनिष्क चौहान

एजेंसी

सिरसा। शाह सतनाम जी क्रिकेट एकेडमी सिरसा के खिलाड़ी कनिष्क चौहान को आरसीबी ने आईपीएल-26 के लिए 30 लाख रुपए के बेस प्राइज में खरीदा है। क्रिकेटर कनिष्क के एशिया कप अंडर-19 के बाद आईपीएल-26 में चयन से जिले के क्रिकेट प्रेमियों में खुशी की लहर है। अबुधाबी में हुई मिनी नीलामी में अपने चयन के बाद पहली बार कनिष्क आईपीएल का हिस्सा बनेंगे और विराट कोहली की रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए खेलेंगे। कनिष्क चौहान को जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव डॉ. वेद बैनीवाल सहित शाह सतनाम जी शिक्षण संस्थानों ने बधाई दी है।

उल्लेखनीय है कि कनिष्क चौहान दुबई में खेले जा रहे अंडर-19 एशिया कप में भारतीय टीम में खेल रहे है, पिछले दिनों पाकिस्तान के खिलाफ लीग मैच में बल्ले से 46 रन और गेंदबाजी में 3 विकेट झटककर प्लेयर ऑफ द् मैच रहे थे। शाह सतनाम जी क्रिकेट एकेडमी, सिरसा टीम के कोच जसकरण सिंह सिद्धू ने बुधवार को बताया कि अबूधाबी (यूएई) में आईपीएल 2026 के लिए मिनी ऑक्शन हुई है, जिसमें 1390 खिलाडि़यों (नेशनल और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी) ने रजिस्ट्रेशन कराया था और 359 खिलाडय़ों को शॉर्टलिस्ट किया गया था।

शॉर्टलिस्ट किए गए कुल 359 खिलाडि़यों में से 247 भारतीय खिलाड़ी और 112 विदेशी खिलाड़ी थे। इनमें से युवा ऑलराउंडर कनिष्क चौहान को आरसीबी ने 30 लाख रुपए के बेस प्राइज पर अपने पाले में लिया है। ज्ञातव्य है कि कनिष्क मौजूदा समय में शाह सतनाम जी बॉयज कॉलेज, सिरसा में बीए द्वितीय वर्ष का छात्र है और वह पिछले 10 वर्षों से शाह सतनाम जी क्रिकेट एकेडमी, सिरसा में खेल रहे हैं।युवा ऑलराउंडर कनिष्क चौहान पिछले काफी समय से भारत की अंडर-19 टीम में खेल रहे हैं।

## पंजाब किंग्स ने आईपीएल के लिए चार खिलाड़ी खरीदकर 25 सदस्यीय टीम को दिया अंतिम रूप

नई दिल्ली। पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) ने टाटा आईपीएल 2026 की मिनी नीलामी में चार अहम खिलाड़ियों को खरीदते हुए अपनी 25 सदस्यीय टीम को अंतिम रूप दे दिया है। इस नीलामी में पीबीकेएस ने दो अनकैप्ड और दो कैप्ड खिलाड़ियों को अपने साथ जोड़ा, जिसमें ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज बेन ड्वार्शुइस टीम की सबसे महंगी खरीद साबित हुए।

पंजाब किंग्स ने नीलामी की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजी ऑलराउंडर कूपर कॉनॉली से की, जिन्हें 3 करोड़ रुपये में खरीदा गया। मिडिल ऑर्डर में लचीलापन देने वाले कॉनॉली एक उभरते हुए खिलाड़ी हैं और इसके साथ ही वह स्लो लेफ्ट आर्म स्पिन का भी उपयोगी विकल्प प्रदान करते हैं।


उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विधुत अभियंता/सा., मंडल रेल प्रबंधक, हजरतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ई–निविदा सूचना सं. | 1195-वरिष्ठ मंडल विधुत अभियंता-उत्तर रेलवे–लखनऊ दिनांक 15.12.2025 |
| 2 | कार्य का नाम | लखनऊ मंडल के अंतर्गत पुराने लाइटिंग टावरों और अन्य विधुत संपत्तियों को हटाने और बदलने के संबंध में विधुत कार्य। |
| 3 | अनुमानित लागत | रु. 1,98,39,515.56 (एक करोड़ अट्ठानवे लाख उन्तालीस हजार पाँच सौ पन्द्रह रुपये एवं छप्पन पैसे मात्र) |
| 4 | ई निविदा की कीमत | शून्य |
| 5 | बयाना राशि | रु. 2,49,200/- (दो लाख उन्चास हजार दो सौ रुपये मात्र) |
| 6 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| 7 | ई–निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 07.01.2026 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:00 बजे के बाद वरिष्ठ मंडल विधुत अभियंता/सा., उत्तर रेलवे, हजरतगंज, लखनऊ के कार्यालय में। |
| 8 | प्रस्ताव की वैधता | ई–निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन |
| 9 | उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |

सूचना सं. :1195–वरिष्ठ मंडल विधुत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ, दिनांक 15.12.2025

3874/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## वर्ल्ड कप के बाद अब जूनियर भारतीय टीम की नजर हॉकी इंडिया लीग पर, सीनियर टीम में जगह बनाने की तैयारी

एजेंसी



नई दिल्ली ।एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर वर्ल्ड कप में कांस्य पदक जीतने के बाद भारतीय जूनियर टीम के खिलाड़ी अब अपना पूरा ध्यान आगामी हीरो हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) पर केंद्रित कर चुके हैं। अर्जेंटीना के खिलाफ 4-2 की शानदार वापसी जीत के साथ टूर्नामेंट का समापन करने वाली टीम के युवा सितारे सीनियर टीम में जगह बनाने की उम्मीद के साथ लीग में खुद को साबित करना चाहते हैं।

महिला हीरो हॉकी इंडिया लीग की शुरुआत 28 दिसंबर से रांची में होगी, जबकि पुरुषों की लीग 3 जनवरी से चेन्नई में खेली जाएगी।

जूनियर खिलाड़ी इस बात से भली-भांति वाकिफ हैं कि यह लीग उनके करियर के लिहाज से बेहद अहम है। भारतीय सीनियर टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर करीबी नजर बनाए हुए हैं। इस बारे में बात करते हुए टूर्नामेंट में कुल पांच गोल दागने वाले दिलराज सिंह ने कहा,ल्लजूनियर वर्ल्ड कप में मेडल जीतना हमारे लिए शानदार अनुभव रहा, लेकिन अब सीनियर टीम में जगह बनाने के लिए हॉकी इंडिया लीग में अच्छा प्रदर्शन करना अगला बड़ा कदम है। यहां हम दुनिया भर के सीनियर खिलाड़ियों के साथ एक ही मंच पर खेलेंगे, ऐसे में अच्छा खेल दिखाना बेहद जरूरी है।

# लगातार तीसरे दिन कमजोरी के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, सेसेक्स और निफ्टी में ऊपरी स्तर से गिरावट

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार आज लगातार तीसरे दिन कमजोरी के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में थोड़ी तेजी और आई, लेकिन पहले 20 मिनट के कारोबार के बाद ही मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण इन दोनों सूचकांकों ने लाल निशान में गोता लगा दिया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.14 प्रतिशत और निफ्टी 0.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए।

आज दिनभर के कारोबार के दौरान मेटल, ऑयल एंड गैस और आईटी सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती रही। इसी तरह आईटी और टेक इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, रियल्टी, डिफेंस और एफएमसीजी सेक्टर के शेयरों में लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा। इसी तरह पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, बैंकिंग, ऑटोमोबाइल, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और हेल्थकेयर इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.53 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.85 प्रतिशत टूट कर आज के कारोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में डेढ़ लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 466.03 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 467.63 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 1.60 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।


उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

उप–मुख्य अभियन्ता/नि०–V/लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रोफॉर्मा पर मोहरबंद ई–निविदाएं **डबल/दो पैकेट** में आमंत्रित की जाती हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| **कार्य का नाम व स्थान** | "अमेठी–प्रतापगढ़–जंघई खंड में डबलिंग परियोजना से संबंधित शेष विभिन्न सिविल कार्यों का निष्पादन तथा फाफामऊ–ऊँचाहार डबलिंग कार्य के संबंध में ऊँचाहार में अधिकारी विश्राम गृह, अधीनस्थ विश्राम गृह एवं कैंप कार्यालय का निर्माण तथा अन्य संबंद्ध कार्य, जो उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के अंतर्गत उप मुख्य अभियंता/निर्माण–V/लखनऊ की इकाई के अधीन हैं।" | | |
| **कार्य पूरा करने की अवधि** | 12 (बारह) माह | | |
| **कार्य की अनुमानित लागत** | ₹2502.17 लाख | **धरोहर राशि** | ₹14,01,100/- |
| **ई–निविदा जमा करने की तारीख/समय एवं निविदा खुलने की तारीख** | निविदाएं दिनांक 12.01.2026 के 11:30 बजे तक IREPS के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड की जा सकती है तथा दिनांक 12.01.2026 को समय 11:30 बजे खोली जाएगी। | | |
| **विस्तृत निविदा सूचना व प्रपत्र** | विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र दिनांक 22.12.2025 से IREPS के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेंगे व दिनांक 29.12.2025 से 12.01.2026 तक ई–निविदा अपलोड की जा सकती है। | | |

**सं.: 15–टेंडर/उप–मुख्य अभियंता/नि०–V/लखनऊ**

**दिनांक: 16.12.2025**

3890/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

सीएम स्वरोजगार योजना के 3,848 लाभार्थियों के बैंक खातों में 33 करोड़ 22 लाख की धनराशि जारी

# सरकार का संकल्प है की युवा नौकरी ढूंढने वाला नहीं, बल्कि देने वाला बने : धामी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत बुधवार को ऑनलाइन माध्यम से राज्य के 3,848 लाभार्थियों के बैंक खातों में 33 .22 करोड़ रुपये की धनराशि स्थानांतरित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य

के युवाओं को नौकरी मांगने वाले के स्थान पर नौकरी देने वाला बनाने का प्रदेश सरकार का संकल्प दोहराया।

मुख्यमंत्री धामी यहां अपने सरकारी आवास पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना राज्य की उन प्रमुख योजनाओं में से एक है, जिसने वास्तविक रूप से पलायन को रोकने, रिवर्स माइग्रेशन को बढ़ावा देने और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका



निभाई है। राज्य सरकार का संकल्प है कि युवा नौकरी ढूंढने वाला नहीं, बल्कि नौकरी देने वाला बने।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड-19 के दौरान लौटे प्रवासी, युवा उद्यमी, कारीगर, हस्तशिल्पी एवं शिक्षित बेरोजगार इस योजना के प्रमुख लाभार्थी हैं। योजना के अंतर्गत राज्य के मूल और स्थायी निवासियों को विनिर्माण, सेवा एवं व्यापार क्षेत्र में राष्ट्रीयकृत, सहकारी एवं क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के माध्यम से ऋण सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। विनिर्माण इकाइयों के लिए 25 लाख रुपये तक और सेवा एवं व्यापार इकाइयों के लिए 10 लाख रुपये तक की परियोजना लागत अनुमन्य है। योजना के अंतर्गत परियोजना लागत का 15 से 25 प्रतिशत तक मार्जिन मनी उपादान (सब्सिडी) के रूप में प्रदान किया जा रहा है। योजना के अंतर्गत लगभग 32 हजार लाभार्थियों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया था, इस योजना से अब तक 35 हजार से अधिक लाभार्थी लाभान्वित हो चुके हैं। धामी ने कहा कि इस योजना के तहत अब तक 1,389 करोड़ से अधिक का ऋण वितरण किया गया है, जिससे लगभग 64,966 नए रोजगार सृजित हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रमाण है कि योजना केवल कागज़ों में नहीं, बल्कि धरातल पर सशक्त रूप से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने इसे छोटे व्यापारियों और आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रदेश के लिए इस योजना को ल्लगेम चेंजरङ्क बताया। उन्होंने कहा कि योजना की सफलता को देखते हुए वर्ष 2025 से मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना 2.0 प्रारंभ की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लाभार्थियों को सब्सिडी ऑनलाइन माध्यम से सीधे बैंक खातों में ट्रांसफर की गई है। यह सरकार की पारदर्शिता, टेक्नोलॉजी-आधारित और भ्रष्टाचार-मुक्त कार्यप्रणाली का प्रमाण है। मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना केवल एक योजना नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर उत्तराखंड की मजबूत नींव है। इस अवसर पर सचिव उद्योग विनय शंकर पांडेय, महानिदेशक उद्योग एवं एमडी सिडकुल डॉ. सौरभ गहरवार, उप सचिव शिव शंकर मिश्रा, उद्योग विभाग से अपर निदेशक मृत्युंजय सिंह, संयुक्त निदेशक अनुपम द्विवेदी, दीपक मुरारी, उप निदेशक महावीर सजवान, राजेंद्र कुमार, उद्योग मित्र अभिषेक नैनवाल व अनुराग गुप्ता मौजूद रहे।

# मानव वन्यजीव संघर्ष रोकने के लिए श्वेत पत्र जारी करे सरकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पौड़ी गढ़वाल । मानव वन्यजीव संघर्ष पर रोकथाम लगाने के लिए ठोस योजना बनाने की मांग को लेकर बुधवार को कांग्रेस ने प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल के नेतृत्व में रैली निकाली। इस दौरान एडीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजकर जल्द ठोस योजना बनाने की मांग की गई।

बुधवार को कांग्रेस ने नए बस स्टेशन से डीएम कार्यालय तक रैली निकाली। इस दौरान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि मानव वन्यजीव संघर्ष पर रोकथाम लगाने में सरकार नाकाम हो गई है। सरकार इस ओर ठोस कदम नहीं उठा पा रही है। इस दौरान गुलदार के हमले में मारे गए मृतकों व घायलों के परिजनों ने भी सरकार से ठोस कदम उठाने की मांग की। मां ग की कि गंभीर समस्या के समाधान के लिवए वैज्ञानिक, नीतिगत और दीर्घकालिक कदम उठाए जाएं।

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजकर वन विभाग द्वारा प्रत्येक रेंज में मानव-वन्य जीव संघर्ष को कम करने के लिए किए जा रहे प्रयासों को सार्वजनिक करने, श्वेत पत्र जारी करते हुए पिछले पांच वर्षों में मानव वन्य जीव संघर्ष निवारण के क्षेत्र में किए गए कार्यों को दिखाने, वन्य जीवों के हमले में मृत्यु होने पर पीड़ित परिवार को 25 लाख रुपए का मुआवजा दिए जाने व आश्रितों को वैकल्पिक रोजगार प्रदान करने, घायल व्यक्तियों को सम्पूर्ण चिकित्सा सुविधा व न्यूनतम 1 लाख रुपए का मुआवजा देने की मांग की।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष विनोद नेगी, राजेंद्र शाह, राजेश चमोली, सुंदरलाल मुयाल, राजपाल बिष्ट, विनोद दनोशी, पूनम कैंतुरा, कविंद्र इष्टवाल आदि शामिल रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध हथियार और गोला-बारूद की तस्करी मामले में मुख्य आरोपित पटना से गिरफ्तार

नई दिल्ली। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने उत्तर भारत के कई राज्यों में फैले अवैध हथियार और गोला-बारूद तस्करी मामले के मुख्य आरोपित कमलकांत वर्मा उर्फ अंकल जी को पटना से गिरफ्तार कर लिया। कमलकांत इस मामले में गिरफ्तार होने वाला 11वां आरोपित है।

एनआईए ने बताया कि कमलकांत वर्मा इस तस्करी सिंडिकेट में अहम भूमिका निभा रहा था। वह हरियाणा और अन्य जगहों के गन हाउस से अवैध रूप से गोला-बारूद की खरीद करता और उसे उत्तर प्रदेश, बिहार व अन्य हिस्सों में सप्लाई करता था। उसकी गिरफ्तारी इस मामले में बहुत महत्वपूर्ण है।

उल्लेखनीय है कि एनआईए ने 4 दिसंबर को उत्तर प्रदेश, बिहार और हरियाणा में 23 स्थानों पर छापेमारी की थी, जिसमें चार अन्य आरोपित रवि रंजन, शशि प्रकाश, विजय कालरा और कुश कालरा को गिरफ्तार कर उनके पास से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद जब्त किया था।

### देहरादून के 28 किसान हिमाचल में लेंगे कीवी और सेब उत्पादन का प्रशिक्षण

देहरादून। उत्तराखंड राज्य के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने बुधवार को अपने कैंप कार्यालय से जिला योजना के अंतर्गत जनपद देहरादून के 28 कृषकों के दल और दो उद्यान कार्मिकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह दल डॉ. वाईएस परमार कृषि एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणीऽसोलन (हिमाचल प्रदेश) में पांच दिवसीय सेब एवं कीवी उत्पादन प्रशिक्षण के लिए जा रहा है।

इस अवसर पर कृषि मंत्री जोशी ने कहा कि प्रदेश में सेब और कीवी जैसी उच्च मूल्य वाली फसलों की अपार संभावनाएं हैं। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों से कृषकों को आधुनिक तकनीक, उन्नत किस्मों, पौध संरक्षण एवं विपणन की जानकारी प्राप्त होगी, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कृषकों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। मंत्री ने विश्वास जताया कि प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटने के बाद कृषक अपने अनुभवों का लाभ अन्य किसानों को भी देंगे, जिससे जनपद एवं प्रदेश में बागवानी को नई दिशा मिलेगी।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले जनपद देहरादून के 56 कृषकों को संरक्षित खेती (पाली हाउस) के प्रशिक्षण के लिए पंतनगर विश्वविद्यालय भेजा जा चुका है।

### घायल कर्मचारी की कंपनी ने नहीं दी मदद, भीम आर्मी ने किया प्रदर्शन

हरिद्वार। सिडकुल की टेक्टो कंपनी में घायल हुए कर्मचारी का इलाज करने की बजाय कंपनी प्रबंधन ने उसे लावारिस छोड़ दिया। कंपनी प्रबंधन के रवैये को देखते हुए भीम आर्मी ने बुधवार को कंपनी के गेट पर धरना प्रदर्शन कर हंगामा काटा। सिडकुल पुलिस ने मौके पर स्थिति को संभाला। मामला कुछ दिन पुराना बताया जा रहा है। कंपनी में कार्यरत एक कर्मचारी शंकर कार्य करते वक्त चोटिल हो गया था, जिसे उस वक्त इलाज के लिए ले जाया गया। उसके बाद कंपनी ने पलटकर घायल कर्मचारी की सुध तक नहीं ली।

यह जानकारी मिलने पर भीमआर्मी की अगुवाई में परिजनों व कार्यकर्ताओं ने कंपनी के मुख्यद्वार पर पहुंचकर हंगामा करते हुए धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। हंगामे की खबर मिलते ही सिडकुल पुलिस मौके पर पहुंची।

प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि फैक्ट्री प्रबंधन ने घायल कर्मचारी का इलाज करना जरूरी नहीं समझा बल्कि उसे मरने के हालात में छोड़ दिया। आरोप है कि कर्मचारी के परिजनों ने कई बार फैक्ट्री प्रबंधन को इलाज के लिए करने के लिए संपर्क किया लेकिन प्रबंधन ने कोई ध्यान नहीं दिया।

### सोशल मीडिया पर पत्रकार को मिली धमकी

अररिया । जिले के रानीगंज थाना क्षेत्र के घरबंदा कोसीसरन वार्ड संख्या 8 के रहने वाले दिलखुश झा पिता सुमन झा को सोशल मीडिया के फ़ेसबुक पर जान मारने की धमकी मिली है। जान मारने की धमकी संतोष कुमार नामक फ़ेसबुक आईडी से दिया गया है,जिसको लेकर पीड़ित पत्रकार दिलखुश झा ने रानीगंज थानाध्यक्ष को आवेदन देकर सुरक्षा की गुहार लगायी है। पत्रकार ने धमकी देने वाले संतोष कुमार फ़ेसबुक आईडी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।संतोष कुमार के फ़ेसबुक आईडी से चार कमेंट कर धमकी दी गई है। मामले को लेकर रानीगंज थानाध्यक्ष रविरंजन सिंह ने आवेदन मिलने की बात करते हुए जांच कर कार्रवाई करने की बात कही।

### ऑपरेशन रिकवरी के तहत पुलिस ने खोए मोबाइल लौटाए

हरिद्वार। आपरेशन रिकवरी के तहत शहर कोतवाली पुलिस ने लोगों के चेहरों पर खोई मुस्कान उनके खोए हुए मोबाइल फाने को ढूढ़कर उन्हें वापस देकर लौटाई। अपने मोबाइल मिलने की आस खो बैठे लोगों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया। एसएसपी हरिद्वार प्रमेन्द्र सिंह डोबाल द्वारा ऑपरेशन रिकवरी के तहत खोए हुए मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए गठित सीईआईआर पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे। कोतवाली नगर पुलिस द्वारा सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से खोए हुए 100 मोबाइल फोन की रिकवरी की गयी, जिनकी कीमत लगभग पचास लाख रुपये है।

खोये हुए मोबाइल फोन उत्तराखण्ड सहित उत्तर प्रदेश, गुजरात, तमिलनाडु, केरल, पश्चिम बंगाल, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा आदि अन्य राज्यों से एवं एक मोबाइल फोन को अन्य देश हॉग कॉग से बरामद किया गया। बरामद मोबाइल फोन में से 26 मोबाईल फोनों के मोबाइल स्वामी पश्चिम बंगाल, गुजरात, उप्र (सीतापुर, लखीमपुर खीरी, कन्नौज, बनारस), बिहार, तमिलनाडु आदि राज्यो के अधिक दूर होने के कारण अपना फोन लेने के लिये नगर कोतवाली हरिद्वार नहीं आ पाए जिनके मोबाईल फोनों को कोरियर सर्विस के माध्यम से मोबाईल स्वामियों तक पहुंचाए जाएंगे।

# पाबौ में फ्लोरीकल्चर को मिली नयी उड़ान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून । मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की किसान-हितैषी एवं सहकारिता आधारित नीतियां अब केवल योजनाओं तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि उनका प्रत्यक्ष प्रभाव भी दिखने लगा है। जनपद पौड़ी गढ़वाल के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र के विकासखंड पाबौ में ढिकवाली की साधन सहकारी समिति ने इस वर्ष पहली बार संयुक्त सहकारी खेती के तहत फ्लोरीकल्चर की शुरुआत की है।

अक्टूबर माह से प्रारंभ हुई इस अभिनव पहल में किसानों की सामूहिक भागीदारी ने खेती को परंपरागत ढर्रे से निकालकर आयवर्धक और व्यावसायिक संभावनाओं की ओर मोड़ा है। परियोजना के अंतर्गत अब तक गुलदावरी के 1190 बंच एवं ग्लेडियस के 2630 बंच की कटिंग कर दिल्ली और देहरादून की मंडियों में विपणन किया गया, जिससे समिति को 3.52



लाख की आय प्राप्त हुई है। वर्तमान में भी फूलों की कटिंग एवं विक्रय का कार्य निरंतर जारी है। इस संयुक्त सहकारी खेती से 41 किसान जुड़े हैं, जो 183 नाली भूमि में फ्लोरीकल्चर कर रहे हैं। प्रथम चरण में 50 नाली भूमि पर गुलदावरी एवं ग्लेडियस की खेती की गई, जिसने परियोजना की मजबूत नींव रखी है। किसानों का उत्साह और बाजार से मिल रही सकारात्मक प्रतिक्रिया इस प्रयास को और सशक्त बना रहा है।

परियोजना को गति देने के लिए सहकारिता विभाग की संचालित राज्य समिति सहकारी विकास परियोजना के अंतर्गत 7.57 लाख की वित्तीय सहायता प्रदान की गयी। आगामी चरण में फरवरी 2026 से 150 नाली भूमि में ग्लेडियस, सूरजमुखी एवं गुलदावरी के प्लांटेशन की योजना प्रस्तावित है, जिसकी तैयारियां प्रारंभ हो चुकी हैं।

जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया ने बुधवार को इस पहल की सराहना करते हुए बताया कि जब किसानों को सहकारिता के माध्यम से सरकारी सहयोग, तकनीकी मार्गदर्शन और बाजार से जोड़ा जाता है, तो ग्रामीण अर्थव्यवस्था में उल्लेखनीय बदलाव संभव है। उन्होंने कहा कि सहकारिता, नवाचार और सरकारी सहयोग के समन्वय से पर्वतीय क्षेत्रों में भी खेती को लाभकारी बनाकर ग्रामीण आजीविका के नए द्वार खोले जा सकते हैं। जिला प्रशासन ऐसे नवाचारों को निरंतर प्रोत्साहित करता रहेगा, ताकि किसानों की आय में स्थायी वृद्धि हो और गांव आत्मनिर्भर बनें।

### जोगबनी में 27 जनवरी से होगा अमन मिश्र मेमोरियल इंडो- नेपाल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

अररिया । जिले के जोगबनी हाई स्कूल मैदान में क्रिकेटर अमन मिश्रा मेमोरियल इंडो-नेपाल टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 27 जनवरी से किया जाएगा। 6 फरवरी को फाइनल मैच होगा । बुधवार को जोगबनी के व्यवसायियों और आयोजक क्लब के कार्यसमिति सदस्यों की मौजूदगी में इंडो नेपाल टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट को ऐतिहासिक बनाने का निर्णय लिया गया। टूर्नामेंट में पटना,बनारस,जनकपुर नेपाल , विराटनगर नेपाल,मुजफ्फरपुर , दरभंगा,पूर्णिया,अररिया आदि दर्जनों बड़े टीम को बुलाने का निर्णय लिया गया।

उल्लेखनीय हो कि अररिया जिला क्रिकेट के अंडर 16 खिलाड़ी रहे क्रिकेटर अमन मिश्रा का 6 फरवरी को सड़क दुर्घटना में निधन होने के बाद ही हाई स्कूल के मैदान में हर वर्ष अमन मिश्रा मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजन करने का निर्णय लिया था, जिसमें स्थानीय विधायक सहित समाज के हर तबका ने अपना समर्थन और सहयोग देने की बात कही थी ।

# पथरी से गायब हुए चार नाबालिग अंबाला से बरामद

हरिद्वार। थाना पथरी क्षेत्र से लापता हुए चार नाबालिग बच्चों को पथरी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई और मैनुअल पुलिसिंग के जरिए अंबाला कैंट से सकुशल बरामद कर लिया है। बच्चों के सुरक्षित मिलने से जहां परिजनों ने राहत की सांस ली, वहीं पुलिस की सक्रियता की सराहना हो रही है। जानकारी के अनुसार 15 दिसंबर को शहजाद पुत्र मंजूर निवासी ग्राम अलावलपुर, थाना पथरी ने थाने में तहरीर दी कि उनका 15 वर्षीय नाबालिग पुत्र अपने तीन अन्य नाबालिग साथियों के साथ बिना बताए घर से चला गया है। काफी तलाश के बाद भी जब बच्चों का कोई सुराग नहीं मिला तो पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तत्काल कार्रवाई शुरू की। चारों बच्चों के नाबालिग होने और किसी के पास मोबाइल फोन न होने के चलते मामला बेहद संवेदनशील था। पुलिस ने बिना समय गंवाए अलग-अलग टीमें गठित कीं और सैकड़ों सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालते हुए मैनुअल पुलिसिंग के जरिए लगातार सुराग जुटाए।

जांच में खुलासा हुआ कि चारों बच्चे अलावलपुर स्थित एक मदरसे में साथ पढ़ते थे। पढ़ाई में मन न लगने के कारण वे बिना बताए ऐथल रेलवे स्टेशन से ट्रेन में सवार होकर निकल गए। तकनीकी और मानवीय सूचनाओं के आधार पर पुलिस ने उनकी लोकेशन ट्रेस की और अंबाला कैंट से सभी बच्चों को सकुशल बरामद कर लिया। थानाध्यक्ष मनोज नौटियाल ने बताया कि बच्चों को सुरक्षित बरामद कर उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। पूछताछ में बच्चों ने बताया कि पढ़ाई में मन न लगने के कारण वे घर से निकल गए थे।

# राज्यस्तरीय वन कर्मियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरु

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पश्चिम चंपारण (बगहा)। संपूर्ण भारत में शुरू हो रहे शाकाहारी एवं मांसाहारी वन्य जीवों की गणना को लेकर बिहार राज्यस्तरीय वन कर्मियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण की शुरुआत बुधवार से वन विभाग के ऑडियो-वीडियो हॉल के सभागार में किया गया।जिसका समापन गुरुवार को होगा।

इस राज्यस्तरीय प्रशिक्षण में राज्य के चार जिला कैमूर,रोहतास,मुंगेर और पश्चिमी चंपारण के वनकर्मी जिसमें एसीएफ,रेंजर,वनपाल और वनरक्षी है, को वन्यजीव के गणना को लेकर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए वन विभाग के फील्ड डायरेक्टर सह वन संरक्षक सह क्षेत्र निदेशक डॉ नेशा मणि के ने बताया कि इस प्रशिक्षण में राज्य भर के लगभग 70 वन कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य वन्यजीवों के गणना के तौर तरीके,पग मार्क से जानवरों की पहचान,ट्रैप कैमरा लगाना तथा उससे पहचान के तरीके,प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जानवरों की पहचान,कैमरा चलाना,ट्रांजिट लाइन सहित कई अन्य टेक्निकल जानकारियां दी जा रही है।साथ ही वन क्षेत्र में जाकर भी इन्हें प्रशिक्षण दिया जाएगा।साथ ही सीएफ ने बताया कि इस बार बाघ सहित अन्य सभी शाकाहारी व मांसाहारी जानवरों की गणना की जाएगी।जिसके लिए डेटा कलेक्ट करने तथा जानवरों के रख रखाव के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी जा रही है।

इस प्रशिक्षण को विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा दिया जा रहा है।जानकारी हो,कि प्रत्येक चार वर्ष पर पुरे देश में एनटीसीए के द्वारा बाघों की गणना करायी जाती है। पिछले सत्र का गणना उत्साहवर्धक होने के कारण वाल्मीकि टाइगर रिजर्व के अधिकारी इस बार भी बेहतर परिणाम को लेकर उत्साहित हैं।

इस अवसर पर वन प्रमंडल 2 के डीएफओ विकास अहलावत, वाल्मीकि नगर रेंजर अमित कुमार,डिविजन दो और एक के फील्ड बायोलॉजिस्ट शौरभ वर्मा,पंकज ओझा, एसीएफ मुंगेर सत्यम कुमार,डब्ल्यू डब्ल्यू एफ इंडिया के प्रबंधक अहवर आलम,वनपाल आशीष कुमार सहित कई वन कर्मी मौजूद रहे।


# अब जेल में कैदी ले सकेंगे उच्च शिक्षा, मुक्त विवि और जेल प्रशासन ने किया एमओयू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार । जिला कारागार प्रदेश में कई मायनों में आदर्श कारागार बना हुआ है। अब यहां कैदियों को आजीविका के लिए आत्मनिर्भर बनाने के साथ ही उन्हें शैक्षिक रूप से सक्षम बनाने की तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। बुधवार को जिला कारागार हरिद्वार में उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय (यूओयू) एवं जिला कारागार प्रशासन के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस एमओयू के माध्यम से कारागार परिसर में ही कैदियों के लिए विशेष अध्ययन केंद्र की स्थापना की जाएगी, जिससे अब जेल में निरुद्ध कैदी भी उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। एमओयू पर उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. खेमराज भट्ट एवं हरिद्वार जिला कारागार के वरिष्ठ जेल



अधीक्षक मनोज आर्या ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी, सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ. बृजेश बनकोटी सहित विश्वविद्यालय एवं कारागार प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय प्रदेश के सुदूर एवं वंचित क्षेत्रों तक उच्च शिक्षा पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि शिक्षा से कोई भी व्यक्ति वंचित न रहे, इसी उद्देश्य से अब जेल में बंद कैदियों तक भी उच्च शिक्षा पहुंचाई जा रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस पहल से कैदियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आएगा और वे समाज की मुख्यधारा से जुड़कर बाहर आने के बाद अपने जीवन को नई दिशा दे सकेंगे। अब जेल की चहारदीवारी के भीतर रहते हुए भी कैदी अपनी पढ़ाई जारी रख सकेंगे। वरिष्ठ जेल अधीक्षक मनोज आर्या ने कहा कि शिक्षा प्राप्त करना हर व्यक्ति का मौलिक अधिकार है। उपेक्षित वर्ग तक उच्च शिक्षा पहुंचाना बड़ी चुनौती है। हरिद्वार जिला कारागार में अध्ययन केंद्र की स्थापना से कैदियों को शिक्षा का लाभ मिलेगा, जिससे उनके जीवन में ज्ञान का प्रकाश फैलेगा और वे अपने शेष जीवन में आगे बढ़ सकेंगे।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063